सूर्योदय 6:49 सूर्यास्त 6:18

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 8.0 न्यू | 17.0 अधि |
| धर्मशाला | 11.0 न्यू | 20.0 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,287.19 |
| निफ्टी | 25,178.65 |
| सोना 1,59,700 | चांदी 2,61,400 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शनिवार, 28 फरवरी 2026 | 17 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 62, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### बंगाल में 5.3 तीव्रता के भूकंप के झटके

**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता सहित कई जिलों में शुक्रवार दोपहर करीब 1.30 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। जानकारी के मुताबिक, भूकंप का केंद्र बांग्लादेश के ढाका स्थित अगरगांव में था। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.3 मापी गई। पश्चिम बंगाल से अगरगांव की दूरी लगभग 26 किलोमीटर बताई जा रही है। झटके इतने तेज थे कि कोलकाता में बहुमंजिला इमारतें कुछ सेकेंड तक हिलती रहीं। अचानक कंपन महसूस होते ही लोग घरों और दफ्तरों से बाहर निकल आए। कोलकाता के अलावा हावड़ा, हुगली, झाड़ग्राम और पश्चिम मेदिनीपुर जिलों में भी लोगों के बीच दहशत का माहौल बन गया। (अनंत ज्ञान)

### अविमुक्तेश्वरानंद की गिरफ्तारी पर रोक

**एजेंसी, प्रयागराज।** उच्च न्यायालय ने पॉक्सो एक्ट में दर्ज एफआईआर मामले में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को फिलहाल राहत मिल गई है। शुक्रवार को न्यायालय ने अग्रिम जमानत पर सुनवाई के बाद अपना आदेश रिजर्व कर लिया है, लेकिन आदेश आने तक उनकी गिरफ्तार पर रोक लगा दी है। दरअसल, पॉक्सो एक्ट में दर्ज मुकदमे में गिरफ्तारी से बचने के लिए शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत अर्जी पेश की थी। शुक्रवार को उनकी याचिका पर सुनवाई हुई और उच्च न्यायालय ने अविमुक्तेश्वरानंद की अगली सुनवाई तक गिरफ्तारी पर रोक लगाते हुए आदेश को सुरक्षित कर लिया है। (अनंत ज्ञान)

### मुंबई में विदेशी महिला से छेड़छाड़, वीडियो वायरल

**एजेंसी, मुंबई।** महाराष्ट्र के मुंबई में एक विदेशी महिला यात्री के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। महिला ने घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा कर दो लोगों पर आरोप लगाए हैं। मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस ने दोनों संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी है। यह घटना दक्षिण मुंबई में हुई, जहां दो अज्ञात व्यक्तियों पर कथित तौर पर महिला का पीछा करने और बार-बार मना करने के बावजूद तस्वीरें लेने का प्रयास करने का आरोप है। पीड़िता की पहचान इनस फरीया के रूप में हुई है, जो एक यूट्यूबर हैं। फरीया पिछले दो महीनों से भारत की यात्रा कर रही हैं। (अनंत ज्ञान)

### मणिपुर में 24 घंटे में 6 उग्रवादी गिरफ्तार

**एजेंसी, इंफाल।** मणिपुर में पिछले 24 घंटों के दौरान चलाए गए धरपकड़ अभियान के दौरान विभिन्न उग्रवादी संगठनों के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। सुरक्षा बलों ने पहले अभियान में थोकचोम राज सिंह को गिरफ्तार किया। दूसरे अभियान में केसीपी (पीएससी) के एक सक्रिय कैडर पृथ्वीराज मोइरंगथेम को गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार अन्य अभियानों में थिंगोम महेनजीत सिंह और न्गांगबाम डेरिक सिंह, मोइरंगथेम जेनसन सिंह उर्फ अहेनबा उर्फ नाओबी और लोंगजाम याइफाबा एंगोम उर्फ नानाओ को गिरफ्तार किया है। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- हमीरपुर मेडिकल कॉलेज पर 800 करोड़ होंगे खर्च: सीएम -पेज 3
- बनखंडी जू के प्रथम चरण का 40 प्रतिशत कार्य पूरा -पेज 4
- अटल टनल सहित चोटियों में गिरे बर्फ के फाहे -पेज 11
- सोलन से लोहे के चैनल चोरी करने वाले पिंजौर में गिरफ्तार -पेज 12


# द्रौपदी मुर्मू फाइटर हेलिकॉप्टर 'प्रचंड' में उड़ान भरने वाली पहली राष्ट्रपति

**एजेंसी, जैसलमेर**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को जैसलमेर एयरफोर्स स्टेशन से स्वदेशी लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर प्रचंड में उड़ान भरी। वे हेलिकॉप्टर प्रचंड में बतौर को-पायलट उड़ान भरने वाली देश की पहली राष्ट्रपति हैं। राष्ट्रपति ने उड़ान के दौरान हेलिकॉप्टर के कॉकपिट से सैल्यूट किया। राष्ट्रपति मुर्मू इससे पहले लड़ाकू विमान सुखोई और राफेल में उड़ान भरने वाली देश की पहली राष्ट्रपति बनी थीं।

राष्ट्रपति मुर्मू सुबह करीब 9:15 बजे जैसलमेर वायुसेना स्टेशन पहुंची थीं। सेना के अधिकारियों ने उन्हें हेलिकॉप्टर के बारे में ब्रीफिंग दी। इसके बाद राष्ट्रपति हेलिकॉप्टर के कॉकपिट में बैठीं।

**◆ उड़ान के दौरान हेलिकॉप्टर के कॉकपिट से किया सैल्यूट**

फिर सुबह करीब 10.15 बजे ग्रुप कैप्टन एनएस बहुआ के साथ हेलिकॉप्टर में उड़ान भरी। हेलिकॉप्टर में 25 मिनट उड़ान के दौरान राष्ट्रपति ने सीमावर्ती क्षेत्रों और पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज का हवाई जायजा लिया।

जैसलमेर के सोनार दुर्ग के ऊपर 'प्रचंड' हेलिकॉप्टर में उड़ान भरते हुए राष्ट्रपति ने रेडियो के माध्यम से देश के नाम संदेश दिया। (अनंत ज्ञान)

# कांपेंगे भारत के दुश्मन, युद्धपोत 'अंजदीप' नौसेना में शुमार

## उथले पानी में काम करने की क्षमता वाले आठ पनडुब्बी रोधी युद्धपोतों की श्रृंखला का तीसरा युद्धपोत

**एजेंसी, चेन्नई**

भारतीय नौसेना की समंदर में ताकत बढ़ चुकी है। नौसेना को एक और पनडुब्बी रोधी युद्धपोत अंजदीप मिल गया है। उथले पानी में काम करने की क्षमता वाले आठ पनडुब्बी रोधी युद्धपोतों की श्रृंखला का यह तीसरा युद्धपोत 27 फरवरी को चेन्नई में नौसेना में शामिल किया गया। इस समारोह में नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी शामिल हुए।




यह जहाज कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) ने स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित किया है। 77 मीटर लंबे इस जहाज में एक हाई-स्पीड वाटर-जेट प्रोपल्शन सिस्टम लगा है, जो इसे त्वरित प्रतिक्रिया और निरंतर संचालन के लिए 25 समुद्री मील की अधिकतम गति प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। नौसेना ने कहा कि कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स द्वारा निर्मित, आईएनएस अंजदीप एक अत्याधुनिक पोत है जिसे विशेष रूप से तटीय युद्ध वातावरण की चुनौतियों का सामना करने के लिए डिजाइन किया गया है। अंजदीप नाम कर्नाटक के कारवार तट के पास स्थित अंजदीप द्वीप के नाम पर रखा गया है। यह युद्धपोत 80 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री के साथ बना है। (अनंत ज्ञान)

**'डॉल्फिन हंटर' के रूप में किया गया डिजाइन**

**पनडुब्बी** रोधी युद्धपोत अंजदीप को 'डॉल्फिन हंटर' के रूप में कार्य करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य तटीय क्षेत्रों में दुश्मन की पनडुब्बियों का पता लगाना, उनका पीछा करना और उन्हें नष्ट करना है। यह पोत स्वदेशी, अत्याधुनिक पनडुब्बी रोधी युद्ध प्रणाली से लैस है। चेन्नई बंदरगाह पर आयोजित एक आधिकारिक समारोह में एडमिरल त्रिपाठी ने नौसेना के वरिष्ठ अधिकारियों, सरकारी अधिकारियों और अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में औपचारिक रूप से जहाज को कमीशन किया।

# विदेश जाएंगे हिमाचल के डॉक्टर्स : सीएम

## मुख्यमंत्री ने आईजीएमसी शिमला में तीन टेस्ला एमआरआई मशीनों का किया शुभारंभ

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश के सभी चिकित्सा महाविद्यालयों के विशेषज्ञ डॉक्टरों के लिए देश और विदेश के अग्रणी चिकित्सा संस्थानों में अध्ययन भ्रमण आयोजित करने के निर्देश दिए, ताकि वे नवीनतम तकनीक और उपचार पद्धतियों से अवगत हो सकें। यह बात उन्होंने शुक्रवार को इंदिरा गांधी चिकित्सा महाविद्यालय शिमला में कही। उन्होंने प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए ने लगभग 23 करोड़ रुपए की लागत से स्थापित अत्याधुनिक 3 टेस्ला एमआरआई मशीन का शुभारंभ भी किया।

इस उच्च क्षमता वाली मशीन के स्थापित होने से अब प्रदेशवासियों को जटिल और सूक्ष्म जांच के लिए अन्य राज्यों का रुख नहीं करना पड़ेगा, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी। उन्होंने आईजीएमसी में निर्माणाधीन विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्हें समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश भी प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आईजीएमसी में लगभग दो दशक पूर्व स्थापित पुरानी एमआरआई मशीन को अब नवीनतम तकनीक से बदल दिया गया है। इसी श्रेणी की उच्च स्तरीय मशीन का उपयोग अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान नई दिल्ली में भी किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार व्यवस्था परिवर्तन के संकल्प के साथ स्वास्थ्य संस्थानों में उन्नत तकनीक उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि चिकित्सा महाविद्यालय टांडा, शिमला, हमीरपुर, नेरचौक और चमियाणा अस्पताल में भी आधुनिक चिकित्सा तकनीक को चरणबद्ध ढंग से सुदृढ़ किया जा रहा है। सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए तीन हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि व्यय कर रही है, ताकि आमजन को अपने ही राज्य में गुणवत्तापूर्ण और विश्वसनीय उपचार उपलब्ध हो सके। मुख्यमंत्री ने चिकित्सा विशेषज्ञों से संवाद करते हुए कहा कि आईजीएमसी के ऑर्थोपैडिक विभाग को विश्व स्तरीय मानकों के अनुरूप उन्नत किया जाएगा। यहां शीघ्र ही रोबोटिक ऑर्थोपैडिक और स्पाइन शल्य चिकित्सा आरम्भ करने की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है। इसके अतिरिक्त मेडिसिन, बाल रोग तथा श्वसन रोगों के लिए अत्याधुनिक गहन चिकित्सा कक्ष स्थापित किए जाएंगे।



सीएम सुक्खू आईजीएमसी में टेस्ला एमआरआई मशीन का शुभारंभ करते हुए। अनंत ज्ञान

**◆ कहा-स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूत करने पर व्यय किए जा रहे 3 हजार करोड़**

### बाहरी राज्य की पुलिस बिना सूचना के कार्रवाई नहीं कर सकती : मुख्यमंत्री

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने दिल्ली पुलिस और हिमाचल पुलिस के बीच उपजे विवाद पर दोटूक शब्दों में कहा कि हिमाचल प्रदेश की अपनी संवैधानिक गरिमा और संप्रभुता है, जिसे किसी भी सूरत में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने स्पष्ट किया कि बाहरी राज्य की पुलिस यदि प्रदेश में कोई कार्रवाई करती है तो उसे विधिसम्मत प्रक्रिया का पालन करना अनिवार्य है। बिना स्थानीय पुलिस को सूचित किए किसी व्यक्ति को उठाकर ले जाना न तो उचित है और न ही स्वीकार्य। उन्होंने उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया का उल्लेख करते हुए कहा कि संबंधित थाने और राज्य पुलिस को पूर्व सूचना देना आवश्यक था। यदि समुचित संवाद और तालमेल होता तो ऐसी स्थिति उत्पन्न ही नहीं होती। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार ने दिल्ली पुलिस से पारगमन अभिरक्षा आदेश प्रस्तुत करने को कहा है। संबंधित स्थल से निगरानी कैमरों का अभिलेख भी प्राप्त किया गया है, किंतु रिसोर्ट संचालक को इसकी जानकारी न दिया जाना कई प्रश्न खड़े करता है। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि हिमाचल की धरती पर किसी प्रकार की धक्का-शाही स्वीकार नहीं की जाएगी और कानून की मर्यादा में रहकर ही कार्रवाई होनी चाहिए। विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर पर निशाना साधते हुए कहा कि यह विषय राजनीति का नहीं, बल्कि प्रदेश की अस्मिता का है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यहित सर्वोपरि है और उसकी अवहेलना किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी।

**◆ बोले-हिमाचल की संप्रभुता से कोई समझौता नहीं**

# कनाडाई पीएम कार्नी चार दिन के दौरे पर भारत पहुंचे



**एजेंसी, नई दिल्ली।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी शुक्रवार को 4 दिन के दौरे पर भारत पर पहुंच गए हैं। इस दौरे का मकसद भारत और कनाडा के बीच व्यापार, ऊर्जा, तकनीक और रक्षा जैसे क्षेत्रों में नए साझेदारी को मजबूत करने पर फोकस करना है। प्रधानमंत्री के तौर पर मार्क कार्नी का यह पहला भारत दौरा है। कनाडा में निवेश को बढ़ावा देने के लिए कार्नी मुंबई में बिजनेस लीडर्स से मुलाकात करेंगे। इस दौरान इंफ्रास्ट्रक्चर, क्लीन एनर्जी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग में निवेश पर चर्चा होगी। कार्नी की भारत यात्रा से पहले कनाडा के अधिकारी अब भारत पर लगाए गए कुछ गंभीर आरोपों से पीछे हटते नजर आ रहे हैं। पहले कनाडा ने आरोप लगाया था कि भारत उसकी जमीन पर हस्तक्षेप कर रहा है और सीमापार दबाव जैसी गतिविधियों में शामिल है। सीटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक, एक वरिष्ठ कनाडाई अधिकारी ने कहा कि अगर कनाडा को लगता कि भारत उसकी लोकतांत्रिक प्रक्रिया में दखल दे रहा है, तो प्रधानमंत्री भारत की यात्रा नहीं करते। (अनंत ज्ञान)

**◆ व्यापार, ऊर्जा, तकनीक रक्षा क्षेत्र पर रहेगा फोकस**

# हमारे आदेश का नहीं कर सकते उल्लंघन : सुप्रीम कोर्ट

## पश्चिम बंगाल में चल रही एसआईआर प्रक्रिया पर सुनवाई के दौरान की सख्त टिप्पणी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि न तो चुनाव आयोग और न ही राज्य सरकार हमारे आदेशों का उल्लंघन करेगी।

सुप्रीम कोर्ट में पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से बताया गया कि चुनाव आयोग ने राज्य में मतदाता सूचियों के एसआईआर में तैनात न्यायिक अधिकारियों के लिए एक प्रशिक्षण मॉड्यूल जारी किया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर टिप्पणी की कि वह अपने न्यायिक अधिकारियों को जानता है और वे किसी भी चीज से प्रभावित नहीं होंगे। पश्चिम बंगाल सरकार और चुनाव आयोग के बीच चल रहे गतिरोध से निराश होकर शीर्ष अदालत ने 20 फरवरी को एक 'असाधारण' निर्देश जारी किया।

**◆ चुनाव आयोग और राज्य सरकार दोनों को मानने होंगे आदेश**

इसमें राज्य में विवादित मतदाता सूचियों की एसआईआर में चुनाव आयोग की सहायता के लिए सेवारत और पूर्व जिला न्यायाधीशों को तैनात करने का निर्देश दिया गया। न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची ने कहा कि हमारे आदेश बिलकुल स्पष्ट हैं। पीठ ने कहा कि न तो चुनाव आयोग और न ही राज्य सरकार इस मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित आदेशों से आगे जाएगी। (अनंत ज्ञान)

**कहा- एसआईआर बारे न्यायिक अधिकारी ही लेंगे फैसला**

**पश्चिम** बंगाल की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिबल ने मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ के सामने कहा, 'चुनाव आयोग ने पीठ पीछे न्यायिक अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। एक प्रशिक्षण मॉड्यूल जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि उन्हें क्या स्वीकार करना चाहिए और क्या नहीं।' इस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि राज्य में इस प्रक्रिया के लिए तैनात न्यायिक अधिकारी इस संबंध में फैसले लेंगे। सीजेआई ने कहा, 'हम इस तरह की बातें बर्दाश्त नहीं कर सकते। इसका अंत होना चाहिए। हम अपने न्यायिक अधिकारियों को जानते हैं और वे किसी भी चीज से प्रभावित नहीं हो सकते।' इसके साथ सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अदालत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि किन दस्तावेजों की जांच की जानी है।


# तमिलनाडु में एक फेज में होगा चुनाव

**एजेंसी, चेन्नई।** चीफ इलेक्शन कमिश्नर ज्ञानेश कुमार ने तमिलनाडु विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर चेन्नई में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कॉन्फ्रेंस ने शुक्रवार को कहा कि तमिलनाडु में एक फेज में ही चुनाव होगा। उन्होंने कहा कि इसपर आखिरी फैसला जल्द करेंगे। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु इलेक्शन में रिकॉर्ड बनाएगा और बिहार से बहुत बेहतर होगा। उन्होंने राज्य के सभी वोटरों से आने वाले विधानसभा चुनावों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि हाल ही में राज्य में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) कराया गया है। इसके बाद वर्तमान में यहां 5 करोड़ 67 लाख वोटर हैं। यहां 75,000 पोलिंग स्टेशन होंगे, जिनमें से 44,000 ग्रामीण इलाकों में होंगे। ट्रांसपेरेंसी पक्का करने के लिए हर पोलिंग बूथ पर 100% वेबकास्टिंग होगी। चुनाव आयोग ने सोमवार को स्पेशल इंटेंसिव रिविजन के तहत तमिलनाडु की फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश कर दी थी। (अनंत ज्ञान)

# शराब घोटाला मामले में केजरीवाल-सिसोदिया बरी

**एजेंसी, नई दिल्ली**





शराब घोटाला मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को सीबीआई केस में बरी कर दिया है। कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि दोनों के खिलाफ सबूत नहीं है, आरोप साबित नहीं होता। सीबीआई ने साजिश की रचने की कोशिश की, लेकिन उसका सिद्धांत ठोस सबूतों की जगह अनुमान पर था। इस मामले में सीबीआई ने कुल 23 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। स्पेशल जज जितेंद्र सिंह ने सभी के खिलाफ आरोप तय करने से इनकार करते हुए सभी को बरी कर दिया।

बरी होने के बाद कोर्ट से बाहर मीडिया से बातचीत के दौरान केजरीवाल भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि मैंने जिंदगी में सिर्फ ईमानदारी कमाई है। इन्होंने झूठा केस लगाया। आज यह साबित हो गया कि केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और आम आदमी पार्टी कट्टर ईमानदार हैं।

वहीं, कोर्ट के फैसले पर मनीष सिसोदिया ने कहा कि हमें एक बार फिर गर्व हो रहा हैं अपने संविधान पर और बीआर अंबेडकर पर, जिन्होंने हमें ऐसा संविधान दिया। सच की फिर से जीत हुई है। (अनंत ज्ञान)

**◆ राउज एवेन्यू कोर्ट ने कहा मामले में सीबीआई ने की साजिश रचने की कोशिश**

**रिपोर्ट** न्यूज, ट्रेवल और शिक्षा जैसे क्षेत्रों के लिए एआई सबसे बड़ी चुनौती

# एआई से अमीर देशों को मिलेगा सबसे ज्यादा फायदा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस अब सिर्फ तकनीक नहीं, यह दुनिया के कारोबार, नौकरियों और समाज को बुनियादी रूप से बदल रहा है। बीसीजी-मोलोको की एक रिपोर्ट बताती है कि न्यूज, ट्रेवल और शिक्षा जैसे क्षेत्रों के लिए एआई सबसे बड़ी चुनौती है, क्योंकि चैटजीपीटी जैसे टूल्स अब सीधे ग्राहक और ब्रांड के बीच आ गए हैं।

ये टूल जो कंपनियां अपना डेटा और ग्राहक संबंध मजबूत नहीं करेंगी, वे पिछड़ जाएंगी। मूडीज की रिपोर्ट कहती है कि एआई से दुनिया की उत्पादकता यानी काम करने की क्षमता सालाना औसतन 1.5% बढ़ेगी। हालांकि, इसमें चेतावनी भी है कि यह फायदा सबको बराबर नहीं मिलेगा। अमीर देश ज्यादा फायदे में रहेंगे। एआई की वजह से महिलाएं, युवा और कम पढ़े-लिखे लोग सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे।



**◆ एआई से सालाना 1.5% बढ़ेगी दुनिया की उत्पादन क्षमता**

अमीर देशों में एआई से 30% जॉब बेहतर होंगी। 30% की जगह एआई ले लेगा। 40% पर अभी कम खतरा है।

वहीं, विकासशील देशों में 16% जॉब बेहतर होंगी। 24% रिप्लेस होंगी। 60% पर कम खतरा। हर साल 5% से ज्यादा ऑटोमेशन न हो, वरना सालाना 10-20% जॉब जाएंगी। बेरोजगारी बढ़ेगी। सरकार पर बोझ बढ़ेगा, अशांति होगी। (अनंत ज्ञान)

**इन्हें होगा नुकसान**

**महिलाएं:** क्लर्क, प्रशासनिक व टीचिंग के काम ज्यादा करती हैं, यही एआई सबसे पहले करेगा।
**नए ग्रेजुएट/युवा:** एंट्री लेवल जॉब सबसे पहले खत्म होंगी। नई नौकरी पाना मुश्किल होगा। अमेरिका में ये ट्रेंड दिखने लगा।
**बुजुर्ग कर्मी (55+ साल):** नई तकनीक सीखना मुश्किल। नौकरी चली गई तो दोबारा पाना लगभग नामुमकिन हो जाएगा।

**इन्हें होगा फायदा**

**अमीर देश:** इनकी आमदनी काम से ज्यादा निवेश से। एआई कंपनियों के लाभ से मुनाफा।
**30-50 साल वाले:** इनके पास अनुभव और स्किल्स दोनों हैं। एआई इनकी मदद करेगा, इनकी जगह नहीं ले पाएगा।
**ज्यादा पढ़े-लिखे:** स्टेम, आईटी, इंजीनियरिंग वाले लोग, क्योंकि एआई उनका काम बेहतर बनाने में बहुत मदद करेगा।




# हमीरपुर मेडिकल कॉलेज पर 800 करोड़ और होंगे खर्च : सीएम सुक्खू

## मई तक 3 बड़े प्रोजेक्ट्स पूर्ण, 11 नए विशेषज्ञ विभाग कैंसर रोगियों को प्रदेश में ही देंगे विशेष सुविधा

अनंत ज्ञान

**विक्रम हटवालिया, हमीरपुर।** हमीरपुर में निर्माणाधीन तीन बड़े प्रोजेक्ट्स का निर्माण कार्य इसी साल मई माह तक मुकम्मल हो जाएगा। इसके अलावा दो नए बड़े कार्यालय हमीरपुर के नए बना रहे बस स्टैंड के परिसर में स्थापित होंगे। इनकी स्वीकृति दे दी गई है। इनमें एक कार्यालय ट्रांसपोर्ट का और दूसरा अर्बन डेवलपमेंट विभाग का होगा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मीडिया से बातचीत में यह जानकारी दी।

इससे पहले सुक्खू ने हमीरपुर मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और प्रस्तावित अत्याधुनिक कैंसर केयर सेंटर की साइट भी देखी। उन्होंने कहा कि हमीरपुर मेडिकल कॉलेज में स्टेट ऑफ आर्ट कैंसर अस्पताल के साथ-साथ नर्सिंग कॉलेज और डेंटल कॉलेज का निर्माण भी किया जाएगा। इस पर करीब 800 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज के निर्माण से लोगों को उनके घर-द्वार के नजदीक ही स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त होंगी।



निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए सीएम सुक्खू। अनंत ज्ञान

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों के साथ-साथ अन्य अस्पतालों में भी स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एम्स दिल्ली की तर्ज पर राज्य के स्वास्थ्य संस्थानों में पुरानी मशीनरी और उपकरणों को बदलकर विश्वस्तरीय मशीनरी और सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि देश के उत्तर-पूर्वी राज्यों के बाद हिमाचल प्रदेश में सबसे अधिक कैंसर के मामले सामने आ रहे हैं तथा हमीरपुर में कैंसर अस्पताल की स्थापना से प्रदेश के लोगों को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण कैंसर देखभाल सुनिश्चित होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हेलीपोर्ट, मेडिकल कॉलेज के परिसर में कैंसर हॉस्पिटल और नए बस अड्डे का निर्माण तीन सालों में मुकम्मल होना बड़ी बात है। मई तक इन्हें पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा 800 करोड़ तक के और काम भी हो रहे हैं। जिनमें नर्सिंग कॉलेज रेजिडेंशियल बिल्डिंग, कैंसर परिसर, मेडिकल कॉलेज और स्पेशलिस्ट ब्लॉक भी शामिल है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमीरपुर कैंसर अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए 11 नए विशेषज्ञ विभाग

### ◆ स्टेट ऑफ आर्ट कैंसर अस्पताल और नर्सिंग कॉलेज का होगा निर्माण

स्थापित किए जा रहे हैं, जिन्हें हाल ही में प्रदेश सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। कैंसर केयर सेंटर में मेडिकल ऑन्कोलॉजी, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, पेन पैलिएशन, न्यूक्लियर मेडिसिन, एनेस्थीसियोलॉजी और क्रिटिकल केयर, पैथोलॉजी, पीडियाट्रिक ऑन्कोलॉजी, रेडियोलॉजी इमेजिंग, गायनी ऑन्कोलॉजी, स्टेम सेल और बोन मैरो ट्रांसप्लांटेशन तथा रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग स्थापित किए जाएंगे और ये विभाग कैंसर रोगियों को प्रदेश के भीतर ही विशेष सुविधाएं प्रदान करेंगे, जिससे उनके समय एवं धन की बचत होगी।

इस अवसर पर विधायक सुरेश कुमार व कैप्टन रणजीत सिंह, पूर्व विधायक अनीता वर्मा, कांगड़ा प्राथमिक सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन रामचंद्र पठानिया, हिमाचल प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया आदि उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री ने डॉक्टरों से किया संवाद

**मुख्यमंत्री** सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हमीरपुर मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों के साथ बैठक कर स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के लिए उनके सुझाव सुने। उन्होंने कहा कि यह संवाद पहले आईजीएमसी शिमला और टांडा मेडिकल कॉलेज में भी किया गया है, ताकि चिकित्सकों की राय को नीति में शामिल किया जा सके और मरीजों को बेहतर सेवाएं मिलें। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार हाई-एंड मेडिकल टेक्नोलॉजी लाकर स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत कर रही है। हमीरपुर मेडिकल कॉलेज में 25 करोड़ रुपए की लागत से ऑटोमेटेड लैब स्थापित की जाएगी। इसके साथ ही सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक, डेंटल कॉलेज और जल्द ही रोबोटिक सर्जरी की सुविधा भी शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज सिर्फ रैफरल संस्थान नहीं रहेंगे, बल्कि इनकी क्षमता बढ़ाकर प्रदेश में ही लोगों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि डॉक्टरों और पैरा मेडिकल स्टाफ के रिक्त पद भरे जा रहे हैं और आवश्यकता अनुसार नए पद सृजित किए जा रहे हैं।

# विकास परियोजनाओं की हो सतत निगरानी और नियमित समीक्षा, कोताही बर्दाश्त नहीं : उपमुख्यमंत्री

## माता चिंतपूर्णी मंदिर निर्माण परियोजना में विलंब पर जताई नाराजगी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने ऊना जिले में निर्माणाधीन प्रमुख विकास परियोजनाओं की सतत एवं प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी परियोजना में शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जिन कार्यों को विशेष गति की आवश्यकता है, उनकी उपायुक्त की अध्यक्षता में नियमित समीक्षा की जाए। अधिकारियों को कार्यालयों तक सीमित न रहते हुए फील्ड में जाकर कार्यों की प्रगति प्रत्यक्ष रूप से देखने के भी निर्देश दिए गए।



उपमुख्यमंत्री ने माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर भवन निर्माण और परिसर सौंदर्यीकरण कार्यों में हो रही देरी पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि पर्याप्त धनराशि उपलब्ध होने के बावजूद कार्य आरंभ न होना अस्वीकार्य है। केंद्रीय प्रसाद योजना के तहत मिले 56 करोड़ और जिला प्रशासन के 75 करोड़ रुपए के बावजूद अपेक्षित प्रगति नहीं दिख रही है। उन्होंने रोपवे परियोजना और आलू प्रोसेसिंग प्लांट सहित धार्मिक पर्यटन, ईको-टूरिज्म व जल परिवहन परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। पुलों की प्रगति पर भी उन्होंने जोर देते हुए कहा कि जिले में 'मिसिंग लिंक' न रह जाए। लाठियानी-मंदली, पंडोगा-त्यूड़ी, लोहारली-चुरड़ू और स्वां नदी के पुलों का समयबद्ध निर्माण सुनिश्चित किया जाए। वहीं, ट्यूबवेलों के जीर्णोद्धार हेतु समेकित डीपीआर तैयार करने और जल प्रबंधन योजनाओं को अद्यतन करने के निर्देश भी दिए गए।

उन्होंने औद्योगिक इकाइयों द्वारा दूषित जल निकासी की समस्या पर कड़ी कार्रवाई करने, बिजली तारों को अंडरग्राउंड करने और मंदिर परिसर में सुरक्षा, प्रकाश, सीसीटीवी और स्वच्छता संबंधी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने स्थानीय अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और जनता के बीच समन्वय स्थापित कर परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने पर भी बल दिया। बैठक में विधायक सुदर्शन बबलू, कांग्रेस जिला अध्यक्ष देशराज गौतम, वरिष्ठ नेता रणजीत राणा, जल प्रबंधन बोर्ड व परिवहन निगम के सदस्य, पुलिस अधीक्षक और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। उपायुक्त जतिन लाल ने सभी निर्देशों के पालन की प्रतिबद्धता जताई। यह बैठक जिले में विकास कार्यों में पारदर्शिता, समयबद्धता और जनहित सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी।

### विधायक सुदर्शन बबलू ने उठाए चिंतपूर्णी क्षेत्र के विकास मुद्दे

**श्री** चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदर्शन बबलू ने बैठक में जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर जोर दिया। उन्होंने हर तीन महीने पर समिति की बैठक आयोजित कर विकास कार्यों की प्रगति की नियमित समीक्षा करने का आग्रह किया। विधायक ने माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर के विकास कार्यों के शीघ्र आरंभ और आधारशिला जल्द रखने के लिए दिए गए निर्देशों पर आभार व्यक्त किया।

# एचपीयू में छात्र संगठनों में खूनी भिड़ंत, दो छात्र घायल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश की राजधानी शिमला स्थित विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार के समीप शुक्रवार दोपहर अचानक उस समय अफरा-तफरी मच गई जब दो छात्र संगठनों के कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते मामला हिंसक झड़प में तब्दील हो गया। दोपहर लगभग तीन बजे हुई इस घटना में दो छात्रों के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

विश्वविद्यालय परिसर में कुछ समय तक भय और तनाव का माहौल बना रहा तथा छात्रों में दहशत फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बहस और धक्का-मुक्की के बाद स्थिति बेकाबू हो गई। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने आरोप लगाया है कि रसायन विज्ञान विभाग से लौट रहे उनके कार्यकर्ताओं पर घात लगाकर हमला किया गया और इसमें तेजधार हथियारों का भी इस्तेमाल हुआ। परिषद ने इसे पूर्व नियोजित साजिश करार देते हुए पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। संगठन की प्रिंट मीडिया संयोजक राखी दत्याल ने चेतावनी दी कि यदि चौबीस घंटे के भीतर सख्त कदम नहीं उठाए गए तो आंदोलन को उग्र रूप दिया जाएगा।

दूसरी ओर स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। संगठन का कहना है कि पहले दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक हुई, जिसके बाद हालात बिगड़े। एसएफआई के पदाधिकारियों ने निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग करते हुए दावा किया कि एक शैक्षणिक व्याख्यान के दौरान माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई। उधर, विश्वविद्यालय प्रशासन ने पूरे घटनाक्रम की रिपोर्ट तलब कर ली है और स्पष्ट किया है कि जांच पूरी होने के बाद नियमों के अनुरूप कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# पार्वती नदी में वाहन गिरा, युवक की मौत

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** मणिकर्ण-भुंतर मार्ग पर एक वाहन दुर्घनाग्रस्त हुआ है। इस सड़क हादसे में कसोल के 26 वर्षीय प्रिंस सूद की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार हादसा शुक्रवार को लगभग सुबह 9:40 बजे हुआ जब प्रिंस कसोल से किसी काम के सिलसिले में भुंतर आ रहा था।



पार्वती नदी में गिरी कार।

भुंतर पहुंचने से पहले ही प्रिंस की गाड़ी चौग रोड़ जीरो प्वाइंट जछनी मोड़ से अनियंत्रित हो कर सीधी पार्वती नदी में गिर गई। आसपास के लोग बचाव करने नदी में गाड़ी के पास पहुंचे लेकिन गाड़ी में सवार प्रिंस सूद की दुर्घटना में मृत्यु हो चुकी थी। जरी पुलिस घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय कुल्लू अस्पताल भेज दिया हैं। दुर्घटना में नौजवान प्रिंस सूद के मृत्यु की खबर सुनते ही पार्वती घाटी में शोक की लहर दौड़ गई है।

उधर, एसपी कुल्लू मदन लाल ने बताया कि सड़क हादसे में प्रिंस सूद (26) पुत्र बेकल सूद निवासी कसोल जिला कुल्लू मौत हो गई है। पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस सभी पहलुओं को सामने रखकर जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है।

# कुन्नी में खाई से मिला लापता महिला का शव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिले के रामपुर बुशहर उपमंडल के कुन्नी गांव में 26 फरवरी से लापता कृष्णा देवी का शव एक दुर्गम और पथरीली खाई में मिलने से इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों द्वारा व्यापक तलाश के बाद पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद तलाशी अभियान तेज किया गया। स्थानीय परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण होने के कारण राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की मदद ली गई। एनडीआरएफ की 14वीं टीम ने निरीक्षक अशोक के नेतृत्व में अभियान चलाकर शव को सुरक्षित बाहर निकाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार शव पर चोट के निशान हैं, और मामले की पूरी जांच जारी है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

# शादी के पांच दिन बाद गई दुल्हन वापस नहीं लौटी

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हमीरपुर जिला ग्राम पंचायत ब्राह्लड़ी के तहत आने वाले डुढाणा गांव में एक व्यक्ति की शादी करवाकर उसे लाखों का चूना लगाया गया है। यह शादी वर्ष 2025 में हुई थी। शादी के उपरांत दुल्हन महज पांच दिन ही ससुराल में रही तथा छठे दिन बहाना बनाकर चली गई। उसके बाद दुल्हन लौटकर वापस नहीं आई। जिस बिचैलिए ने रुपए लेकर शादी करवाई थी जब उससे बात की गई तो उसका कहना था कि कोई दूसरी लडकी लाएंगे।

पीड़ित परिवार का कहना है कि शादी पर पांच लाख से अधिक का खर्च हो चुका है। पुलिस के पास पहुंचकर परिवार ने खर्च हो चुके रुपए दिलवाने की मांग की है। इनका कहना है कि इन्हें अब दुल्हन नहीं चाहिए, लेकिन जो पैसा शादी के लिए खर्च हुआ है, उसे दिलवाया जाए।

### ◆ युवक ने शादी का खर्च देने की दर्ज करवाई शिकायत

डुढाणा गांव के व्यक्ति संजय कुमार ने बताया कि अगस्त 2025 को उसकी शादी करवाई गई थी। लुधियाना माछीवाड़ा में शादी करवाई गई थी। उसके उपरांत महिला चार से पांच दिन इसके साथ रही तथा बाद में इसे छोडकर चली गई। महिला ने कहा कि वह एक दो दिन में वापस लौट आएगी लेकिन आज तक नहीं आई। जिस बिचौलिए को डेढ़ लाख रुपए दिया गया था, वह अब और लड़की से शादी करवाने की बात कह रहा है। बिचौलिए ने कहा कि माछीवाड़ा को चलो। आरोप लगाया कि पांच बार माछीवाड़ा गए, लेकिन कुछ नहीं हुआ। छह बार माछीवाड़ा जाने पर भी 60 हजार रुपए खर्च हुआ है। पुलिस अधीक्षक बलवीर सिंह ने बताया कि शिकायत आई इस पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# गाड़ी की नंबर प्लेट पर 'घुमान' लिखना पड़ा महंगा, 3500 का कटा चालान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** पर्यटन नगरी मनाली में इन दिनों लगातार पर्यटकों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे में कुछ पर्यटक यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए हुड़दंग मचा रहे हैं। हालांकि, पुलिस ऐसे हुड़दंगबाजों को समय-समय पर सबक भी सिखा रही है, लेकिन फिर भी वे बाज नहीं आ रहे हैं।

ऐसा ही एक मामला मनाली में सामने आया है। यहां पंजाब से आए एक थार चालक को टशन दिखाना भारी पड़ गया। जानकारी के अनुसार सोशल मीडिया पर छाने और सड़कों पर धौंस जमाने के चक्कर में एक काले रंग की थार जीप के मालिक ने अपनी गाड़ी की पिछली नंबर प्लेट से रजिस्ट्रेशन नंबर हटाकर बड़े-बड़े अक्षरों में 'घुमान' लिखवा रखा था। जैसे ही





नंबर प्लेट की जगह लिखा घुमान।

यह गाड़ी मनाली की सड़कों पर निकली, गश्त कर रही पुलिस की नजर उस पर पड़ गई। ट्रैफिक नियमों की उल्लंघन पर मनाली पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए गाड़ी को रोका।

पुलिस ने कानून की अनदेखी करने पर सख्त रुख अपनाते हुए मोटर वाहन अधिनियम के तहत वाहन का 3500 रुपए का चालान काटा है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि नंबर प्लेट के साथ किसी भी तरह की छेड़छाड़ करना या उस पर नंबर के अलावा कुछ भी लिखना एक दंडनीय अपराध है।

डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नंबर प्लेट पर रजिस्ट्रेशन नंबर के अलावा कुछ भी लिखना पूरी तरह अवैध है। उन्होंने पर्यटकों को सख्त हिदायत दी कि वे नियमों का पालन करें अन्यथा उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने सभी पर्यटकों से अपील की है कि वे देवभूमि की शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

# विभागीय परीक्षाओं की तिथियों में हुआ आंशिक संशोधन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रशासनिक कारणों से भारतीय प्रशासनिक सेवा, हिमाचल प्रशासनिक सेवा, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अन्य राजपत्रित एवं पात्र अराजपत्रित अधिकारियों की विभागीय परीक्षाओं की तिथियों में आंशिक संशोधन किया गया है।

जानकारी के अनुसार पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में परिवर्तन करते हुए अब ये परीक्षाएं 28 अप्रैल, से 7 मई तक आयोजित की जाएंगी। परीक्षाओं का आयोजन संशोधित समय-सारणी के अनुरूप राजकीय महाविद्यालय संजौली, शिमला में किया जाएगा। इस निर्णय से संबंधित अधिकारियों एवं अभ्यर्थियों को नई तिथियों के अनुसार अपनी तैयारी सुनिश्चित करने की सलाह दी गई है, ताकि किसी प्रकार की असुविधा उत्पन्न न हो।

### ◆ 28 अप्रैल से 7 मई तक होंगी परीक्षाएं

प्राप्त विवरण के अनुसार केवल पेपर संख्या-1 (वित्तीय प्रशासन) के लिए अभ्यर्थियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए मंडी तथा धर्मशाला परीक्षा केंद्रों पर भी परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिनकी व्यवस्था पूर्ववत रहेगी और उसमें कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

परीक्षाओं की संशोधित समय-सारणी संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दी गई है, जिसे अभ्यर्थी डाउनलोड कर सकते हैं। प्रशासन ने सभी पात्र अधिकारियों से आग्रह किया है कि वे अद्यतन समय-सारणी का अवलोकन कर परीक्षा संबंधी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूर्ण कर लें।

# आउटसोर्स कर्मियों ने सरकार से मांगे वेतन भत्ते





मंच पर विराजमान अश्विनी कुमार व अन्य तथा बैठक में भाग लेते आउटसोर्स कर्मी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश में आउटसोर्स कर्मचारियों के वेतन असमानता के लंबे समय से चले आ रहे मुद्दे पर ठोस रणनीति तैयार कर ली गई है। हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड आउटसोर्स कर्मचारी यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी कुमार ने बिलासपुर में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की, जिसमें सभी संबंधित विभागों के यूनियन प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आगामी विधानसभा सत्र के दौरान आउटसोर्स कर्मचारियों की समान कार्य के लिए समान वेतन और भत्तों

### ◆ सदन में वेतन समानता की मांग को मजबूती से उठाने का किया फैसला

की मांग जोरदार तरीके से उठाई जाएगी। यूनियन नेताओं का कहना है कि आउटसोर्स कर्मचारी नियमित कर्मचारियों के समान कर्तव्य निभाते हैं, फिर भी उन्हें समान वेतन और सुविधाएं नहीं मिल रही हैं।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों के प्रमुख यूनियन प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि यह समस्या केवल एक विभाग तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे राज्य में फैली हुई है और इसका व्यापक समाधान आवश्यक है। अश्विनी कुमार ने स्पष्ट किया, 'हम वही कार्य करते हैं जो स्थायी कर्मचारी करते हैं, इसलिए हमारा वेतन समान होना चाहिए। यह मांग अन्याय के खिलाफ हमारी आवाज है।' यूनियन नेताओं ने सरकार से अपील की कि कर्मचारियों को विभक्त न किया जाए और समान अवसर व सम्मान सुनिश्चित किया जाए।

अब आगामी विधानसभा सत्र में यह स्पष्ट होगा कि सरकार आउटसोर्स कर्मचारियों की मांगों पर वास्तविक समाधान प्रदान करती है या इसे केवल राजनीतिक मुद्दा बना कर टाल देती है।

**सुधार** | विलय विद्यालयों के खाली भवन जनहित में होंगे उपयोग, बोर्ड परीक्षा केंद्रों में लाइव सीसीटीवी निगरानी अनिवार्य

# शिक्षा क्षेत्र में डिजिटल मॉनिटरिंग पर होगा फोकस: शिक्षा मंत्री

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश की स्कूली शिक्षा व्यवस्था को अधिक सुदृढ़, जवाबदेह व परिणामोन्मुख बनाने की दिशा में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने स्पष्ट और कठोर संकेत दिए हैं। उप-निदेशकों के साथ आयोजित उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में उन्होंने साफ कहा कि अब योजनाओं का प्रभाव सीधे कक्षा-कक्ष में दिखाई देना चाहिए और प्रत्येक स्तर पर जवाबदेही तय होगी। उन्होंने समग्र शिक्षा के अंतर्गत जारी धनराशि का 31 मार्च 2026 तक पूर्ण एवं सार्थक व्यय सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि संसाधनों का उपयोग विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों में स्पष्ट रूप से झलकना चाहिए।

बैठक में विलय किए गए विद्यालयों के युक्तिकरण की गहन समीक्षा की गई। शिक्षा मंत्री ने दो टूक कहा कि खाली पड़े भवनों को निष्क्रिय छोड़ना सार्वजनिक संपत्ति के साथ अन्याय है। उन्होंने निर्देश दिए कि इन परिसरों का पंचायतों के साथ समन्वय स्थापित कर सामुदायिक उपयोग में लाया जाए अथवा आवश्यकता अनुसार आंगनबाड़ी केंद्रों और अन्य शासकीय विभागों को हस्तांतरित किया जाए। साथ ही प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों के बीच प्रशासनिक दीवारें हटाकर प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों, खेल मैदानों और शिक्षकों के साझा उपयोग पर बल दिया गया, ताकि उपलब्ध संसाधनों का सर्वोत्तम लाभ विद्यार्थियों को मिल सके।



समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर। अनंत ज्ञान

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अंतर्गत आयोजित होने वाली परीक्षाओं की तैयारियों पर विशेष चर्चा करते हुए रोहित ठाकुर ने सभी परीक्षा कक्षों में लाइव मॉनिटरिंग सहित सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य करने के निर्देश दिए। विलय किए गए सरकारी विद्यालयों को बोर्ड परीक्षा केंद्र के रूप में कार्य करने तथा प्रधानाचार्यों को केंद्र समन्वयक नियुक्त कर परीक्षा संचालन की निष्पक्षता सुनिश्चित करने को कहा गया। पूर्व में चिन्हित संवेदनशील केंद्रों पर विशेष निगरानी रखने तथा विभागीय आंकड़ों की वास्तविक समय पर डिजिटल मॉनिटरिंग के लिए सशक्त प्रणाली विकसित करने के भी निर्देश दिए गए। निजी विद्यालयों द्वारा विद्यार्थियों को समय पर स्कूल त्याग प्रमाण पत्र जारी न करने के मामलों को गंभीर बताते हुए उन्होंने त्वरित समाधान सुनिश्चित करने को कहा।

### मध्यान्ह भोजन की स्वचालित निगरानी प्रणाली होगी और मजबूत

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में विज्ञान और वाणिज्य संकाय के युक्तिकरण की समीक्षा करते हुए शिक्षा मंत्री ने बताया कि राज्य के 1,970 विद्यालयों में से 818 में विज्ञान तथा 799 में वाणिज्य संकाय संचालित हैं। उन्होंने उपलब्ध आधारभूत संरचना और शिक्षण स्टाफ के प्रभावी उपयोग से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने पर बल दिया। साथ ही एमआईएस रिपोर्टिंग, विद्यार्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण, आयरन फोलिक एसिड एवं कृमिनाशक गोलियों के वितरण तथा पीएम पोषण योजना के अंतर्गत मध्यान्ह भोजन की स्वचालित निगरानी प्रणाली को और मजबूत करने के निर्देश दिए, ताकि जमीनी स्तर पर पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ सके।

### खेल व सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों को नई ऊर्जा देने पर जोर

**विद्यार्थियों** के समग्र विकास को शिक्षा का मूल आधार बताते हुए रोहित ठाकुर ने खेल और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों को नई ऊर्जा देने की बात कही। वर्ष 2025-26 में 121 खिलाड़ियों द्वारा 48 राष्ट्रीय पदक जीतने की उपलब्धि का उल्लेख करते हुए उन्होंने खिलाड़ियों के लिए 1 करोड़ 22 लाख 85 हजार रुपए की डाइट मनी शीघ्र जारी करने की घोषणा की। खेल छात्रावासों के चरणबद्ध विस्तार, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, वाद-विवाद, विज्ञान प्रदर्शनियों और अन्य रचनात्मक गतिविधियों को सक्रिय रूप से प्रोत्साहित करने पर भी बल दिया गया। उन्होंने राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा विकसित समग्र प्रगति कार्ड रूपरेखा के पायलट विश्लेषण, पदोन्नत प्रधानाचार्यों के इंडक्शन प्रशिक्षण तथा विद्या समीक्षा केंद्रों के माध्यम से डिजिटल निगरानी को और सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए, ताकि शिक्षा व्यवस्था में गुणात्मक परिवर्तन का नया अध्याय लिखा जा सके।

# एचपीवी टीकाकरण अभियान मातृशक्ति की सुरक्षा हेतु ऐतिहासिक कदम : जयराम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रारंभ राष्ट्रव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान को मातृशक्ति की सुरक्षा की दिशा में ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम बताया है।

शिमला से जारी वक्तव्य में उन्होंने कहा कि सर्वाइकल कैंसर जैसी घातक बीमारी से बचाव के लिए 14 वर्ष की बालिकाओं को नि:शुल्क टीका उपलब्ध कराने का निर्णय देश की करोड़ों बेटियों को सुरक्षित भविष्य देने वाला है। उन्होंने चिंता जताई कि भारत में प्रतिवर्ष लगभग 80 हजार नए मामले सामने आते हैं और करीब 42 हजार महिलाओं की असमय मृत्यु हो जाती है, ऐसे में यह अभियान न केवल बीमारी के बोझ को कम करेगा बल्कि परिवारों को असमय शोक से भी बचाएगा।

### ◆ प्रदेश सरकार मिशन मोड में करे क्रियान्वयन, हर बेटी तक पहुंचे लाभ

### ◆ महिला स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रांतिकारी पहल



नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रतिवर्ष लगभग 1.15 करोड़ बालिकाओं को सुरक्षा कवच प्रदान करने का लक्ष्य विश्व के सबसे बड़े जनस्वास्थ्य अभियानों में से एक है। उन्होंने प्रदेश सरकार से आग्रह किया कि केंद्र से प्राप्त संसाधनों और मार्गदर्शन का अधिकतम उपयोग करते हुए इसे मिशन मोड में लागू किया जाए, ताकि ग्रामीण और दुर्गम क्षेत्रों की बेटियां भी लाभ से वंचित न रहें।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विज्ञान और सेवा के इस संगम से देश आने वाले वर्षों में सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन की दिशा में वैश्विक मिसाल कायम करेगा और मातृशक्ति राष्ट्र निर्माण में और अधिक सशक्त भूमिका निभाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### गंदड़ में आज से शुरू होगा होली मेला

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** उपमंडल के अंतर्गत गंदड़ में होली मेला 28 फरवरी से 3 मार्च तक होगा गंदड़ होली मेला। इस बारे में जानकारी देते हुए मेला कमेटी के सचिव कमलेश शर्मा ने बताया कि शनिवार 28 मार्च को प्रातः 10 बजे मुख्यातिथि एमसी कटोच द्वारा झंडा पूजन के साथ ही शोभायात्रा द्वारा मेले का शुभारंभ होगा। 2 मार्च को छोटे बच्चों की कुश्ती प्रतियोगिता होगी। जबकि 3 मार्च को बड़ी माली में कैबिनेट मंत्री यादविंदर गोमा मुख्यातिथि के रुप में शामिल होकर विजेता व उपविजेता पहलवानों को सम्मानित करेंगे। इसी के साथ चारों दिन शाम 5 बजे झांकियां निकाली जाएंगी जिसमें प्रमुख आकर्षण काली माता की झांकी 2 मार्च को निकाली जाएगी।

### राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए चयनित 3 खिलाड़ी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** शाहपुर में आयोजित प्रदेशस्तरीय अंडर 21 प्रतियोगिता में जिला कांगड़ा से हिमाचल प्रदेश की टीम के लिए राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए दो लडक़ों और एक लडक़ी का चयन हुआ है। लडक़ों में ध्रुव और मनजीत सिंह जो की नूरपुर से संबंध रखते हैं उनके चयन हुआ है और लड़कियों के वर्ग में नेहा जो कि पालमपुर से संबंध रखती है उनका चयन हुआ है। कांगड़ा वॉलीबाल संगठन इन तीनों बच्चों के चयन होने पर बहुत-बहुत बधाई देता है अब यह तीनों बच्चे पहली मार्च को ऊना में शुरू होने जा रहे प्रदेश स्तरीय कैंप में भाग लेंगे और 15 मार्च को राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में उड़ीसा में भाग लेंगे। जिला कांगड़ा वॉलीबाल संघ के अध्यक्ष कमल कुमार और सह सचिव प्रदीप शर्मा ने बताया कि जल्द ही वॉलीबाल कांगड़ा संघ वॉलीबाल अकादमी शुरू करने जा रही है।

### साइबर ठगी से बचाव को लेकर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** केसीसी बैंक शाखा पठियार द्वारा नाबार्ड के सौजन्य वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन गांव मोहालकर चाहडी में किया गया। इस शिवर में लोगों को डिजिटल लेनदेन व साइबर ठगी से बचाव को लेकर जागरूक किया गया। सरकार की ओर से चलाई गई योजनाओं के बारे में जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और जीवन ज्योति बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, अटल पेंशन योजना, सहायता समूह के बारे में बताया गया। इसके अलावा बचत खाते में नामांकन करने के लिए बताया इसका संचालन केसीसी बैंक पठियार के सहायक प्रबंधक राजीव कुमार ने किया।

### हिमाचल गोरखा परिषद ने मनाया स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** हिमाचल गोरखा विकास परिषद ने भागसू सदन गोरखा भवन धर्मशाला में 33वां स्थापना दिवस मनाया। जिसमें डीसी कांगड़ा हेमराज बैरवा ने मुख्यातिथि, जबकि कांग्रेस नेता देवेंद्र सिंह ज जग्गी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। हिमाचल गोरखा विकास परिषद के अध्यक्ष कैप्टन ओम बहादुर गुरुंग ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष सुनील राणा, सह सचिव सहायक कमांडेंट राजेश थापा, कोषाध्यक्ष ममता राणा, वरिष्ठ सलाहकार कैप्टन लाल बहादुर गुरुंग, कैप्टन हेमंत कुमार आले, हिमाचल एवं पंजाब गोरखा एसोसिएशन के अध्यक्ष रविंद्र सिंह राणा, उपाध्यक्ष कैप्टन सरवन थापा, कैप्टन धीरेंद्र सिंह थापा, सूर्या विजय थापा, मास्टर मित्रसेन संगीत सभा की अध्यक्ष साधना नेपाली, विनोद कुमार थाना, मेजर हेमंत कुमसा गुरंग, बीएस बिष्ट, पालम जंग प्रधान, आरती थापा, नरना बिष्ठ, प्रोमिला बिष्ट, कै. अर्जुन कुमार लिंबू, सविता कार्की, कै. अनिल कुमार गुरंग, सीमा थापा, राखी पुन, कर्नल महेंद्र सिंह कार्की गांव के मुखिया और गोरखा समुदाय के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### भाटिलू में 38 मरीजों का जांचा फ्री स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** भारद्वाज मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, अरला की ओर से भाटिलू के सामुदायिक भवन परिसर में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षेत्र के लोगों के लिए निशुल्क मधुमेह परीक्षण सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य जांच की गई तथा जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। यह स्वास्थ्य शिविर बीएमएच के डायरेक्टर डॉ. प्रेम भारद्वाज एवं सीईओ मैडम राधिका शर्मा के मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देशों में आयोजित किया गया, जिसमें अस्पताल की अनुभवी एवं विशेष मेडिकल टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। शिविर के दौरान कुल 38 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिन्हें चिकित्सकों द्वारा उचित परामर्श भी दिया गया। स्थानीय लोगों ने इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का भरपूर लाभ उठाया और अस्पताल प्रबंधन के इस जनहितकारी प्रयास की सराहना की। इस अवसर पर हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. प्रेम भारद्वाज ने बताया कि भविष्य में भी ग्रामीण एवं दूरदराज क्षेत्रों में इस प्रकार के निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

### विशेष बच्चों की पढ़ाई करवाने के दिए टिप्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विशेष बच्चों को किस तरह से पढ़ाई करवाई जाए, स्कूलों में उनकी देखरेख की ट्रेनिंग हेतू डाइट धर्मशाला में पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। चिल्ड्रन विद स्पेशल नीड की जिला कोआर्डिनेटर डा. अंजु शर्मा ने बताया कि ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन डिप्टी डायरेक्टर क्वालिटी एजुकेशन कम डीपीओ भाग सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। 21 फरवरी को आरंभ ट्रेनिंग प्रोग्राम का शुक्रवार को समापन हुआ। जिला कांगड़ा के 23 ब्लॉक से 5-5 लेक्चरर को ट्रेनिंग प्रोग्राम के लिए बुलाया गया था। विशेष बच्चों को पढ़ाने के लिए पाठ योजना कैसे बनाई जाए, इन बच्चों के मेडिकल सर्टिफिकेशन किस तरह से होती है। विशेष बच्चों की पढ़ाई सहित उन्हें मिलने वाली सुविधाओं संबंधी कार्य कैसे किए जाएं, यह पूरी जानकारी ट्रेनिंग प्रोग्राम के दौरान प्रतिभागी शिक्षकों को दी गई है।

### पालमपुर कॉलेज में ई-पुस्तकालय का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, अजय पाल, पालमपुर।** शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय में ई- पुस्तकालय का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक शिक्षा के इस दौर में डिजिटल संसाधनों का महत्व लगातार बढ़ रहा है। ई- पुस्तकालय के माध्यम से विद्यार्थियों को अब टैबलेट द्वारा ई- बुक्स, मैगजीन एवं अन्य सामग्री पढने का अवसर मिलेगा। इसे विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। पुस्तकालय अध्यक्ष श्री महेश सूद ने बताया कि ई- पुस्तकालय में विभिन्न विषयों की सैकड़ो ई-पुस्तकें और पत्रिकाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिन्हें विद्यार्थी निर्धारित समय में उपयोग कर सकेंगे। इस अवसर पर शिक्षक, गैर शिक्षक वर्ग एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### सीएम से मिले आरटीए मनोनीत सदस्य सुरेश

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा से आरटीए के नव मनोनीत सदस्य सुरेश कुमार ने शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मुलाकात की। इस दौरान नगर निगम धर्मशाला के पूर्व महापौर देवेंद्र जग्गी भी उनके साथ थे। सुरेश कुमार ने अपने मनोनयन पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार जताया। इस दौरान धर्मशाला में ई-रिक्शा चलाने सहित अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

### युवाओं के भविष्य को अंधकारमय बना रहा नशा

**अनंत ज्ञान, रविंद्र चौधरी, फतेहपुर।** जिला कांगड़ा के बरोट में बढ़ते नशे के मामलों को देखते हुए री लाइफ फाउंडेशन नशा मुक्ति केंद्र ने उपमंडल फतेहपुर के बरोट केंद्र परिसर में एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला आयोजित की। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक एवं सेवानिवृत्त अध्यापक करनैल राणा मुख्य अतिथि रहे, जबकि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरोट के प्रवक्ता राम प्रसाद शर्मा विशेष अतिथि थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि नशा युवाओं के भविष्य को अंधकारमय बना रहा है और इसके रोकथाम के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। सेवानिवृत्त बीएमओ आरके मेहता ने सही परामर्श, परिवार के सहयोग और जागरूकता से नशे की लत पर काबू पाने के अनुभव साझा किए। स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और नशामुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया।

### अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया की बरी होने पर पंचरुखी में बांटी मिठाई

**अनंत ज्ञान, अजय पाल, पालमपुर।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया की कोर्ट से बरी होने पर जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने पंचरुखी बाजार में मिठाई बांटी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शेर सिंह, उपाध्यक्ष प्रीतम मेहरा, संयुक्त सचिव कर्म सिंह और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रदेश प्रवक्ता काली दास ने कहा कि कोर्ट ने साबित कर दिया कि सत्य परेशान हो सकता है लेकिन पराजित नहीं होता। उन्होंने लोगों से अरविंद केजरीवाल की ईमानदार आम आदमी पार्टी को आगामी अवसर देने की अपील की। इस मौके पर जयसिंहपुर और हिमाचल प्रदेश में खुशियों का माहौल देखा गया।

## देहरा मेन चौक से पोस्ट ऑफिस चौक तक नो-पार्किंग जोन घोषित

**अनंत ज्ञान, शिव गुलेरिया, देहरा।** उपमंडलाधिकारी (नागरिक) देहरा कुलवंत सिंह पोटन ने बताया कि जिला दंडाधिकारी की अधिसूचना के तहत देहरा के मेन चौक से पोस्ट ऑफिस चौक तक लगभग 200 मीटर सड़क खंड को तत्काल प्रभाव से नो-पार्किंग जोन घोषित किया गया है। यह आदेश मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के अंतर्गत जारी किया गया है। इस मार्ग पर प्रतिदिन आम नागरिक, स्कूली बच्चे, वरिष्ठ नागरिक और आपातकालीन वाहन गुजरते हैं। पार्किंग से यातायात बाधित होने और आपातकालीन सेवाओं में विलंब की संभावना के कारण यह निर्णय लिया गया। पुलिस विभाग को कठोर कार्रवाई और चालान, टोइंग समेत अन्य वैधानिक उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। नगर परिषद, पुलिस और लोक निर्माण विभाग को संकेतक बोर्ड, सड़क चिन्हांकन और परावर्तक संकेत लगाने के लिए भी निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि जनता नियमों की स्पष्ट जानकारी रख सके।

# बनखंडी जू के प्रथम चरण का 40% कार्य पूरा

## मौसम ठीक रहा तो बरसात से पहले होगा कार्य, कुछ समय के लिए क्वारंटीन किए जाएंगे जानवर

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** देहरा उपमंडल के अंतर्गत दुर्गेश अरण्य प्राणी उद्यान (बनखंडी चिड़ियाघर) के एक फेज का कार्य करीब 40 फीसदी पूरा हो चुका है। वहीं मौसम ठीक रहा तो एक फेज का कार्य बरसात से पहले पूरा हो जाएगा। हालांकि चिड़ियाघर के पूरे कार्य को तीन फेज में बांटा गया है, जिसमें एक फेज का कार्य चल रहा है, जिसे भी चार चरणों में किया जा रहा है, जिनमें से तीन चरणों का कार्य चल रहा है, जबकि एक चरण का टेंडर प्रोसेस में हैं।

चिड़ियाघर में बाहर से लाए जाने वाले जानवरों को पहले कुछ समय के लिए क्वारंटीन किया जाएगा, जहां उनकी जांच की जाएगी। चिड़ियाघर के एक फेज के चल रहे कार्य में बनाए जा रहे दस चैक डैम में से 9 का निर्माण हो चुका है, जबकि दसवें का अंतिम चरण में है। इनमें से सात बड़े और तीन छोटे चैक डैम शामिल हैं।

प्रिंसिपल चीफ कंजरवेटर आफ फारेस्ट कम चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन हिमाचल प्रदेश आरएल सांगा ने अनंत ज्ञान से विशेष बातचीत में बताया कि बनखंडी चिड़ियाघर निर्माण में तीन से चार एजेंसियां काम कर रही हैं। सिविल वर्क में चारदीवारी व चैक डैम का कार्य हिमुडा द्वारा किया जा रहा है। एनक्लोजर निर्माण का कार्य सेंटर पीडब्ल्यूडी द्वारा किया जा रहा है। निर्माण कार्य को तीन चरणों में बांटा गया है। एक चरण का कार्य चल रहा है, जिसे 4 चरणों में किया जा रहा है। जिसमें से तीन चरणों का कार्य हो रहा है, जबकि चौथे का टेंडर अभी प्रोसेस में है। उन्होंने बताया कि एक फेज का 40 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है। बिजली सप्लाई का कार्य हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड, जबकि पानी की सप्लाई का कार्य जल शक्ति विभाग कार्य कर रहा है।



बनखंडी चिड़ियाघर में फेज एक के तहत चल रहा निर्माण कार्य। अनंत ज्ञान

### बन रहा क्वारंटीन सेंटर, अस्पताल की भी तैयारी: सांगा



**आरएल** सांगा ने बताया कि चिड़ियाघर में बाहर से लाए जाने वाले जानवरों के लिए क्वारंटीन सेंटर व अस्पताल की भी तैयारी की जा रही है। बाहर से लाए जाने वाले जानवरों को कुछ समय के लिए क्वारंटीन सेंटर में रखा जाएगा, जहां संबंधित डाक्टरों द्वारा जांच की जाएगी कि कहीं उन्हें कोई बीमारी तो नहीं है।

### वाइल्ड लाइफ इंटरप्रिटेशन सेंटर को बनाने की प्लानिंग

**चिड़ियाघर** में वाइल्ड लाइफ इंटरप्रिटेशन सेंटर चिड़ियाघर में बनाने की प्लानिंग की गई है। जिसमें वाइल्ड लाइफ, जानवरों के संबंध में जानकारी जुटाने के लिए आने वालों को सुविधा उपलब्ध रहेगी। गौरतलब है कि वाइल्ड लाइफ इंटरप्रिटेशन सेंटर संरक्षित क्षेत्रों, राष्ट्रीय उद्यानों या चिड़ियाघरों में स्थित शैक्षिक केंद्र हैं, जो आगंतुकों को स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र, वनस्पतियों, जीवों और संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक करते हैं। उम्मीद है कि बरसात से पहले एक फेज के तीन चरणों का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। मौसम ठीक रहा तो उम्मीद है कि एक फेज के तीन चरणों का कार्य जुलाई माह तक पूरा हो जाएगा।

## तृप्ता सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा को बेस्ट स्कूल के अवॉर्ड से नवाजा

अनंत ज्ञान

**जवाली।** तृप्ता पब्लिक स्कूल चलवाड़ा ने पूरे कांगड़ा जिले में बेस्ट स्कूल का अवॉर्ड प्राप्त किया है। इस अवॉर्ड के लिए इको कनेक्ट इन संस्था द्वारा पूरे देश में सर्वेक्षण कराया गया था जिसमें पूरे देश के स्कूलों का सर्वे किया गया। यह सर्वे दिसंबर 2025 से जनवरी 2026 तक किया गया। इस दौरान जिला कांगड़ा से 3230 स्कूलों का सर्वेक्षण किया गया। जिसमें विद्यालय की हर गतिविधि को बड़ी बारीकी से देखा गया इन गतिविधियों में मोटे तौर पर 2 पैरामीटर में बता गया जिसमें टेक्निकल एक्सीलेंस, पेरेंट्स फीडबैक, टेक्निकल एक्सीलेंस में इंफ्रास्ट्रक्चर, अकादमिक एक्सीलेंस, करीकूलर एक्टिविटी, टीचिंग फैकल्टी आदि मानकों पर विद्यालय का सर्वेक्षण हुआ स्कूलों को ईसीआई रेटिंग दिए गए। तृप्ता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा ने 5 में से 4.04 अंक प्राप्त कर पूरे जिले कांगड़ा के स्कूलों में टॉप उत्कृष्ट स्कूलों में अपनी जगह बनाई और पूरे ज्वाली क्षेत्र में टॉप पर रहा। यह ज्वाली क्षेत्र और पूरे इलाके के लिए गर्व का विषय है कि तृप्ता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा टॉप श्रेणी में आया है।



इस अवसर पर विद्यालय चेयरमैन वरिंद्र नरियाल और विद्यालय प्रधानाचार्य राकेश राणा ने सर्वे टीम का धन्यवाद करते हुए आभार प्रकट किया है और अपने संदेश में पूरे विद्यालय स्टाफ और हर कर्मचारी को बधाई दी है कि यह सम्मान और उपलब्धि आपसी सहयोग ,कड़ी मेहनत, लगन और प्रयास का परिणाम है जिससे विद्यालय ने ऊंचाइयों की बुलंदियों को हासिल करने में बहुत बढ़िया प्रदर्शन किया है। इस अवसर पर तृप्ता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा के मैनेजमेंट कमेटी ने सभी को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम इसी तरह पूरी निष्ठा, लगन और मेहनत से कार्य करते रहेंगे और विद्यालय को ऊंचाइयों की बुलंदियों तक पहुंचाने में हमेशा प्रयासरत रहेंगे।

## सक्षम को मिस्टर, प्राची शर्मा को मिस फेयरवेल के खिताब से नवाजा

**अनंत ज्ञान, डरोह।** थुरल स्कूल में 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस विदाई के अवसर पर 11वीं के विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए तथा लंच का आयोजन किया। इस विदाई पार्टी में सक्षम शर्मा को मिस्टर फेयरवेल, प्राची शर्मा को मिस फेयरवेल, अनिकेत राणा को मिस्टर पर्सनैलिटी, अंशल गुलेरिया को मिस्टर पर्सनैलिटी चयनित किया गया। इस बीच दृष्टि शर्मा व सेविल कश्यप को प्रशंसा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। स्कूल की प्रधानाचार्या अनुपम बाला द्वारा विजेता विद्यार्थियों को वैज पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया व सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस कार्यक्रम में स्थानीय विद्यालय से लेख राज, सिकंदर मिन्हास, मोहिंद्र सिंह, अनिल जम्वाल, सुरेश कुमार, प्रवीण कुमार, राजीव, अजीत धीमान, सीमा, तमन्ना राणा, सीमा धीमान, सुषमा राणा, रीता डोगरा, अंशुमान शर्मा, सोमा देवी, अनिता कुमारी, सरिता देवी, सभ्या कौशल, सतीश, शगुन डोगरा, कृतिका वर्मा, विनोद मेहरा, गौरव शर्मा आदि सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

## परमार ने पुलिस कांस्टेबल अभय के असामयिक निधन पर जताया शोक



पुलिस कांस्टेबल अभय को सलामी देते विधायक परमार। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र के भट्टू समूला गांव के होनहार सपूत एवं हिमाचल प्रदेश पुलिस के कांस्टेबल अभय कोंडल (28) के हृदयगति रुकने से हुए असामयिक निधन का समाचार अत्यंत दुखद और हृदयविदारक है। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि अभय का असमय जाना केवल एक परिवार की नहीं, बल्कि पूरे सुलह क्षेत्र की अपूर्णीय क्षति है। इतनी कम उम्र में एक कर्तव्यनिष्ठ और समर्पित जवान का यूं चले जाना अत्यंत पीड़ादायक है। उन्होंने कहा कि अभय अपने माता-पिता की इकलौती संतान थे और परिवार ने बड़े संघर्षों के साथ उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया था।

परमार ने कहा कि इस असहनीय दुख की घड़ी में वह स्वयं एवं उनका परिवार शोकाकुल परिवार के साथ पूरी संवेदनशीलता और आत्मीयता के साथ खड़ा है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिजनों को दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की तथा कहा कि पूरा सुलह क्षेत्र इस कठिन समय में परिवार के साथ एकजुट होकर खड़ा है।

## देश विरोधी काम कर रही कांग्रेस सरकार: चक्षु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश भाजपा मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने हिमाचल पुलिस और दिल्ली पुलिस के बीच हुए ड्रामे पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर जोरदार प्रहार किया है। चक्षु ने कहा कि पिछले कल जो भी हुआ, वह हिमाचल प्रदेश सरकार के संरक्षण में हुआ है। सुक्खू सरकार, देश विरोधी काम कर रही है और देश की छवि खराब करने वालों को शह दे रही है। एआई सम्मिट में जिस तरह युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने टी शर्ट उतारकर वैश्विक नेताओं के सामने देश की छवि खराब की है, उसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। पहले हिमाचल भवन में इसकी साजिश रची गई और फिर मुख्यमंत्री के इशारे में तीनों युकां नेताओं को रोहड़ू के एक रिजॉर्ट में ठहराया गया। विश्व चक्षु ने कहा कि एआई सम्मिट के दोषियों को पकडऩा दिल्ली पुलिस की जिम्मेदारी थी, जिसे उन्हें पूरा करना ही था, लेकिन हिमाचल पुलिस ने सुक्खू सरकार के दबाव में आकर शर्मनाक काम किया है। इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि राष्ट्र स्तरीय मामले की जांच में हिमाचल सरकार रोड़ा बनी हो।

## 12 सालों में नहीं आए बड़े अस्पताल व केंद्रीय विद्यालय: चौहान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** सुलह से कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष संजय सिंह चौहान ने कहा कि पिछले 12 वर्षों से केंद्र में भाजपा की सरकार होने के बावजूद क्षेत्र में न तो कोई बड़ा स्वास्थ्य संस्थान आया और न ही केंद्रीय विद्यालय स्थापित हुआ। उन्होंने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बजट 2026-27 में भी सुलह क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय खोलने का कोई प्रावधान नहीं है। चौहान ने आरोप लगाया कि भाजपा के वरिष्ठ नेता विपिन सिंह परमार और जेपी नड्डा स्वास्थ्य मंत्रालय से जुड़े रहे, लेकिन उनके कार्यकाल में क्षेत्र को कोई बड़ी स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिली। उन्होंने कहा कि आज भी लोग उच्च शिक्षा और बेहतर चिकित्सा सुविधाओं के लिए दूर-दराज के शहरों का रुख करने को मजबूर हैं। चौहान ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सराहना करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद वर्तमान राज्य सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

## छात्र हितों को लेकर एबीवीपी का प्रदर्शन उपायुक्त कार्यालय के बाहर की नारेबाजी



डीसी कार्यालय के बाहर नारेबाजी करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने शुक्रवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर उपायुक्त कार्यालय धर्मशाला के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी कर रोष जताया। प्रदर्शन के दौरान एबीवीपी के प्रदेश सह मंत्री अभिनव चौधरी ने कहा कि महाविद्यालयों में वार्षिक परीक्षाएं नजदीक हैं, इसके बावजूद विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता एवं अन्य छात्र अपनी कक्षाओं का बहिष्कार कर प्रदर्शन में शामिल हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार द्वारा लिए जा रहे कुछ फैसले छात्र हित में नहीं हैं। अभिनव चौधरी ने कहा कि सरकारी स्कूलों को सीबीएसई में शामिल करने तथा कम छात्र संख्या वाले स्कूलों और कॉलेजों के मर्ज करना जैसे निर्णय शिक्षा व्यवस्था को प्रभावित कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद लंबे समय से छात्र संघ चुनाव बहाल करने की मांग उठाती रही है, लेकिन सरकार इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। उन्होंने प्रदेश सरकार पर व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर शिक्षा व्यवस्था को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा कि एबीवीपी द्वारा प्रदेश स्तर पर विभिन्न जिलों में आज प्रदर्शन किए जा रहे हैं।

## शिवम, रानी व प्रिया चुने बेस्ट एथलीट

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में शुक्रवार को वार्षिक खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद थे। खेलकूद गतिविधि के समन्वयक डॉक्टर खुशी राम भक्त ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और प्रतियोगिता की जानकारी दी। कार्यक्रम वंदे मातरम गान और मार्च पास्ट से शुरू हुआ, जिसमें लगभग 1000 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में 100, 200, 400, 800 मीटर दौड़, 4*100 रिले, शॉर्ट पुट, डिस्कस थ्रो, जेवलिन थ्रो, ऊंची और लंबी कूद जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं। प्राचार्य ने खेलों के महत्व, अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता पर जोर दिया। सत्र 2025-2026 के लिए शिवम (बीए प्रथम वर्ष), रानी (एम.ए हिंदी) और प्रिया (बीए तृतीय वर्ष) को बेस्ट एथलीट्स चुना गया। छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर उत्साह और समर्पण का प्रदर्शन किया।

## अंतरराष्ट्रीय मंच पर शाहपुर की बेटी को मिला बेस्ट वुमन साइंटिस्ट अवॉर्ड

अनंत ज्ञान

**कोहली/शाहपुर।** अंतरराष्ट्रीय कृषि सम्मेलन में बद्दी विश्वविद्यालय की वैज्ञानिक व शाहपुर की बेटी डॉ. सविता रानी को बेस्ट वुमन साइंटिस्ट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें कृषि एवं संबद्ध विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट शोध कार्य, नवाचार और शैक्षणिक योगदान के लिए प्रदान किया गया। सविता शाहपुर ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सुरजीत राणा की पुत्री है, जबकि उनके ससुराल पालमपुर मझेरना में है। वर्तमान में वे परिवार सहित बद्दी में ही रहती है।



यह सम्मेलन एग्री मीट फाउंडेशन द्वारा आयोजित एग्रीकल्चरल ग्लोबल रिसर्च एंड इनोवेशन मीट फोर एक्सीलेंस इंगेजमेंट एंड ट्रांसफॉर्मेशन (एग्री मीट 2026 ) के अंतर्गत संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन 20-21 फरवरी 2026 को महात्मा गांधी स्टेट इंसिट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन , सेक्टर-26, चंडीगढ़ में हाइब्रिड मोड में किया गया, जिसमें देश-विदेश के वैज्ञानिकों, शोधार्थियों और शिक्षाविदों ने भाग लिया।

डॉ. सविता रानी बद्दी में यूनिवर्सिटी ऑफ इमर्जिंग साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी में एसोसिएट प्रोफेसर कार्यरत हैं और लंबे समय से कृषि अनुसंधान से जुड़ी हुई हैं। सम्मेलन में आईसीएआर, ट्ठएनडीआर आई, आई सीएआर, एटीएआरआई तथा गुरु काशी यूनिवर्सिटी सहित कई प्रतिष्ठित संस्थानों की सहभागिता रही। सम्मान प्राप्त करने पर डॉ. सविता रानी ने इसे अपने लिए गौरव का क्षण बताते हुए कहा कि यह उपलब्धि उन्हें कृषि अनुसंधान के क्षेत्र में और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देगी। विवि प्रशासन व क्षेत्रवासियों ने उनकी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे प्रदेश के लिए गर्व का विषय बताया।

## आम आदमी पार्टी को खत्म करने की साजिश बेनकाब: कल्याण भंडारी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने तथाकथित शराब घोटाले के गुब्बारे की हवा निकालते हुए अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया सहित सभी 23 आरोपियों को सीबीआई की चार्जशीट से ससम्मान बरी कर दिया है। इस ऐतिहासिक फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए आम आदमी पार्टी हिमाचल प्रदेश के राज्य प्रवक्ता कल्याण भंडारी ने इसे सत्य की विजय और राजनीतिक प्रतिशोध की करारी हार बता आज के दिन को भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में स्वर्णिम दिवस करार दिया।



कल्याण भंडारी ने प्रहार करते हुए कहा कि पिछले दो साल से ज्यादा समय तक केंद्र की एजेंसियों ने जिस केस को आधार बनाकर हमारे नेताओं को जेल में रखा, आज कोर्ट ने उसे अटकलों और अनुमानों का पुलिंदा करार दिया है। एजेंसियों के दुरुपयोग को बेनकाब करते हुए कोर्ट ने कहा कि सीबीआई के पास कोई ठोस सबूत नहीं है और पूरी चार्जशीट खामियों से भरी है, यह साबित करता है कि यह पूरा मामला केवल आम आदमी पार्टी को खत्म करने की एक राजनीतिक साजिश थी। अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया ने हमेशा शिक्षा और स्वास्थ्य की राजनीति की है। आज अदालत ने उनकी ईमानदारी पर मुहर लगा दी है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि नीति निर्माण में कोई आपराधिक साजिश नहीं हुई।

कल्याण भंडारी ने अंत में कहा कि अब समय आ गया है कि वे लोग देश से माफी मांगें जिन्होंने बिना किसी सबूत के ईमानदार नेताओं को जेल की सलाखों के पीछे धकेला था। साथ में मांग की कि दोषी अधिकारियों पर कानूनी रूप से कठोर कार्रवाई की जाए।

**तैयारियां** एसडीएम संकल्प गौतम रहेंगे विशेष अतिथि, पहले दिन होंगे कई कार्यक्रम

# विधायक किशोरी करेंगे होली मेले का आगाज

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** जिलास्तरीय होली महोत्सव का आगाज बाबा ज्ञान दास मंदिर में रविवार को सुबह 11 बजे विधिवत्त पूजा-अर्चना के बाद होगा। 6 दिन तक चलने वाले इस महोत्सव का शुभारंभ बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल करेंगे। जबकि मेला समिति के चैयरमैन एवं एसडीएम संकल्प गौतम विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रम में भाग लेंगे। पहले दिन शोभायात्रा के बाद कई सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

यह जानकारी देते हुए स्थानीय होली मेला कमेटी के प्रधान गौरव सूद, व्यपार मंडल के प्रधान मनोज सूद व महासचिव विशाल सूद ने बताया कि पहले दिन से ही संध्या पर विभिन्न विभिन्न बाजारों से झांकियां निकाली जाएंगी। उन्होंने बताया कि मेले का मुख्य आकर्षण तोल मोल के बोल व कई अन्य प्रतियोगिताएं रहेंगी। इसके अलावा 3 मार्च देर सायं होलिका दहन होगा। वहीं 4 मार्च को पपरोला में होली खेले जाएगी व इसी दिन देर शाम को मां काली की 134वीं झांकी मेले का मुख्य आर्कषण रहेगी। कमेटी के सदस्यों ने बताया कि 5 व 6 मार्च को पपरोला के पैट्रोल के समीप बने पंडाल में दो स्टार नाइटों का आयोजन होगा जिसमें हिमाचली कलाकारों के साथ एक बड़े कलाकार को आमंत्रित किया जाएगा। वहीं मेलर समिति के चैयरमेन संकल्प गौतम ने बताया कि जिला स्तरीय होली महोत्सव को धूमधाम से मनाने के लिए सभी पपरोलावासियों को बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए।

उन्होंने बताया कि इस महोत्सव को सफल बनाने के लिए प्रशासन व गैर सरकारी सदस्यों को विभिन्न विभिन्न जिम्मेवारियां दी जाएंगी। इस दौरान कमेटी सदस्य धीरज नंदा, भूरि सिहं, राकेश शर्मा, रिक्की शर्मा, अनुज शर्मा, पंकज नंदा, जोनी खान, विनोद ग्रोवर, सुनील बंटी, अमित सूद, पुष्पेंद्र सूद, अमित सोनी, अखिल भाटिया, सुनील वर्मा, राज ठाकुर, विनिल सूद, विराज शर्मा, कर्ण शर्मा प्रीतम भारती जतिन कोड़ा पंकज शर्मा आदि कई अन्य लोग भी मौजूद रहे।



जिलास्तरीय होली महोत्सव को लेकर चर्चा करते हुए। अनंत ज्ञान

### सोमवार को खुला रहेगा पपरोला का बाजार: मनोज सूद

**व्यापार** मंडल के प्रधान मनोज सूद ने बताया कि होली महोत्सव के मद्देनजर सोमवार 2 मार्च को पपरोला का बाजार खुला रहेगा। उन्होंने बताया कि बाजार के दोपहिया वाहनों को सड़क किनारे खड़ा करने की मनाही रहेगी। इसके साथ ही बाजार में खरीददारी करने वाले लोग अपने वाहन बाजार में दो निजी पार्किंगों में खड़ा कर सकेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### अणु में आज लगेगा पावर कट

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर में 28 फरवरी को लाइनों की आवश्यक मरम्मत और पेड़ों की काट-छांट के कार्य के चलते अणु के सामुदायिक भवन के आस पास के क्षेत्र, पुरी टैंट हाउस, सिंदूरी माता मंदिर व आस पास के क्षेत्रों में सुबह 11 बजे से 1 बजे तक बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता सौरभ राय ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### 3 मार्च तक बंद रहेंगी ऑनलाइन विद्युत सेवाएं

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर के सहायक अभियंता सौरभ राय ने बताया कि हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड 27 फरवरी से 3 मार्च तक अपने सॉफ्टवेयर सिस्टम को अपग्रेड करवा रही है, इसलिए उक्त अवधि के दौरान बिजली बिलों का ऑनलाइन भुगतान, उपभोक्ता पोर्टल व मोबाइल ऐप सेवाएं, बिलिंग, कलेक्शन एवं शिकायत निवारण (सीआरएम) की सेवाएं बंद रहेंगी। सहायक अभियंता ने बताया कि उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए सॉफ्टवेयर सिस्टम को अपग्रेड किया जा रहा है। बिजली की आपूर्ति से इसका कोई संबंध नहीं है, इसलिए उक्त अवधि के दौरान बिजली की आपूर्ति सुचारु रहेगी।

### हमीर भवन में ऑनलाइन ई-नीलामी आज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपायुक्त हमीरपुर गंधर्वा राठौड़ के निर्देशानुसार हमीरपुर जिले के लिए वर्ष 2026-27 के दौरान खुदरा उत्पाद इकाइयों (एल-2, एल-14, एल-14 ए) का वार्षिक आवंटन ई-नीलामी के माध्यम से किया जाएगा । उत्पाद शुल्क इकाइयों, अधिगमों के ऑनलाइन ई-नीलामी के माध्यम से आवंटन की तिथि 28 फरवरी निर्धारित की गयी है । आवंटन की प्रक्रिया सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी। ऑनलाइन ई-एक्शन के माध्यम से आवंटन का स्थान अब एनआईसी हॉल के स्थान पर हमीर भवन कर दिया गया है। उपायुक्त ने सम्बंधित विभागों को आबकारी इकाइयों के आवंटन की प्रक्रिया के दौरान हमीर भवन में ऑनलाइन प्रणाली के सुचारू रूप से कार्य करने की व्यवस्था को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ।

### डॉ. ललित की छह माह के लिए पुनर्नियुक्ति

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** प्रदेश सरकार ने हमीरपुर जिला के भोरंज क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सिविल अस्पताल भोरंज में सेवानिवृत्त ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. ललित कुमार को छह माह के लिए पुनर्नियुक्ति प्रदान की है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अधिसूचना के अनुसार यह नियुक्ति 27 फरवरी 2026 से 26 अगस्त 2026 तक प्रभावी रहेगी। राज्यपाल की स्वीकृति से जारी आदेश में कहा गया है कि डॉ. कुमार पूर्व में भोरंज ब्लॉक में बीएमओ रह चुके हैं। उनके प्रशासनिक अनुभव को देखते हुए यह निर्णय लिया गया। पुनर्नियुक्ति वित्त विभाग के नियमों के तहत की गई है। इससे क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन और समन्वय को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

### नरेंद्र मोदी विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता: राकेश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भाजपा जिला हमीरपुर के अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने बयान जारी कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज विश्व के सबसे शक्तिशाली और लोकप्रिय नेता के रूप में स्थापित हैं। उन्होंने जी20 की अध्यक्षता, नई दिल्ली घोषणा और अफ्रीकी संघ को स्थायी सदस्यता दिलाने में भारत की भूमिका को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की मान्यता और इंटरनेशनल सोलर अलायंस को भारत की वैश्विक नेतृत्व क्षमता का प्रमाण बताया। ठाकुर ने कहा कि अमेरिका, रूस, इजराइल, फ्रांस और खाड़ी देशों के साथ संबंध मजबूत हुए हैं। वहीं, उन्होंने राहुल गांधी पर विदेशों में भारत की लोकतांत्रिक संस्थाओं और छवि पर सवाल उठाने का आरोप लगाया।

### डिग्री पूरी करने के लिए मिलेगा विशेष मौका

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने निर्धारित समय सीमा के भीतर अपनी डिग्री पूरी न कर पाने वाले या उत्तीर्ण न हो पाने वाले सभी अभ्यर्थियों को मई/जून 2026 में प्रस्तावित परीक्षा में विशेष मौका देने का निर्णय लिया है। तकनीकी विवि के परीक्षा नियंत्रक ने कहा कि बीटेक, बी फार्मेसी (एलोपैथी/आयुर्वेद) के पहले से आठवें सेमेस्टर तक के ओल्ड और न्यू सिलेबस के अभ्यर्थी परीक्षा के लिए ऑफलाइन आवेदन 20 मार्च तक कर सकते हैं। इसके अलावा बी फार्मेसी (एलोपैथी/आयुर्वेद) के सीबीसीएस ( चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम) पाठ्यक्रम के पहले से आठवें सेमेस्टर तक अभ्यर्थी और एम फार्मेसी और एमटेक के भी सीबीसीएस के पहले से चौथे सेमेस्टर तक के अभ्यर्थियों को परीक्षा में बैठने का विशेष मौका प्रदान किया जा रहा है। विशेष मौके के तहत परीक्षा देने की फीस संबंधित अधिसूचना और फॉर्म अभ्यर्थी तकनीकी विवि की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

### तकनीकी विवि की प्रवेश परीक्षा 9-10 मई को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 के हिमाचल प्रदेश कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (एचपीसीईटी) की तिथि की अधिसूचित की है। तकनीकी विवि का कॉमन एंट्रेंस टेस्ट अब नौ व दस मई को होगा। तकनीकी विवि के कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक अनुपम ठाकुर ने कहा कि इस बार कॉमन एंट्रेंस टेस्ट नौ व दस मई को आयोजित किया जाएगा। नौ मई को सुबह के सत्र में 9 से 11 बजे तक बीएससी एचएम एंड सीटी/बीएचएमसीटी और एमएससी पर्यावरण विज्ञान की प्रवेश परीक्षा होगी। दस मई को सुबह के सत्र में नौ से 11 बजे तक एमएससी भौतिक विज्ञान, नौ से सवा 12 बजे तक बीटेक व बी फार्मेसी की प्रवेश परीक्षा होगी। दस मई को ही सायं के सत्र में दो से चार बजे तक एमसीए, एमबीए और एमबीए पर्यटन की प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा नियंत्रक ने कहा जल्द ही प्रवेश परीक्षा फॉर्म भरने, उपरोक्त विषयों में प्रवेश के लिए पात्रता सहित अन्य जानकारी का प्रारूप जारी किया जाएगा।

### तकनीकी विवि में युवा उत्सव छह मार्च से

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर का युवा उत्सव-2026 छह से आठ मार्च तक आयोजित किया जाएगा। तकनीकी विवि के युवा उत्सव की मेजबानी इस बार हिमाचल इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संस्थान (एचआईईटी) शाहपुर करेगा। तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि युवा उत्सव में समूह लोक नृत्य, ग्रुप डांस फ्री स्टाइल, देशभक्ति थीम पर आधारित समूह नृत्य, एकल नृत्य आदि गतिविधियां रहेगी। अधिष्ठाता शैक्षणिक ने कहा कि तकनीकी विवि से संबंधित सभी शिक्षण संस्थानों को पहली मार्च तक मेजबान संस्थान को सूचित करने का आग्रह किया है।

# जसकोट हेलिपोर्ट का कार्य मई तक करें पूरा : सीएम

## कहा, संजौली-रामपुर-रिकांगपिओ व संजौली-मनाली (सासे हेलिपैड) के लिए भी शीघ्र शुरू होंगी हेलिकॉप्टर सेवाएं

अनंत ज्ञान

**नादौन।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार नादौन के जसकोट में 18 करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन हेलिपोर्ट का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस हेलिपोर्ट के निर्माण कार्य में तेजी लाकर इस वर्ष मई महीने तक इसका निर्माण कार्य पूरा करें।

◆ सुक्खू बोले- प्रदेश में पर्यटन विकास से राज्य की आर्थिकी होगी सुदृढ़

◆ युवाओं के लिए रोजगार व स्वरोजगार के अवसर भी होंगे सृजित

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा दे रही है और पर्यटकों की सुविधा के लिए कनेक्टिविटी व अधोसंरचना के विस्तार को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पर्यटन विकास से राज्य की आर्थिकी सुदृढ़ होगी तथा प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार व स्वरोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक जिला मुख्यालय तथा अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलों पर हेलिपोर्ट का निर्माण किया जा रहा है तथा हाल ही में संजौली हेलीपोर्ट से चंडीगढ़ और रिकांगपिओ के लिए हेलिकॉप्टर सेवाएं शुरू की गई हैं, जिससे पर्यटक राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों तक सुगमता से पहुंच सकेंगे। इसके अतिरिक्त संजौली-रामपुर-रिकांगपिओ तथा संजौली-मनाली (सासे हेलिपैड) के लिए भी शीघ्र हेलिकॉप्टर सेवाएं शुरू की जाएंगी।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने 123 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे हमीरपुर बस अड्डे का निरीक्षण भी किया। उन्होंने कहा कि दोनों परियोजनाओं पर कार्य तेजी से चल रहा है तथा इनका निर्माण कार्य तय समय के भीतर पूरा कर लिया जाएगा, जिससे जिला के लोगों को बड़ी सुविधा मिलेगी।

इस अवसर पर विधायक सुरेश कुमार व कै. रणजीत सिंह, पूर्व विधायक अनीता वर्मा, कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन रामचंद्र पठानिया, हिमाचल प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, एपीएमसी हमीरपुर के चेयरमैन अजय शर्मा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमन भारती, कांग्रेस नेता डॉ. पुष्पिंद्र वर्मा, सुभाष ढटवालिया, रूबल ठाकुर, सचिव एम सुधा देवी और आशीष सिंघमार, उपायुक्त गंधर्व राठौर, पुलिस अधीक्षक बलबीर सिंह एसडीएम नादौन निशांत शर्मा और अन्य गणमान्य उपस्थित थे।



जसकोट हेलिपोर्ट के निर्माण कार्य का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू। अनंत ज्ञान

# क्षितिज गर्ग मिस्टर और अनामिका को मिला मिस फेयरवेल का खिताब




बड्स स्कूल बिझड़ी में विदाई समारोह का आयोजन किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** बड्स पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बिझड़ी में कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों के सम्मान समारोह को आयोजन किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें नृत्य, गीत एवं कविताओं के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। इस दौरान क्षितिज गर्ग मिस्टर और अनामिका को मिस फेयरवेल के खिताब से नवाजा गया। इयके अनसचस मिस्टर पर्सनैलिटी-अगस्त्य पठानिया मिस पर्सनैलिटी-वंशिका शर्मा मिस्टर जीनियस-कृष शर्मा मिस जीनियस-ऋचा शर्मा के खिताब से सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव चंदेल ने अपने उद्बोष में आशीर्वचन में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि 'जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच अत्यंत आवश्यक है। आप सभी विद्यालय की अमूल्य धरोहर हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने अपने विद्यालयीन जीवन की यादें साझा कीं और भावुक वातावरण में शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर प्रवक्ता विजय कुमार प्रवक्ता सुनीता देवी , प्रवक्ता निशा कुमारी प्रवक्ता लक्की सहित कई अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

महिला की ओर से वृद्ध आश्रम के प्रधान पर जड़े अश्लील हरकतें करने के आरोपों का मामला

# शिकायत के बाद उचित कानूनी कार्रवाई करेगा प्रबंधन

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान फॉलोअप

◆ वृद्धाश्रम के प्रधान ने सभी आरोपों को बताया षड्यंत्र

**हमीरपुर।** शहर के साथ स्थापित वृद्धाश्रम के प्रधान ने जारी प्रेस बयान में कहा कि वृद्धाश्रम की कुक ने 25 फरवरी को जिलाधीश को दी गई शिकायत में जो आरोप लगाए हैं वो आश्रम के प्रधान और सेवारत कर्मचारियों और वृद्ध आश्रम को बदनाम करने के उद्देश्य से षड्यंत्र है। उन्होंने बताया कि 21 नवंबर, 2025 को जंगलबेरी निवासी अलग कमरा लेकर वृद्ध आश्रम में रहने लगे और 11 दिसंबर, 2025 को कुक जो कि पति से अलग होकर अपने लिवइन पार्टनर के साथ अपने दो बच्चों सहित वृद्ध आश्रम में नौकरी और रहने के लिए आई। अपना बायोडाटा दिया और कुक की नौकरी पर रख लिया गया और उसके साथी को वापस आश्रम से भेज दिया गया और उसके बच्चों को स्कूल की वर्दियां अन्य कपड़े और किताबें खरीद कर प्राइवेट स्कूल में पढ़ने भेजा गया जिसमें की 12000 के लगभग खर्च आया जो आश्रम के द्वारा खर्च किया गया। जनवरी 2026 के प्रथम सप्ताह से उपरोक्त कुक द्वारा जो जंगलबैरी के व्यक्ति कमरे में दरवाजा बंद कर बैठ जाना और इस पर आश्रम के कर्मचारियों द्वारा और प्रधान के द्वारा बार-बार समझाने के और विरोध करने के बावजूद कोई सुधार नहीं आया। उन्होंने बताया कि जनवरी के अंतिम सप्ताह में बदले की भावना से जिलाधीश हमीरपुर व उच्च न्यायालय हिमाचल प्रदेश को शिकायत भेजी जिसमें आश्रम की व्यवस्था एवं वैधता पर जांच की मांग की गई। उन्होंने बताया कि 5 फरवरी, 2026 को एसडीएम ने आश्रम में आकर जांच की गई एवं सभी वृद्धों, कर्मचारियों से मिले परंतु आरोप लगाने वाली कुक द्वारा कोई शिकायत या आरोप आश्रम के प्रधान और कर्मचारियों के विरुद्ध नहीं लगाए गए। 7 फरवरी को सबंधित कुक दबारा एक विडियो में स्वीकर किया गया कि सुरेश चौहान के कमरे में जाना, दरवाजा बंद करके बैठना और बिना अनुमति के उनके साथ जाना, बंद कमरे में गपे मारना गलत था। इसके बाद 11 फरवरी को आश्रम में रहे व्यक्ति की शिकायत पर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जिला एवं सत्र न्यायाधीश सचिव न्यायिक सेवाएं हमीरपुर निरीक्षण के लिए पधारे। सभी वृद्धों से मिले दो महिला कर्मचारियों सहित सभी से मिले तब भी झूठे आरोप लगाने वाली कुक द्वारा आश्रम के प्रधान और कर्मचारियों के विरुद्ध कोई शिकायत और आरोप नहीं लगाए गए तथा 12 फरवरी को जिला कल्याण अधिकारी द्वारा आश्रम में जंच कि गई सभी वृद्धों से मिले, महिला कर्मचारियों से मिले परंतु कुक ने कोई शिकायत या छेड़ने सबंधी आरोप नहीं लगाए। उन्होंने बताया कि 11 फरवरी उक्त व्यक्ति ने आश्रम का कमरा खाली कर दिया गया।

इसके बाद कुक को भी आश्रम छोड़ने के बारे में बोल दिया गया। उसने भी 14 फरवरी को आश्रम का कमरा खाली कर दिया। इसके बाद अचानक दिनांक 24 फरवरी को पूर्व कर्मचारी कुक महिला थाना हमीरपुर पहुंची और आश्रम के प्रधान और अन्य के विरुद्ध छेड़छाड़ के आरोप लगाए।

### शिकायत पर जांच अधिकारी ने दी सफाई

**थाना** हमीरपुर की महिला जांच अधिकारी द्वारा पूरी जांच करने के बाद संबंधित कुक द्वारा प्रधान और जांच अधिकारी को बताया कि उसने यह शिकायत उक्त व्यक्ति के कहने पर की है और वह उनके साथ बच्चों सहित रह रही है और अब अपनी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं करवाना चाहती और कहा कि मेरे फरवरी के आधे महीने का वेतन का भुगतान करवाया जाए। उन्होंने बताया कि दिसंबर से लेकर फरवरी तक कुल मिलाकर 37000 की राशि महिला कुक को अदा कर दी गई है। उन्होंने बताया कि महिला ने दोबारा मेरे ऊपर लगाए गए आरोपों की जांच करने के लिए जिलाधीश को पत्र दिया। उन्होंने बताया कि आश्रम के प्रधान और सेवारत कर्मचारियों को और वृद्धाश्रम को बदनाम करने के उद्देश्य से षड्यंत्र के अधीन आरोप लगाए जा रहे हैं जिसके लिए आश्रम प्रबंधन द्वारा उपयुक्त समय पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### विधायक सुरेश ने भोरंज के विकास को दी नई पहचान: भड़ोल

**अनंत ज्ञान, जाहू।** प्रदेश ओबीसी कल्याण बोर्ड के मेंबर एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता संतोष भड़ोल ने कहा कि विधायक सुरेश कुमार की दूरदर्शी सोच के चलते ही आज भोरंज विधानसभा क्षेत्र में विकास को नई पहचान मिली है। उन्होंने जारी प्रेस बयान में कहा कि कस्बों में व्याप्त जनसमस्याओं के निराकरण के चलते ही आज भोरंज को नई पहचान मिली पाई है। भोरंज में साढ़े चार करोड़ की लागत से बन रहे आधुनिक बस स्टैंड तथा अढ़ाई करोड़ से शंभु ताल के सौंदर्यकरण ने भोरंज मुख्यालय को पर्यटन की दृष्टि से उबारा है। उन्होंने भाजपा पर भोरंज के लोगों को 35 सालों तक समग्र विकास से वंचित रखने का आरोप लगाया और कहा कि विधायक सुरेश के प्रयासों से पिछले तीन सालों में भोरंज को करोड़ों की सौगात मिली है। उन्होंने कहा कि जाहू में उपतहसील, औद्योगिक क्षेत्र, खेल मैदान, पेयजल योजना, रेस्ट हाउस जैसी सुविधाएं प्रदान की गई हैं। सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए भोरंज में लोहड़ी उत्सव और जाहू में मेवा उत्सव जैसे कार्यक्रम आयोजित होना से सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण को बल मिला है।

# नादौन में 2 करोड़ से बनेगी लाइब्रेरी आधुनिक सुविधाओं से होगी लैस

अनंत ज्ञान

**नादौन।** नादौन में 2 करोड़ की लागत से बड़ी लाइब्रेरी बनेगी, इससे लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। विभिन्न प्रकार का साहित्य उपलब्ध होगा। यह लाइब्रेरी मिन्नी सचिवालय नादौन के साथ लगते यशपाल साहित्य सदन के भवन को डिस्मेंटल करके उसी स्थल पर बनाई जाएगी। जिसमें पाठकों के बैठने के लिए उचित व्यवस्था के साथ साथ कैंटीन, पार्किंग, चार्जिंग स्टेशन, कंप्यूटर लैब के अलावा एक कॉन्फ्रेंस हाल बनाया जाना प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने बीते दिनों स्थानीय लोगों एवं साहित्य प्रेमियों की मांग पर नादौन में भव्य लाइब्रेरी बनाने का आश्वासन दिया था जिसके चलते मुख्यमंत्री ने इस लाइब्रेरी के लिए 2 करोड़ से नादौन में भव्य लाइब्रेरी बनाए जाने के लिए निदेशक भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश को निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री के निर्देशों का पालन करने हुए निदेशक भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश ने इस संदर्भ में जिला भाषा अधिकारी हमीरपुर को एक पत्र भी प्रेषित किया है।

### पुराने भवन को गिराने का कार्य शुरू



**एसडीएम** निशांत शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश में नादौन में भव्य लाइब्रेरी का निर्माण कार्य शीघ्र ही शुरू करवा दिया जाएगा। पुराने भवन को गिराने का कार्य शुरू कर दिया है। एक सप्ताह के भीतर डिस्मेंटल करने का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। उसके बाद लाइब्रेरी के निर्माण कार्य की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

### 'बुजुर्गों के अनुभव युवाओं की ऊर्जा ही वास्तविक शक्ति'

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने शुक्रवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सुजानपुर टीहरा में वरिष्ठ नागरिकों के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना के तहत 'इंटर जनरेशनल बॉंडिंग' पर एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में विधायक कैप्टन रणजीत सिंह मुख्य अतिथि थे। जिला कल्याण अधिकारी चमन लाल शर्मा ने उन्हें शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में 50 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों और आईटीआई प्रशिक्षु एवं स्टाफ ने भाग लिया। मुख्य अतिथि ने कहा कि वृद्धों का अनुभव और युवाओं की ऊर्जा का समन्वय ही समाज की वास्तविक शक्ति है। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी, मटका फोड़, म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की गईं। वरिष्ठ नागरिकों ने युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया, जबकि युवाओं ने लघु नाटिका प्रस्तुत की। आईटीआई प्रधानाचार्य आतिश वर्मा और सोसाइटी फॉर एनवायरमेंटल एंड रूरल अवेकनिंग के प्रदीप शर्मा ने भी विचार साझा किए।

# कैप्टन रणजीत सिंह ने किया चौधरी सिद्धू राम की प्रतिमा का अनावरण



चौधरी सिद्धू राम की प्रतिमा का अनावरण करते विधायक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** सुजानपुर के सिद्धू चौक पर विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने स्वतंत्रता सेनानी चौधरी सिद्धू राम की भव्य प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। विधायक के पहुंचते ही लोगों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर और नारों के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए विधायक ने कहा कि यह केवल एक मूर्ति का अनावरण नहीं, बल्कि इतिहास और बलिदान के प्रति सच्चा सम्मान है। उन्होंने बताया कि वर्षों से चौक का नाम चौधरी सिद्धू राम के नाम पर था, लेकिन अब उनकी प्रतिमा स्थापित होने से श्रद्धांजलि पूर्ण हुई है।

पूर्व सैनिक होने के नाते विधायक ने कहा कि वे बलिदान का महत्व भली-भांति समझते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों को अपनाकर देश के विकास में योगदान दें। कार्यक्रम के अंत में लोगों ने इस ऐतिहासिक पहल के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

# युगल नृत्य में दीक्षा और वंशिका ने मारी बाजी

## धनेटा कॉलेज की केंद्रीय छात्र परिषद का सांस्कृतिक कार्यक्रम 'उमंग-2026' आयोजित

अनंत ज्ञान

**धनेटा।** राजकीय महाविद्यालय धनेटा में केंद्रीय छात्र परिषद का सांस्कृतिक कार्यक्रम 'उमंग-2026' आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. हरदेव सिंह जमवाल और विशेष अतिथि सेवानिवृत्त कर्नल एडी शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम में युगल नृत्य, एकल नृत्य, एकल गान, समूह नृत्य, फैंसी ड्रेस, मॉडलिंग और कविता वचन जैसी मुख्य अतिथि डॉ. हरदेव सिंह जमवाल सेवानिवृत प्राचार्य ने अपने संबोधन में छात्रों को कहा कि जीवन में गुरु का मार्गदर्शन विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।




सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देतीं छात्राएं। अनंत ज्ञान

मुख्य अतिथि ने महाविद्यालय के छात्रों को कहा कि जीवन में संघर्ष, बड़ों का आदर, सम्मान, उनका सहयोग व्यक्ति के जीवन तथा उसकी सोच को विकसित करने का सबसे महत्वपूर्ण कारक है। उन्होंने कहा कि जीवन में शिक्षा ही वह महत्वपूर्ण बिंदु है जिससे मनुष्य अपना विकास करने के साथ-साथ समाज तथा राष्ट्र का विकास कर सकता है और साथ ही विद्यार्थी को अपने जीवन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया जिससे उनकी ऊर्जा और लक्ष्य को सही रास्ते की ओर परिवर्तित किया जा सकता है। भारत विभिन्न धर्मों, संप्रदायों व् संस्कृतियों का एक ऐसा अनूठा गुलदस्ता है जो संपूर्ण विश्व को परिवार की परिधि में बांधने की अभूतपूर्व क्षमता रखता है। मुख्य अतिथि ने अपने वक्तव्य में आगे भारतवर्ष के अतीत, वर्तमान, भविष्य का मणिकांचन संयोग प्रस्तुत करते हुए भारत की सांस्कृतिक विरासत उसका महत्व तथा वर्तमान समय में जीवन को आदर्श रूप में कैसे जिया जा सकता है इसके बारे में विस्तृत व्याख्यान दिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में ऐसी प्रस्तुतियां दी गई ,जिसने दर्शकों को अचंभित एवं आश्चर्यचकित करते हुए तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया। युगल नृत्य में प्रथम स्थान पर दीक्षा तथा वंशिका, वाणिज्य स्नातक प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान पर कल्पना तथा अदिति, कला स्नातक तृतीय वर्ष एवं तृतीय स्थान पर पलक तथा नेहा और पलक तथा महक रहे। एकल नृत्य में प्रथम स्थान पर वरुण शर्मा, वाणिज्य स्नातक तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान पर वर्षा, कला स्नातक तृतीय वर्ष तथा तीसरा स्थान पलक एवं कंचन ने प्राप्त किया।

एकल गान में प्रथम स्थान पर महक, द्वितीय स्थान पर रेखा तथा तृतीय स्थान पर वरुण रहे। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर महक , द्वितीय स्थान पर कंचन , तृतीय स्थान पर मनीषा रहे। महाविद्यालय के छात्रों द्वारा 'द्रोपदी चीरहरण 'तथा 'मां रत्नों' के ऊपर की गई प्रस्तुतियां चर्चा एवं आकर्षण का केंद्र रही।

**नाराजगी** चौगान में राष्ट्र स्तरीय होली मेले की तैयारियां जोरों पर, कुश्ती बंद होने पर निराशा

# होली मेले में इस बार नहीं होगी कुश्ती

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** 1 मार्च से शुरू होने वाले राष्ट्रीय स्तरीय होली मेले में इस बार पहली बार कुश्ती प्रतियोगिता दिखाई नहीं देगी। बरसों से जारी इस खेल प्रतियोगिता को देखने वाले खेल प्रेमियों में जिसके चलते निराशा का छा गई है।

खेल प्रेमियों का कहना है कि हर वर्ष कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता था, लेकिन इस वर्ष यह प्रतियोगिता अचानक बिना किसी कारण के बंद कर दी गई है। प्रतियोगिता में भगाने के लिए प्रदेश के ईलावा पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश व दिल्ली आदि से पहलवान अपना दमखम दिखाने के लिए पहुंचते थे। कुश्ती प्रेमी भी यहां पर पहलवानों की कुश्ती का आनंद लेने के लिए आते थे। प्रशासन के द्वारा लिए गए इस फैसले से खेल प्रेमियों में खासा रोष है। उधर, राष्ट्रीय स्तरीय होली में के लिए दुकानें सजना शुरू हो गई हैं। चौगान में दूर-दूर से आने वाले व्यापारियों ने डेरा डालना शुरू कर दिया है। इसके साथ ही झूला मार्केट और डोम आदि भी तैयार किया जा रहे हैं। राष्ट्रीय स्तरीय होली में लेकर उद्घाटन 1 मार्च को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा किया जा रहा है। मेले के सफल आयोजन के लिए प्रशासन द्वारा अपने स्तर पर तैयारियां जारी हैं।

इस बार महिलाओं के कार्यक्रमों पर खास जोर दिया गया है। इस बार महिलाओं का झमाकड़ा, लेमन रेस, रस्साकसी आदि प्रमुख आकर्षण रहेंगे। उधर, मेला शुरू होने में अब एक ही दिन शेष रह गया है। विभिन्न प्रशासनिक विभाग अपने-अपने स्तर पर मेला को सफल बनाने के लिए कार्य करने में लगे हुए हैं।



राष्ट्रीय स्तरीय होली मेले को लेकर चौगान में झूला और दुकानें सज रही हैं। अनंत ज्ञान

## न्यूज ब्रीफ

### कुलदीप पठानिया के प्रवास कार्यक्रम में आंशिक बदलाव

**अनंत ज्ञान, चंबा।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के प्रवास कार्यक्रम में आंशिक बदलाव किया गया है। विधानसभा अध्यक्ष के संशोधित प्रवास कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि कुलदीप सिंह पठानिया 28 फरवरी को प्रातः10 बजे ढूंडियारा बंगला में संसदीय एवं अल्पसंख्यक मामले मंत्री किरेन रिजिजू के साथ रहेंगे और उनका रात्रि ठहराव सर्किट हाउस चंबा में रहेगा। 1 मार्च को विधानसभा अध्यक्ष दोपहर बाद चंबा से सिहुंता के लिए रवाना होंगे। उन्होंने बताया कि 2 मार्च को 11:30 बजे विधानसभा अध्यक्ष सिहुंता से शिमला के लिए प्रस्थान करेंगे।

### उमेश भारद्वाज प्रतिभा पुष्प अवॉर्ड से सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** अमेरिका की प्रतिभा पुष्प फाउंडेशन ने इस साल का अवॉर्ड मंडी की प्रख्यात कला संस्था संगीत सदन के संचालक उमेश भारद्वाज को दिया है। शुक्रवार को खत्री सभा मंडी में संपन्न संस्था के नौवें अवार्ड समारोह में प्रख्यात गायिका एवं शिक्षाविद् हिमाचल की स्वर कोकिला कही जाने वाली शुक्ला शर्मा इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहीं जिन्होंने उमेश भारद्वाज को स्मृतिचिह्न व 25 हजार रूपए का चेक प्रदान करके सम्मानित किया। इस मौके पर मंडी शहर के मूल निवासी वर्तमान में अमेरिका में बस चुके पुष्प कपूर जो इस फाउंडेशन के संचालक हैं तथा मंडी में कई बड़े कार्यों में अपना योगदान देते आए हैं वह भी मौजूद थे। गणमान्य लोगों व शहर की विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों से खचाखच भरे खत्री सभा भवन हाल में हुए इस गरिमापूर्ण कार्यक्रम में फाउंडेशन के संचालक पुष्प कपूर ने कहा कि पिछले 9 साल से लगातार चल रहे इस अवार्ड कार्यक्रम जिसमें अब तक कला, संस्कृति, खेल व अन्य विधाओं में उल्लेखनीय कार्य करने वाली कई हस्तियों को सम्मानित किया जा चुका है।

### हरदासपुरा में प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया

**अनंत ज्ञान, चंबा।** शुक्रवार को बीआरसी कार्यालय हरदासपुरा में खंड स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय प्रबंधन समिति कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी शुभदेवी ने की, जबकि जिला पीटीएफ प्रेसिडेंट पुनीत निराला मुखतिथि रहे। शिक्षा खंड के विभिन्न राजकीय प्राथमिक विद्यालयों की समितियों के सदस्यों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता डॉ. कविता बिजलवान ने माताओं सहित सभी सदस्यों को सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाली विद्यालय समितियों को मोमेंटो, चेक और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल के सदस्यों को भी सम्मान दिया गया। कार्यक्रम विद्यालय और समुदाय के बीच सहयोग बढ़ाने में महत्वपूर्ण साबित हुआ।

### नारेबाजी कर सत्य की जीत का जश्न मनाया

**अजीत सिंह, अनंत ज्ञान, डलहौजी।** बस स्टैंड डलहौजी में जिला अध्यक्ष अजय कुमार अटवाल के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में कई पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए। अटवाल ने कहा कि दिल्ली के शराब घोटाले के नाम पर पार्टी नेताओं को बदनाम करने की साजिश अदालत के फैसले से बेनकाब हो गई। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने अरविंद केजरीवाल को फंसाने का प्रयास किया। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर इसे सत्य की जीत और नई राजनीति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

### नया ट्रांसफार्मर लगवाकर बिजली बहाल की

**अनंत ज्ञान, तीसा।** जिला चंबा की ग्राम पंचायत शलेला बाड़ी के चिड़ोग गांव में तीन दिन पहले ट्रांसफार्मर जलने से बिजली आपूर्ति ठप हो गई थी। इस दौरान समाजसेवी और पत्रकार हाशु शेख ने बिजली विभाग के एसडीओ अमीर चंद को समस्या से अवगत कराया। एसडीओ अमीर चंद ने तुरंत नया ट्रांसफार्मर लगवाकर गांव की बिजली बहाल की। ग्रामीणों ने एसडीओ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रमजान के पवित्र महीने में इतनी जल्दी मदद मिलने से उन्हें बड़ी राहत मिली। इसके साथ ही सड़क न होने पर ग्रामीणों ने सरकार और प्रशासन पर रोष जताया।

### मंडी न्यायालयों में होली अवकाश 2 मार्च को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश मंडी पारस डोगर ने बताया कि उपायुक्त मंडी द्वारा जारी संशोधित अधिसूचना के अनुसार 2 मार्च (सोमवार) को होली उत्सव के अवसर पर स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि पूर्व में 3 मार्च (मंगलवार) को घोषित स्थानीय अवकाश के स्थान पर अब 2 मार्च को अवकाश रहेगा। उन्होंने कहा कि इस निर्णय के दृष्टिगत जिला मुख्यालय मंडी स्थित सभी न्यायिक न्यायालयों में 2 मार्च को पूर्व निर्धारित मामलों की सुनवाई अब 3 मार्च (मंगलवार) को प्रभावी रूप से की जाएगी।

# खटारा बसों ने बीच राह छोड़ा साथ, मैडा चकोली रूट पर घंटों फंसी रहीं सवारियां

अनंत ज्ञान

**सुनील पहाड़ी, सलूणी।** जिला चंबा में परिवहन निगम की जर्जर बसें यात्रियों के लिए लगातार मुसीबत का कारण बनती जा रही हैं।

मैडा और चकोली रूट पर चल रही निगम की दो बसें बीच रास्ते में ही खराब हो गईं, जिससे दर्जनों यात्रियों को घंटों सड़क पर परेशानियों का सामना करना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों बसें अचानक तकनीकी खराबी के कारण रुक गईं। चालक और परिचालक ने बसों को ठीक करने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। मजबूरन यात्रियों को दूसरी गाड़ियों का इंतजार करना पड़ा। कई लोग निजी वाहनों से गंतव्य तक पहुंचे, तो कुछ पैदल ही आगे बढ़ने को विवश हुए। स्थानीय लोगों का आरोप है कि परिवहन विभाग लंबे समय से बसों की हालत सुधारने में असफल रहा है। आए दिन बसों के खराब होने की घटनाएं सामने आती हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को भारी दिक्कतें झेलनी पड़ती हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या नई नहीं है, लेकिन विभाग की ओर से ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे। यात्रियों ने बताया कि बसों के खराब होने से स्कूल और दफ्तर जाने वाले लोग समय पर नहीं पहुंच पाए। छात्रों की परीक्षाएं और कर्मचारियों की हाजिरी प्रभावित हुई। कई महिलाओं और बुजुर्गों को भी सड़क किनारे लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा। ग्रामीणों ने परिवहन विभाग से मांग की है कि जर्जर बसों की जल्द मरम्मत करवाई जाए या फिर नई बसें रूट पर लगाई जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की परेशानी से बचा जा सके। विभागीय लापरवाही को लेकर लोगों में गहरा रोष देखा जा रहा है।



मैडा-चकोली रूट पर खड़ी बस। अनंत ज्ञान

## 53 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** आयुष विभाग चंबा द्वारा मोबाइल मेडिकल यूनिट के द्वारा जनजातीय क्षेत्र भरमौर के अंतर्गत खेल मैदान मेहला गांव ग्राम पंचायत मेहला तहसील चंबा में शुक्रवार को सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में एक दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। लोगों को घर के नजदीक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से जिला आयुष अधिकारी डॉ. दलीप शर्मा के दिशा निर्देश अनुसार आयोजित किए गए शिविर में कुल 53 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर में 15 मरीजों के शुगर टेस्ट,5 मरीजों के हीमोग्लोबिन टेस्ट और बीपी जांच भी की गई। इस दौरान चिकित्सकों ने बीमारी के अनुसार मरीजों को दवाइयां वितरित करने के साथ जरूरी निर्देश भी दिए तथा लोगों को अपनी जीवनशैली में योग अपनाने को कहा और योगासन भी करवाए गए। लोगों को आयुर्वेद से संबंधित आई ई सी सामग्री भी वितरित की गई। इस संबंध में जिला आयुष अधिकारी डॉ. दलीप शर्मा ने बताया कि शिविर बारे लोगों को पहले से ही जानकारी दी गई थी। इस कारण काफी संख्या में इस क्षेत्र के लोगों ने शिविर में पहुंचकर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई।

## चूड़ी में प्रस्तावित बीपीएचयू को असुरक्षित भवन में खोलने पर जनता का विरोध

अनंत ज्ञान

**चंबा।** उपतहसील धरवाला की 24 पंचायतों के लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) चूड़ी में प्रस्तावित ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट (बीपीएचयू) को दूनाली स्थित वन विभाग के भवन में खोलने के निर्णय का कड़ा विरोध किया है। क्षेत्र की जनता ने इसे असुरक्षित बताते हुए एनएचपीसी कॉलोनी चूड़ी या एनएचपीसी कॉलोनी लोथल में स्थापित करने की मांग उठाई है।

ग्रामीणों का कहना है कि दूनाली में चयनित वन विभाग का भवन पहाड़ी ढांक के नीचे स्थित है, जहां पहले भी कई बार पत्थर गिर चुके हैं। सुरक्षा कारणों से वन विभाग द्वारा इस भवन को बंद किया जा चुका है। ऐसे में यहां स्वास्थ्य इकाई खोलना कर्मचारियों और आम जनता की सुरक्षा के साथ गंभीर खिलवाड़ होगा। इसके अलावा दूनाली, सीएचसी चूड़ी से लगभग 5 किलोमीटर दूर है, जिससे मरीजों और ग्रामीणों को अतिरिक्त परेशानी का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन खंड चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) चूड़ी का कार्यालय भी सीएचसी चूड़ी से दूनाली स्थानांतरित करने की तैयारी में हैं, जबकि यह कार्यालय वर्षों से सीएचसी चूड़ी में ही संचालित हो रहा है। जनता का कहना है कि एनएचपीसी कॉलोनी चूड़ी और एनएचपीसी कॉलोनी लोथल में कई भवन खाली पड़े हैं, जो पूरी तरह सुरक्षित हैं तथा वहां पर्याप्त पार्किंग सुविधा भी उपलब्ध है। यदि बीपीएचयू को इन स्थानों पर स्थापित किया जाता है तो उप तहसील धरवाला की 24 पंचायतों के लोगों को बेहतर और सुगम स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। इस संबंध में ग्रामीण संजय राजपूत सहित क्षेत्र के अन्य नागरिकों कमल ठाकुर, खेम सिंह, विक्रांत ठाकुर, राकेश ठाकुर, मुकेश शर्मा, रवि राजपूत, परवीन शर्मा, गोपाल और महेंद्र कुमार ने विधायक भरमौर, प्रोफेसर डॉ. जनक राज से हस्तक्षेप करने की अपील की है। उन्होंने मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए बीपीएचयू को सुरक्षित और सुलभ स्थान पर ही स्थापित किया जाए। क्षेत्रवासियों ने आगे कहा कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो वे लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध दर्ज कराने को बाध्य होंगे।

## अदिति ठाकुर प्रथम, विवेक ठाकुर रहे द्वितीय

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय महाविद्यालय चंबा में युवा भारत चंबा तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में विकसित भारत युवा संसद एवं युवा कनेक्ट कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले भर से युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्राचार्य प्रो. राकेश राठौर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। युवा कनेक्ट सत्र में युवा आइकॉन अंकिता शर्मा और नितिन शर्मा ने नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण पर अपने अनुभव साझा किए। भाषण प्रतियोगिता का विषय 'आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सीख' रहा। प्रतियोगिता में अदिति ठाकुर प्रथम, विवेक ठाकुर द्वितीय, तम्मना तृतीय, अर्पित जरयाल चतुर्थ और राधिका पंचम स्थान पर रहीं। चयनित प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गेयटी थियेटर में भाग लेंगे। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

## खेल मैदान की कमी से जूझ रहा राजकीय प्राथमिक पाठशाला कन्हेलू

अनंत ज्ञान

**धरवाला।** विकासखंड गैहरा के अंतर्गत पड़ने वाली राजकीय प्राथमिक पाठशाला कन्हेलू के बच्चे खेल मैदान न होने से अनेक गतिविधियों से जूझ रहे हैं।



राजकीय प्राथमिक पाठशाला कन्हेलू में नर्सरी से लेकर कक्षा पांचवीं तक जहां 31 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। वहीं, खेल मैदान न होने से सुबह की प्रार्थना सभा भी एक छोटे से बरामदे में करवानी पड़ती है। विद्यालय समिति की अध्यक्ष सत्या देवी ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ शारीरिक विकास के लिए खेलकूद भी बहुत जरूरी है। वहीं, विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष सत्या देवी सहित बच्चों के अभिभावकों पूजा देवी, लक्ष्मी देवी, अजीत शर्मा, गौरी शंकर, सुनील कुमार, सोनू, बोधराज, ललिता देवी, पांजू राम सहित बहुत से अभिभावकों का कहना है कि बच्चों को खेल मैदान न होने से विभिन्न प्रकार की खेलों, प्रातः कालीन की सभा व योगाभ्यास करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, विद्यालय समिति की अध्यक्ष सत्या देवी का कहना है कि इस संदर्भ में हमने मूल दस्तावेज सहित फाइल युवा खेल सेवा अधिकारी चंबा के कार्यालय में 20 अगस्त 2025 को जमा करवा दी है, लेकिन अध्यक्ष सत्या देवी का कहना है कि इस फाइल को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है, जहां एक तरफ सरकार शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद की बात करती है। वहीं, खेल मैदान न होने से बच्चों को करवाई जाने वाली विभिन्न गतिविधियों से वंचित रखा जा रहा है। अध्यक्ष सत्या देवी सहित समस्त अभिभावकों का कहना है कि खेल मैदान निर्माण के लिए दिए गए जरूरी दस्तावेजों पर गौर की जाए, ताकि खेल मैदान का निर्माण अति शीघ्र शुरू किया जा सके वह बच्चों का भविष्य बर्बाद होने से बच सके।

## 24 पंचायतों को जनजातीय दर्जा दिलाने की गूंज

अनंत ज्ञान

**मैहला।** ग्राम पंचायत मैहला का मंच शुक्रवार को जनआक्रोश और उम्मीदों का प्रतीक बन गया, जब ललित ठाकुर ने गैर जनजातीय क्षेत्र की 24 पंचायतों को जनजातीय क्षेत्र का दर्जा दिलाने का मुद्दा प्रखरता से उठाया।



'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम के दौरान उन्होंने यह मांग सीधे विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के समक्ष रखते हुए स्पष्ट कहा कि अब केवल आश्वासन नहीं, ठोस निर्णय चाहिए। अपने संबोधन में ललित ठाकुर ने तीखे शब्दों में कहा, यह मुद्दा अक्सर चुनाव से पहले उठाया जाता है। नेताओं द्वारा इसे अपनी राजनीति चमकाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन चुनाव जीतने के बाद प्रतिनिधि इसे भूल जाया करते हैं। आज की तारीख में भी स्थिति वही है — वादे हैं, लेकिन समाधान नहीं। उन्होंने कहा कि चड़ी से कूंर तक तथा खुंदेल बलोठ से लेच तक की पंचायतें सामाजिक, सांस्कृतिक और भौगोलिक रूप से जनजातीय क्षेत्र की पहचान रखती हैं, फिर भी उन्हें गैर जनजातीय क्षेत्र का दर्जा देकर मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा गया है।

'हमारी वेशभूषा, खान-पान, रहन-सहन, भाषा और संस्कृति सब एक समान है, फिर दर्जा अलग क्यों? यह सीधा-सीधा अन्याय है,' उन्होंने कहा। ललित ठाकुर ने बताया कि इन 24 पंचायतों में लगभग 46 हजार मतदाता और करीब 60 हजार की आबादी निवास करती है, जो वर्षों से जनजातीय दर्जे की उम्मीद लगाए बैठी है। उन्होंने कहा कि दुर्गम क्षेत्रों में आज भी सड़क सुविधा नहीं पहुंची है, स्वास्थ्य सेवाएं अपर्याप्त हैं और विकास की रफ्तार बेहद धीमी है। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष से आग्रह करते हुए कहा कि इस बार इस विषय पर गंभीर विचार-विमर्श कर ठोस निर्णय लिया जाए। 'मुझे उम्मीद ही नहीं, पूर्ण विश्वास है कि आप हमारी इन पंचायतों के साथ न्याय करेंगे।

उन्होंने कहा कार्यक्रम के अंत में उन्होंने उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों और ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह केवल राजनीतिक मुद्दा नहीं, बल्कि क्षेत्र के सम्मान, अधिकार और भविष्य का प्रश्न है और इस बार 24 पंचायतों की आवाज अनसुनी नहीं की जानी चाहिए।

## जनसमस्याओं के समाधान का प्रभावी मंच 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम: पठानिया

अनंत ज्ञान

**राहुल सहगल, ब्यूरो, चंबा।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की अध्यक्षता में आज भरमौर विधानसभा क्षेत्र के तहत ग्राम पंचायत मैहला में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत मैहला, चडी, फागड़ी, बंदला, दाढवीं, वकाण के लोगों ने अपनी समस्याएं तथा मांगे रखी।



विधायक नीरज नैय्यर, डॉ. जनकराज कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे। सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में 400 के करीब लोगों ने अपनी शिकायतें-मांगे रखते हुए विभिन्न विभागीय योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनियों के माध्यम से जानकारी प्राप्त की और विभिन्न विभागीय सेवाओं से लाभ प्राप्त किया। विधानसभा अध्यक्ष ने लोगों से सीधा संवाद करते हुए समस्याओं को सुना और अधिकांश का मौके पर ही समाधान किया। कुलदीप सिंह पठानिया ने इस दौरान अपने संबोधन में कहा कि सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के माध्यम से जहां एक ओर लोगों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर त्वरित समाधान हो रहा है वहीं लोगों द्वारा रखी जा रही विभिन्न मांगों से क्षेत्र की आवश्यकताओं की जानकारी भी सरकार के समक्ष पहुंच रही है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के कुशल एवं पारदर्शी नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा लोगों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम पूर्व सरकारों के समय आयोजित कार्यक्रमों से पूर्णतः भिन्न है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के आयोजन को लेकर प्रदेश सरकार ने हर पहलू का गंभीरता से आकलन करते हुए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की है।

कुलदीप सिंह पठानिया ने स्थानीय विधायक डॉ. जनकराज की मांग पर भरमौर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सड़क कनेक्टिविटी को विस्तार देने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ में उन्होंने जिला कृषि उपज एवं विपणन समिति के अध्यक्ष ललित ठाकुर द्वारा भरमौर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गैर-जनजातीय क्षेत्र को जनजातीय श्रेणी में शामिल करने संबंधी मुद्दे को विधानसभा की पिटीशन कमेटी के माध्यम से प्रस्ताव केंद्र सरकार को प्रेषित करने का आश्वासन भी दिया। सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में राजस्व विभाग द्वारा इस मौके पर 25 भूमि के इंतकाल दर्ज किए गए। इस दौरान 8 लोगों के आधार कार्ड अपडेट किए गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 89 व्यक्तियों की विभिन्न रोगों से संबंधित स्वास्थ्य जांच की गई तथा निशुल्क टेस्ट व दवाइयां वितरित की गई। इसके साथ 17 लोगों की हेपेटाइटिस तथा एचआईवी संक्रमण की भी जांच की गई जबकि चार लोगों को अपंगता प्रमाण पत्र के लिए पंजीकृत किया गया। विधानसभा अध्यक्ष ने कार्यक्रम में संबंधित ग्राम पंचायतों के गत वर्ष आपदा से प्रभावित 6 परिवारों को 6 लाख 20 हजार राशि के चेक भी वितरित किए तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 6 लोगों को घर की चाबियां भी वितरित की। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 10 लाभार्थियों को बीमा दस्तावेज प्रदान किए गए।

उन्होंने इस दौरान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के तत्वावधान आयोजित नशा मुक्त भारत एवं वरिष्ठ नागरिकों तथा युवाओं के मध्य संवाद कार्यक्रम के तहत भाषण एवं नारा लेखन प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार भी प्रदान किए। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने स्वागत संबोधन रखा। उन्होंने लोगों की समस्याओं के समाधान को लेकर जिला प्रशासन द्वारा उठाए जा रहे कदमों की जानकारी भी साझा की।

## वनों में आग लगाने पर दो वर्ष का होगा कारावास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** वन विभाग ने जंगलों में आग की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए कानूनी प्रावधानों को लेकर सख्त चेतावनी जारी की है। वन हमारी राष्ट्रीय संपत्ति हैं और उनकी सुरक्षा प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। वनों में आग लगाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें दो वर्ष तक का कारावास, पांच हजार रुपए तक का जुर्माना अथवा दोनों दंड शामिल हैं। उप अरण्यपाल मंडी वासु डोगर ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति अपनी निजी भूमि पर आग जलाना चाहता है तो उसे पहले निकटतम वन कार्यालय को सूचित करना अनिवार्य है। नियमों के अनुसार वन क्षेत्र से कम से कम 100 मीटर की दूरी पर ही आग जलाई जा सकती है, ताकि जंगलों में आग फैलने की संभावना कम हो। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों को वनों में कुछ परंपरागत अधिकार प्राप्त हैं, लेकिन इन अधिकारों के साथ वन संपदा के संरक्षण व विकास में सहयोग देना भी आवश्यक है। गर्मी के मौसम में विशेष सतर्कता बरतने व वन अग्नि की किसी भी घटना की तुरंत सूचना विभाग को देने की अपील की गई है।

## प्राथमिकता से निपटाए जाएंगे एक वर्ष से अधिक पुराने राजस्व मामले: अपूर्व देवगन

अनंत ज्ञान

**मंडी।** उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार में आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक में 1 जनवरी से 15 फरवरी तक निपटाए गए राजस्व अदालती मामलों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि एक वर्ष से अधिक पुराने सभी राजस्व मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए और लंबित मामलों के निपटारे में तेजी लाई जाए।



उन्होंने कहा कि राजस्व मामलों के लंबित रहने से आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है, इसलिए प्रत्येक अधिकारी समयबद्ध कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य निर्धारित करे। विशेष रूप से तकसीम, निशानदेही और राजस्व दुरुस्ती से जुड़े मामलों को प्राथमिकता से निपटाने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा गया कि एक वर्ष से अधिक पुराना कोई भी मामला लंबित नहीं रहना चाहिए। बैठक में उपायुक्त ने निर्देश दिए कि जिन पटवार भवनों का निर्माण कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है, उन्हें 31 मार्च तक हर हाल में पूरा किया जाए। उन्होंने वर्ष 2023-24 और 2024-25 की लंबित जमाबंदियों को भी 31 मार्च तक पूर्ण करने के आदेश दिए। राहत से संबंधित लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे के निर्देश भी दिए गए। उपायुक्त ने स्वामित्व योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए इसकी प्रगति पर संतोष व्यक्त किया और शेष कार्य निर्धारित समयसीमा में पूरा करने को कहा। बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ. मदन कुमार, जिला राजस्व अधिकारी हरीश शर्मा सहित उपमंडलाधिकारी, तहसीलदार और नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

## मजदूरों की मांगों पर संघर्ष तेज करेगी सीटू: विजेंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सीटू हिमाचल प्रदेश राज्य कमेटी के पदाधिकारियों की बैठक कॉमरेड तारा चंद भवन मंडी में विजेंद्र मैहरा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें राष्ट्रीय सचिव डॉ. कश्मीर सिंह ठाकुर के अलावा राज्य महासचिव प्रेम गौतम कोषाध्यक्ष अजय दुल्टा, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, सुदेश ठाकुर, राजेश ठाकुर, राजेश शर्मा, कुलदीप सिंह, अमित कुमार आदि उपस्थित रहे। बैठक में मुद्दों को लेकर 24 मार्च को दिल्ली में होने जा रही रैली में सीटू से जुड़ी यूनियनों के सदस्य भाग लेंगे। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड से लंबित लाभ लंबे अरसे से जारी न होने के विरोध में 26 से 28 मई को बोर्ड ऑफिस हमीरपुर पर घेरा डालो डेरा डालो आंदोलन किया जाएगा। वहीं, आंगनबाड़ी वर्करों की मांगों को लेकर 8 जून को शिमला में महारैली आयोजित की जाएगी।

# कठिन पहाड़, लंबा सफर फिर भी हर पड़ाव पर उमड़ेगा भक्तों का सैलाब

## सुकेत की धरा पर पधारने जा रहे देव गढ़पति श्री नाग च्वासी सिद्ध, पांच पड़ावों में पूरी होगी सुंदरनगर तक की यात्रा

अनंत ज्ञान

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर।** हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों में स्थानीय देवी-देवताओं की परंपरा सदियों पुरानी है।

प्रतिवर्ष विभिन्न मेलों में देव समागम के माध्यम से सामाजिक और आध्यात्मिक एकता का संदेश दिया जाता है। इसी कड़ी में मंडी जिला के सुंदरनगर में इस वर्ष आस्था और परंपरा का एक अद्भुत अध्याय जुड़ने जा रहा है। लगभग 180 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद करसोग घाटी के च्वासी क्षेत्र के आराध्य देव गढ़पति श्री नाग च्वासी सिद्ध राज्यस्तरीय सुकेत देवता मेला-2026 में अपने लाव लश्कर सहित शिरकत करने जा रहे हैं। यह ऐतिहासिक क्षण 23 से 27 मार्च 2026 तक आयोजित होने वाले मेले को विशेष पहचान दिलाने जा रहा है।करसोग घाटी के महोग स्थित मूल मंदिर से श्री नाग च्वासी सिद्ध अपने प्राचीन ऐतिहासिक च्वासी गुझू और रथ-छत्र के साथ लगभग 170 किलोमीटर की कठिन पहाड़ी यात्रा पैदल तय कर सुंदरनगर पहुंचेंगे। देवता के कारदार टीसी ठाकुर ने कहा कि यह ऐतिहासिक यात्रा देवभूमि की आस्था, एकता और सांस्कृतिक विरासत को नई ऊर्जा प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि देवता के सुंदरनगर दौरे की रूपरेखा को लेकर बैठक का आयोजन किया गया है। जानकारी देते हुए मंदिर कमेटी के अध्यक्ष ध्यान सिंह ठाकुर और कारदार टीसी ठाकुर ने बताया कि देव गढ़पति श्री नाग च्वासी सिद्ध राज्यस्तरीय सुकेत देवता मेला- 2026 में शिरकत करने के लिए आगामी 18 मार्च को अपने महोग मंदिर से प्रस्थान करेंगे। पांच दिवसीय इस पावन यात्रा के प्रमुख पड़ावों में पहला श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर पुराना बाजार करसोग, 19 मार्च को दूसरा पांगणा स्थित महामाया मंदिर, 20 मार्च को कमरूनाग मंदिर रोहांडा में तीसरा और 21 मार्च को चौथा पड़ाव माता कामाक्षा मंदिर जयदेवी में रहेगा। उन्होंने बताया कि देव आराध्य देव गढ़पति श्री नाग च्वासी सिद्ध अपनी यात्रा के अंतिम और पांचवें दिन 22 मार्च को सुंदरनगर की पावन धरा पर उपस्थिति दर्ज करवाएंगे। हर पड़ाव पर श्रद्धालु देवता के दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त करेंगे, जिससे पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह चरम रहेगा।



### वर्षों के प्रयासों से संभव हुआ ऐतिहासिक निर्णय

**सुकेत** सर्व देवता कमेटी के उपाध्यक्ष रोशन शर्मा ने बताया कि श्री नाग च्वासी सिद्ध को मेले में आमंत्रित करने के लिए कई वर्षों से प्रयास किए जा रहे थे। इस वर्ष देवता और च्वासी क्षेत्र की जनता ने सहमति प्रदान की, जिससे यह ऐतिहासिक अवसर संभव हो पाया है। उन्होंने बताया कि सुकेत देवता मेला-2026 में करसोग घाटी सहित अन्य प्राचीन देवी-देवताओं की सहभागिता के प्रयास भी जारी हैं। श्री नाग च्वासी सिद्ध का आगमन अपने आप में एक ऐतिहासिक घटना मानी जा रही है। लगभग दो शताब्दियों बाद होने वाला यह देव आगमन न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि हिमाचल की समृद्ध देव संस्कृति और लोक परंपराओं के संरक्षण का भी सशक्त प्रतीक बनेगा।

## सेवानिवृत्ति से पूर्व ईटीओ संगीता गुरुंग से व्यापार मंडल की शिष्टाचार भेंट

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** सेवानिवृत्ति से एक दिन पूर्व व्यापार मंडल जोगिंद्रनगर के पदाधिकारियों ने ईटीओ जोगिंद्रनगर मैडम संगीता गुरुंग से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मंडल के प्रतिनिधियों ने उनके दीर्घ एवं सफल सेवाकाल की सराहना करते हुए उन्हें स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। व्यापार मंडल के सदस्यों ने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान मैडम गुरुंग ने निष्पक्षता, कर्तव्यनिष्ठा और पारदर्शिता के साथ दायित्वों का निर्वहन किया। उनके सहयोगात्मक दृष्टिकोण के कारण व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं का समाधान समय-समय पर होता रहा। मंडल ने उनके स्वस्थ, सुखद एवं सक्रिय जीवन की कामना करते हुए उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

**ब अदालत कार्यकारी दण्डाधिकारी एंव नायव तहसीलदार भवारना जिला कांगड़ा हि. प्र. ।**
किस्म मुकदमा :- जन्म/मृत्यु पंजीकरण
केसरी देवी पुत्री श्री गोरख राम निवासी महाल होला डाकघर खरूहल उप-तहसील भवारना जिला कांगड़ा हि0प्र0 । .... *प्रार्थीया*

**बनाम**
**आम जनता**
...*प्रत्यार्थी*

केसरी देवी पुत्री श्री गोरख राम निवासी महाल होला डाकघर खरूहल उप-तहसील भवारना जिला कांगड़ा हि0प्र0 ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि उसका जन्म दिनांक 01-01-1944 को महाल कलेहड़ डाकघर खरूहल उप-तहसील भवारना जिला कांगड़ा हि0प्र0 में हुआ था। परन्तु अज्ञानता वश उस समय ग्राम पंचायत चान्दड में जन्म पंजीकरण नहीं करवाया जा सका है। अतः प्रार्थीया इस न्यायालय के माध्यम से अपने जन्म पंजीकरण करने का आदेश ग्राम पंचायत चान्दड को जारी करवाना चाहता है।
अतः आम जनता को इश्तेहार/मुश्तीमनादी के माध्यम से सूचित किया जाता है कि इस बारे यदि किसी को कोई उजर व एतराज हो तो वह दिनांक 27/03/2026 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में असालतन या वकालतन हाजिर होकर अपना पक्ष रख सकते है। अन्यथा उपरोक्त जन्म का पंजीकरण करने के आदेश पारित कर दिए जाएगें उसके उपरान्त कोई भी उजर व एतराज काबिले गौर न होगा।
आज दिनांक 26-02-2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ ।
**कार्यकारी दण्डाधिकारी भवारना**
**जिला कांगड़ा, हि.प्र.**

अनंत Classifieds

**नाम परिवर्तन**

**मैं गीता नंद** (39) पुत्र श्री जीवा नंद निवासी गांव दरसाड़ डाकघर बलग तहसील निहरी जिला मंडी हिमाचल प्रदेश घोषणा करता हूं कि मेरी नाबालिग बेटी का असली और सही नाम अशरा कुमारी (Ashra Kumari) के स्थान पर अक्षरा कुमारी(Akshra Kumari) है। सभी संबंधित नोट करें।

**NAME CHANGE**

**I, Radha Devi Thapa** Widow of No. 5443756, Nk Late Moti Ram Thapa R/o Village Bharmat Uparli, PO Banuri, Tehsil Palampur Distt Kangra HP. Declare that my name in my husband DSC service record wrongly entered as Radha Devi Rai. Whereas my correct name is Radha Devi Thapa.

**बूढ़ा** होना कोई आसान काम नहीं। इसे बड़ी मेहनत से सीखना पड़ता है।
–निर्मल वर्मा

## संपादकीय

# स्वास्थ्य सेवाओं की नई ऊंचाइयां

हिमाचल प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में सुक्खू सरकार ने ठोस कदम उठाए हैं। प्रदेश के नागरिकों के लिए उच्च-गुणवत्ता वाली चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। इस दिशा में मुख्यमंत्री सुक्खू ने शिमला स्थित इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज (आईजीएमसी) में बीस साल पुरानी थ्री टेस्ला एमआरआई मशीनों को बदलकर एक अत्याधुनिक एमआरआई मशीन की स्थापना की, जो प्रदेशवासियों के लिए एक बड़ी सौगात साबित होगी।

मरीजों के लिए यह कदम विशेष महत्व रखता है, क्योंकि आईजीएमसी और चमियाना अस्पताल में लंबे समय से एमआरआई स्कैन करवाने के लिए लंबी प्रतीक्षा सूची बनी हुई थी। नई मशीन की स्थापना के बाद अब मरीज कम समय में स्कैन करवा सकेंगे और सटीक निदान प्राप्त कर पाएंगे। उच्च-रेजोल्यूशन वाली यह एमआरआई तकनीक न्यूरोलॉजी, मस्कुलोस्केलेटल, वैस्कुलर और हृदय संबंधी रोगों सहित कई अन्य गंभीर रोगों का सटीक पता लगाने में सक्षम होगी।

आईजीएमसी में नए शुल्क भी पारदर्शी और किफायती बनाए गए हैं। ब्रेन, गर्दन, सिर, चेहरे, स्पाइन, पेट और चेस्ट के स्कैन तीन हजार रुपए में होंगे, जबकि पूरी रीढ़ की हड्डी, कंधे, पैर और अन्य जोड़ों का स्कैन साढ़े तीन हजार रुपए में कराना संभव होगा। पूरे शरीर के एमआरआई स्कैन की सुविधा चार हजार रुपए में उपलब्ध होगी। इस तरह मरीजों को सटीक निदान के साथ आर्थिक रूप से भी राहत मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य क्षेत्र में सिर्फ उपकरणों तक ही सीमित न रहकर मेडिकल कॉलेजों के विस्तार और नई तकनीकों के प्रशिक्षण पर भी ध्यान दिया है। हमीरपुर के जोल सप्पड़ में निर्माणाधीन डॉ. राधाकृष्णन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करते हुए उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि नए परिसर में सभी आवश्यक सुविधाएं दी जाएं। इस कॉलेज में लगभग 800 करोड़ रुपए के और कार्य होंगे, जो स्वास्थ्य सेवा को और सुदृढ़ करेंगे।

सुक्खू सरकार ने चिकित्सकों के कौशल विकास को भी गंभीरता से लिया है। प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों के विशेषज्ञों को एक्सपोजर टूअर पर भेजने का निर्देश दिया गया है। इसका उद्देश्य है कि डॉक्टर विदेश भ्रमण करके नवीनतम चिकित्सा तकनीक और उपकरणों के प्रयोग सीखें और इसे हिमाचल में लागू करें। इससे मरीजों को राज्य के भीतर ही अत्याधुनिक इलाज की सुविधा मिलेगी और दूर-दराज के लोग भी बेहतर स्वास्थ्य सेवा का लाभ उठा सकेंगे।

राज्य में स्वास्थ्य सेवा की यह पूरी योजना सिर्फ उपकरणों और संरचना तक सीमित नहीं है। यह नीति चिकित्सकों के प्रशिक्षण, आधुनिक तकनीक के उपयोग, बेहतर अस्पताल प्रबंधन और पारदर्शी शुल्क व्यवस्था को भी समेटे हुए है। इस तरह प्रदेश के नागरिकों को केवल बेहतर इलाज ही नहीं, बल्कि विश्वास और सुविधा का अनुभव भी मिलेगा।

सुक्खू सरकार की यह पहल स्वास्थ्य सेवाओं में समानता और पहुंच बढ़ाने का उदाहरण प्रस्तुत करती है। नई एमआरआई मशीन, मेडिकल कॉलेजों का विस्तार और एक्सपोजर टूर जैसी योजनाएं स्पष्ट संदेश देती हैं कि सरकार आम जनता के स्वास्थ्य को सर्वोपरि मानती है। हिमाचल जैसे पर्वतीय और दूर-दराज के प्रदेश में यह कदम विशेष महत्व रखता है, जहां मरीज अक्सर बड़े शहरों में इलाज के लिए लंबी यात्रा पर निर्भर रहते हैं। राजनीति अक्सर चुनावी वादों तक सीमित रह जाती है, लेकिन हिमाचल में सुक्खू सरकार ने दिखाया कि यदि ठोस योजना और दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो स्वास्थ्य सेवाओं में वास्तविक सुधार संभव है।

राज्य के नागरिक अब न केवल बेहतर उपकरणों और तकनीक का लाभ उठाएंगे, बल्कि प्रशिक्षित और अनुभवी डॉक्टरों की देखरेख में उपचार भी प्राप्त कर सकेंगे। इसके साथ ही यह प्रयास प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने में भी सहायक होगा। मेडिकल कॉलेजों में आधुनिक सुविधाएं और प्रशिक्षण सुनिश्चित करेंगे कि युवा चिकित्सक केवल थ्योरी तक सीमित न रहें, बल्कि व्यवहारिक अनुभव और अंतरराष्ट्रीय स्तर की तकनीक सीख सकें। इससे हिमाचल में चिकित्सा क्षेत्र में दीर्घकालीन सुधार होगा और स्वास्थ्य सेवा का स्तर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मानकों के करीब आएगा। कुल मिलाकर, सुक्खू सरकार की यह नीति स्पष्ट संदेश देती है कि स्वास्थ्य सेवा केवल अस्पताल और डॉक्टर तक सीमित नहीं है, यह एक समग्र दृष्टिकोण है जिसमें तकनीक, प्रशिक्षण, सुविधाएं और पारदर्शिता शामिल हैं। इस प्रकार प्रदेश में मरीजों को बेहतर इलाज, कम प्रतीक्षा समय और सटीक निदान के साथ सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता बन चुकी है। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र | **आज की प्रमुख हस्ती**

## प्रसिद्ध संगीतकार तथा गायक



रवीन्द्र जैन
जन्म : 28 फरवरी, 1944
मृत्यु : 9 अक्तूबर, 2015

**रवीन्द्र जैन** (28 फरवरी, 1944– 9 अक्तूबर, 2015) भारतीय हिंदी सिनेमा के एक प्रतिष्ठित संगीतकार और गायक थे। मुख्य रूप से वे भजन गायक के रूप में प्रसिद्ध हुए, लेकिन हिंदी फिल्म संगीत में उनका योगदान अविस्मरणीय रहा। रवीन्द्र जैन ने संगीत की दुनिया में अपनी पहचान सिर्फ सुरों और लय के माध्यम से ही नहीं बनाई, बल्कि उन्होंने भाव और संवेदनाओं को भी जीवंत किया।

वे संगीत के माध्यम से समाज से जो अनुभव और प्रेम प्राप्त करते थे, उसे अपनी मधुर धुनों और रचनाओं के जरिए अपने श्रोताओं को लौटाते थे। उन्होंने न केवल गीतों की संगीत रचना की बल्कि कई गीतों की आशु रचना भी स्वयं की, जिससे उनकी बहुआयामी प्रतिभा उजागर हुई।

विशेष रूप से दृष्टिहीन होने के बावजूद रवीन्द्र जैन ने संगीत की दुनिया में अद्वितीय योगदान दिया। मन्ना डे के दृष्टिहीन चाचा, कृष्णचन्द्र डे के बाद वे दूसरे ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने दृश्य-श्रव्य माध्यम में केवल श्रव्य के सहारे संगीत का इतिहास रचा। उनकी कृतियां और मधुर गायन नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बने और उन्हें भारतीय संगीत जगत में एक अनुकरणीय स्थान दिलाया। रवीन्द्र जैन की संगीत यात्रा यह दर्शाती है कि कठिनाइयां प्रतिभा और दृढ़ संकल्प के सामने कभी बाधा नहीं बन सकतीं। उनकी रचनाएं आज भी श्रोताओं के दिलों में जीवित हैं और संगीत प्रेमियों के लिए मार्गदर्शक बनी हुई हैं। ■



कविता

## आज का इंसान

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र
डॉ. पीसी कौंडल, गांव ददोह, डा. धावन, त. बल्ह, जिला मंडी, मो. 70188-85893

**देखो** इंसान यह आज का, क्या नीच हथियार अपना रहा है।
अपने निजी स्वार्थ हेतु, क्या क्या कुकर्म करता जा रहा है।
न देखे यह रिश्ता नाता, न प्रभु को याद करे।
दिन और रात पशु की भांति, यह तो चरता जा रहा है।
नर नारी का भेद समझ कर, दिलों का सौदा ये रोज करे।
इन्हीं कामों में व्यस्त रहकर, यह नित्य मरता जा रहा है।
दो गज की भूमि हेतु, बाप और बेटा दुश्मन बने।
इस जमाने को देख कर, हमें तो डर लगता जा रहा है।
दहेज के खातिर पति अपने, जीवन साथी को जला रहा।
तुम ही बताओ इस दुनिया को, अब क्या होता जा रहा है।
इतना सब होते कहता, अपने को बुद्धिमान यह।
लगता है कुछ ऐसे कि इंसान रोज गिरता जा रहा है।।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# वैज्ञानिक दादी-नानी : जंगली खाद्य परंपराओं की जीवित प्रयोगशाला

जब हम विज्ञान की कल्पना करते हैं, तो प्राय: हमारे मन में प्रयोगशालाएं, उपकरण, शोध-पत्र और श्वेत कोट पहने वैज्ञानिकों की छवि उभरती है, किंतु विज्ञान का वास्तविक अर्थ इससे कहीं व्यापक है। यदि विज्ञान को सूक्ष्म अवलोकन, अनुभव-आधारित प्रयोग, तर्कपूर्ण विश्लेषण और पीढ़ी-दर-पीढ़ी ज्ञान के संवहन के रूप में समझा जाए, तो स्पष्ट हो जाता है कि विज्ञान केवल संस्थानों की सीमाओं में नहीं, बल्कि लोकजीवन की चेतना में भी स्पंदित होता है।



**डॉ. तारा देवी सेन**
वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष, वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मंडी तथा जंगली खाद्य पौधों की विशेषज्ञ
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 की थीम-'विज्ञान में महिलाएं : विकसित भारत के निर्माण में उत्प्रेरक'-हमें इसी व्यापक दृष्टि की ओर ले जाती है। यह स्मरण कराती है कि विज्ञान केवल आधुनिक प्रयोगशालाओं में ही नहीं, बल्कि खेतों की मेड़ों, जंगलों की पगडंडियों और हिमालयी गांवों के शांत आंगनों में भी जीवित है।

इन आंगनों में दादी-नानी के हाथों में पकती हर देसी जड़ी-बूटी, मौसम के अनुरूप चुना गया हर आहार और प्रकृति के संकेतों को समझकर लिया गया हर निर्णय एक मौन वैज्ञानिक प्रक्रिया का परिणाम था। वे बिना किसी औपचारिक उपाधि के प्रकृति की सूक्ष्म पर्यवेक्षक थीं। उनका जीवन एक जीवंत प्रयोगशाला था, जहां अनुभव अनुसंधान था, रसोई परीक्षण-स्थल थी और परिवार उसका लाभार्थी। जब वे जंगली साग चुनती थीं, छतों पर फल सुखाती थीं, कूहलों के किनारे उगे पौधों को पहचानती थीं या धीमी आंच पर लोहे की कड़ाही में साग पकाती थीं, तब वे केवल भोजन नहीं बना रही होती थीं; वे पारिस्थितिकी, पोषण और स्वास्थ्य विज्ञान का व्यावहारिक अनुप्रयोग कर रही होती थीं।

पीढ़ियों तक जंगली खाद्य पौधे ग्रामीण आहार का अभिन्न हिस्सा रहे। जिन्हें आज खरपतवार कहकर अनदेखा किया जाता है, वे कभी पोषक और औषधीय सब्जियां थीं। बिच्छू बूटी को उबालकर उसका डंक निष्क्रिय करना, कचनार की कलियों, बुरांश के फूलों, कुलफा, चौलाई, लिंग्डी और लासूडा को मौसमी संतुलन के साथ भोजन में शामिल करना-ये सब अनुभवजन्य प्रयोगों के परिणाम थे। वे जानती थीं कि किस ढलान पर कौन-सा साग अधिक कोमल होगा, वर्षा के बाद कौन-सी जड़ी प्रभावी होगी और किस मौसम में कौन-सा फल शरीर को संतुलित रखेगा। यह ऋतु-विज्ञान और सूक्ष्म पारिस्थितिकी की गहरी समझ का प्रमाण है।

वे मिट्टी की प्रकृति, वर्षा के प्रभाव और सूर्य की दिशा तक का ध्यान रखती थीं। परिणामस्वरूप बथुआ और चौलाई जैसे साग रोटियों को लौह और खनिजों से समृद्ध करते थे। जंगली मशरूम, फर्न और विभिन्न कंद भी ऋतु-विशेष के प्रिय व्यंजन थे। प्रत्येक मौसम अपने साथ प्रकृति का अलग स्वाद और औषधीय संपदा लेकर आता था, जिसे अनुभवी हाथों ने सावधानी और ज्ञान के साथ थाली तक पहुंचाया।



इन परंपराओं में तीन प्रमुख वैज्ञानिक तत्व स्पष्ट दिखाई देते हैं-सटीक पहचान कौशल, सतत् दोहन की नैतिकता और स्थानीय अनुकूलन की समझ। मिलती-जुलती प्रजातियों में अंतर कर सुरक्षित चयन करना, जड़ों को सुरक्षित रखकर पुनर्जनन सुनिश्चित करना और जलवायु के अनुरूप भोजन चुनना-ये सब वैज्ञानिक सोच के ही रूप थे। यह ज्ञान केवल जीविका का साधन नहीं था, बल्कि प्रकृति के साथ संतुलित सह-अस्तित्व का आधार था।

एक समय था जब दादी-नानी अनेक जड़ी-बूटियों का संतुलित मिश्रण तैयार कर विशिष्ट हर्बल साग बनाती थीं, जिसमें स्वाद और औषधीय गुणों का सुंदर सामंजस्य होता था। तथाकथित खरपतवार उनके लिए अमूल्य पौधे थे, किंतु बदलती जीवनशैली, शहरीकरण और पैकेज्ड भोजन के आकर्षण ने नई पीढ़ी को इस पारंपरिक पारिस्थितिकी ज्ञान से दूर कर दिया है। जंगली अंजीर, जामुन और बैर जैसे फल धीरे-धीरे लुप्त होते जा रहे हैं। विडंबना यह है कि जब शहरों में आयातित सुपरफूड ऊंचे दामों पर बिक रहे हैं, तब स्थानीय पोषक प्रजातियां अनदेखी रह जाती हैं। आज जब जलवायु परिवर्तन और पोषण असंतुलन गंभीर चुनौतियां हैं, तब यह पारंपरिक ज्ञान और भी प्रासंगिक हो उठता है। जंगली खाद्य पौधे स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप होते हैं, कम संसाधनों में पनपते हैं और संकट के समय पोषण सुरक्षा प्रदान करते हैं। वे जैव विविधता को संरक्षित रखते हैं और समुदायों को आत्मनिर्भर बनाते हैं।

दुर्भाग्यवश, यह ज्ञान प्राय: मौखिक परंपरा में ही सीमित रहा। जब कोई बुजुर्ग महिला अपना अनुभव साझा किए बिना विदा हो जाती है, तो मानो एक जीवित पुस्तकालय समाप्त हो जाता है। इसलिए आवश्यक है कि हम लोकज्ञान और आधुनिक विज्ञान के बीच सेतु बनाएं। विद्यालयों में स्थानीय वनस्पतियों का अध्ययन हो, विद्यार्थी वरिष्ठ महिलाओं से संवाद करें और शोधकर्ता पारंपरिक व्यंजनों का वैज्ञानिक विश्लेषण करें।

अंतत: विज्ञान का उद्देश्य केवल नई खोज करना नहीं, बल्कि उपलब्ध ज्ञान को समझना और समाजोपयोगी बनाना भी है। दादी-नानी की रसोई में पकता जंगली साग हमें सिखाता है कि सतत विकास, पोषण सुरक्षा और पारिस्थितिक संतुलन की प्रयोगशाला हमारे आसपास ही है। इस राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर आइए स्वीकार करें-विज्ञान श्वेत कोट में ही नहीं, मिट्टी सने हाथों में भी जीवित है; प्रयोगशाला की शीशियों में ही नहीं, प्रकृति की हरियाली में भी धड़कता है। जब हम इन परंपराओं को पुनर्जीवित करते हैं, तो हम केवल अतीत को नहीं, बल्कि भविष्य को भी संवारते हैं।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों के लिए आवश्यक मार्गदर्शन

वार्षिक परीक्षाओं का दौर शुरू होने जा रहा है सभी परीक्षार्थी अच्छे अंक प्राप्त करना चाहते हैं जिसके मध्य नजर हुए तनाव की भी महसूस करने लगते हैं। परीक्षा प्रत्येक विद्यार्थी के जीवन का अत्यंत महत्वपूर्ण चरण होता है।



**सुभाष चंद कासव**
राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक, शिक्षा खंड गैहरा, जिला चंबा (हि. प्र.)
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

यह केवल अंकों की प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि धैर्य, आत्मविश्वास, समय-प्रबंधन और मानसिक संतुलन की परीक्षा भी होती है। अक्सर देखा गया है कि जो विद्यार्थी वर्षभर मेहनत करते हैं, वे भी परीक्षा के समय घबराहट, जल्दबाजी या असावधानी के कारण अपने अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं कर पाते। इसलिए परीक्षा के दौरान सही रणनीति अपनाना अत्यंत आवश्यक है।

परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों को क्या करना चाहिए, इस विषय पर हम विस्तृत निर्देश व सुझाव प्रस्तुत करके बच्चों का सहयोग करके उनको अच्छे परिणामों की ओर अग्रसर करना चाहते हैं।

**परीक्षा से पहले की मानसिक तैयारी :** परीक्षा के दिन विद्यार्थियों को मानसिक रूप से संतुलित रहना चाहिए। घबराहट स्वाभाविक है, पर उसे स्वयं पर हावी न होने दें। प्रात: जल्दी उठकर सकारात्मक सोच के साथ दिन की शुरुआत करें। हल्का व्यायाम या प्राणायाम मन को शांत और एकाग्र बनाता है। स्वयं से कहें-'मैंने अच्छी तैयारी की है, मैं सफल हो सकता हूं।' परीक्षा केंद्र पर समय से पहले पहुंचें। मानसिक शांति ही सफलता की पहली सीढ़ी है।

**परीक्षा कक्ष में प्रवेश करते समय :** परीक्षा कक्ष में प्रवेश करते समय संयम और अनुशासन बनाए रखें। अपनी सीट संख्या ध्यान से देखें तथा आवश्यक सामग्री जैसे पेन, पेंसिल और प्रवेश-पत्र साथ रखें। अनावश्यक बातचीत से बचें और पर्यवेक्षक के निर्देशों को ध्यानपूर्वक सुनें। छोटी-छोटी सावधानियां बड़ी भूलों से बचाती हैं।



**प्रश्नपत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ना :** प्रश्नपत्र मिलते ही तुरंत लिखना शुरू न करें। 10-15 मिनट उसे ध्यान से पढ़ें। सभी प्रश्नों और निर्देशों को भली-भांति समझें। आसान और कठिन प्रश्नों की पहचान कर लें। अधूरा प्रश्न पढ़कर उत्तर देना हानिकारक हो सकता है।

**समय प्रबंधन :** सफलता का मुख्य आधार समय प्रबंधन है। कुल समय को प्रश्नों के अनुसार बांट लें। किसी एक प्रश्न पर अधिक समय न लगाएं। अंत में उत्तरपुस्तिका जांचने हेतु समय अवश्य बचाएं।

**उत्तर लिखने की विधि :** उत्तर साफ, स्पष्ट और बिंदुवार लिखें। प्रश्न संख्या सही अंकित करें। आवश्यकतानुसार शीर्षक और उपशीर्षक दें। सटीक और व्यवस्थित प्रस्तुति अच्छे अंक दिलाती है।

**कठिन प्रश्नों से न घबराएं :** पहले सरल प्रश्न हल करें, फिर कठिन प्रश्नों पर शांत मन से विचार करें। जो स्पष्ट याद हो वही लिखें। अनुमान लगाने से बचें और धैर्य बनाए रखें।

**वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में सावधानी :** हर विकल्प को ध्यान से पढ़ें। जल्दबाजी न करें। उत्तर-पत्रक में गोला सावधानी से भरें। छोटी गलती भी नुकसान पहुंचा सकती है।

**वर्णनात्मक प्रश्नों की रणनीति :** उत्तर की शुरुआत प्रभावशाली हो, बीच में उदाहरण दें और अंत में निष्कर्ष अवश्य लिखें। अनावश्यक विस्तार से बचें।

**उत्तरपुस्तिका की जांच :** अंतिम समय में प्रश्न संख्या, वर्तनी, रोल नंबर आदि जाँच लें। कोई प्रश्न छूटा न हो, यह सुनिश्चित करें।

**क्या न करें :** नकल न करें, दूसरों की ओर देखकर समय न गँवाएँ, घबराहट में जल्दबाज़ी न करें। अनुशासन बनाए रखें।

**स्वास्थ्य, आत्मविश्वास और नैतिकता :** हल्का भोजन करें, पर्याप्त पानी पिएं और तनाव से दूर रहें। अपनी तैयारी पर विश्वास रखें। परीक्षा के बाद उत्तरों की तुलना कर चिंता न करें। ईमानदारी अपनाएं, क्योंकि परीक्षा ज्ञान के साथ चरित्र की भी परीक्षा है। याद रखें, परीक्षा जीवन का एक पड़ाव है, अंतिम लक्ष्य नहीं। शांत मन, आत्मविश्वास और सही रणनीति ही सफलता की कुंजी हैं।

परीक्षा हमें परखती है, परंतु हमारा साहस और आत्मविश्वास हमें सफल बनाता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# युद्ध, हिंसा और घृणा से रहें दूर, शांति की अनिवार्यता पर चिंतन जरूरी

युद्ध, हिंसा और घृणा से लाभ यदि किसी को मिलता है तो वह मानवता नहीं, बल्कि कुछ स्वार्थी शक्तियां होती हैं।



**मुमुक्षु के. ठाकुर**
मोहल्ला ओबड़ी, चंबा
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

इतिहास बार-बार यह प्रमाणित करता है कि युद्ध का वास्तविक लाभ सीमित लोगों तक सिमट जाता है, जबकि उसकी कीमत पूरी दुनिया चुकाती है। प्राय: सबसे पहले वे स्वार्थी राजनीतिक नेता लाभान्वित होते हैं जो सत्ता, अहंकार या वर्चस्व की लालसा में समाज को विभाजित करते हैं।

दूसरे, हथियार उद्योग से जुड़े बड़े उद्योगपति और व्यापारी, जिनका व्यापार युद्ध की आग में फलता-फूलता है। तीसरे, वे प्रचार माध्यम या समूह जो भय, उत्तेजना और नफरत को भड़काकर अपने प्रभाव और लाभ को बढ़ाते हैं।

इसके विपरीत, सामान्य नागरिक-किसान, मजदूर, विद्यार्थी, महिलाएं और बच्चे-युद्ध की विभीषिका का सबसे अधिक दुष्परिणाम झेलते हैं। अनेक अवसरों पर देखा गया है कि कुछ जिद्दी और दूरदृष्टि-विहीन नेता अपने स्वार्थ की तुष्टि के लिए युवाओं को युद्ध की आग में झोंक देते हैं। वे स्वयं सुरक्षित स्थानों पर बैठकर निर्णय लेते हैं, जबकि सीमाओं पर खड़े सैनिक और उनके परिवार असहनीय पीड़ा सहते हैं।

युद्ध की समाप्ति के बाद वही नेता औपचारिक हाथ मिलाते हैं, समझौते करते हैं और शांति की बातें करते हैं; किंतु तब तक असंख्य परिवार अपने प्रियजनों को खो चुके होते हैं। माताएं, पत्नियां और बच्चे जीवनभर उस रिक्तता के साथ जीने को विवश हो जाते हैं।

और भी दुखद तब होता है जब शिक्षित कहलाने वाले कुछ लोग भी सार्वजनिक मंचों पर हिंसा और युद्ध का समर्थन करने लगते हैं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अर्थ यह नहीं कि हम नफरत, वैचारिक हिंसा या सामाजिक विद्वेष को बढ़ावा दें। किसी भी सभ्य समाज में स्वतंत्रता के साथ उत्तरदायित्व जुड़ा होता है। विचारों की असहमति लोकतंत्र की शक्ति है, परंतु हिंसा का महिमामंडन मानवता के विरुद्ध है। युद्ध व्यक्ति को उसके स्वाभाविक मानवीय गुणों से दूर कर देता है। जो मनुष्य प्रेम, सृजन और सहयोग का प्रतीक बन सकता था, वही परिस्थितियों के दबाव में हथियार उठा लेता है। यह स्थिति केवल व्यक्ति की नहीं, पूरी सभ्यता की त्रासदी है। मानव इतिहास के महान वैज्ञानिकों में से एक अल्बर्ट आइंस्टीन ने भी युद्ध और राष्ट्रवाद की अंधी दौड़ से ऊपर उठकर वैश्विक नागरिकता और मानव एकता का विचार प्रस्तुत किया था। उनका मानना था कि मानवता की असली पहचान सीमाओं से परे है।



वास्तव में पृथ्वी पर शांतिप्रिय लोगों की संख्या कहीं अधिक है। यदि वे नफरत और उकसावे के जाल में न फंसें, तो विश्व में स्थायी शांति की संभावना सुदृढ़ हो सकती है। युद्ध और हिंसा का गुणगान करना, उन्हें गौरव का प्रतीक बनाना, मानव जीवन के प्रति घोर अन्याय है। युद्ध में अंतत: कोई भी विजेता नहीं होता; यदि कुछ पराजित होता है तो वह है मानवता, संस्कृति और सभ्यता। प्रसिद्ध शायर साहिर लुधयालवी की पंक्तियां आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं-'जंग टलती रहे तो बेहतर है...।'

उनके शब्द हमें स्मरण कराते हैं कि चाहे रक्त अपना हो या पराया, वह अंतत: मानवता का ही रक्त है। बम सीमाओं पर गिरें या घरों पर, विनाश सबका होता है। खेत जलते हैं तो भूख बढ़ती है, और जीत-हार के उत्सव या शोक के बीच भी जीवन लाशों पर रोता है।

इसलिए आवश्यक है कि हम हिंसा, घृणा और युद्ध के दुष्प्रचार से दूर रहें। शांति, सहअस्तित्व और संवाद ही स्थायी समाधान का मार्ग हैं। मानवता का भविष्य हथियारों की शक्ति से नहीं, बल्कि करुणा, समझ और सहयोग से सुरक्षित होगा। जब तक हर आंगन में आशा की शमा जलती रहेगी, तब तक विश्व में अमन की संभावना जीवित रहेगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# कवि सम्मेलन की बदलती संस्कृति : मंच, प्रवृत्तियां और शब्दों का प्रश्न

कभी कवि सम्मेलन शब्दों की साधना का उत्सव हुआ करता था। वहां कविता केवल पढ़ी नहीं जाती थी, जी जाती थी। शब्दों में ताप होता था, भावों में गहराई और प्रस्तुति में संयम। श्रोता कविता सुनने आते थे, कवि स्वयं को परखने आते थे, और मंच साहित्य की गरिमा का प्रतीक होता था। समय बदला, माध्यम बदले और मंचीय संस्कृतियां भी परिवर्तित हुईं। आज अनेक स्थानों पर कवि सम्मेलन साहित्यिक आयोजन कम और सामाजिक-व्यवहारिक अध्ययन अधिक प्रतीत होते हैं।



**प्रमोद कुमार हर्ष**
गांव चोल्थरा, तहसील सरकाघाट मंडी, (हि.प्र.), मो . 8263969934
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

यदि ध्यान से देखा जाए तो लगभग हर मंच पर कुछ विशिष्ट 'प्रजातियां' नियमित रूप से दिखाई देती हैं। पहली प्रजाति है स्वयंभू विनम्र कवियों की। वे मंच पर आते ही घोषणा करते हैं-'मैं कोई कवि नहीं हूं, न ही मुझे लिखना आता है- ये तो बस मेरे भाव हैं।' श्रोता इसे सहजता समझकर तालियां बजा देते हैं। प्रश्न यह नहीं कि विनम्रता क्यों है; प्रश्न यह है कि जब स्वयं को कवि मानने में संकोच है तो कवि सम्मेलन के मंच पर आने का आत्मविश्वास कहां से आता है? भाव तो हर व्यक्ति के भीतर होते हैं, पर हर अनुभूति कविता नहीं होती। कविता भाषा के अनुशासन, शिल्प की समझ और आत्म-संशोधन की प्रक्रिया से परिपक्व होती है। केवल भावुकता साहित्य नहीं बन जाती। दूसरी श्रेणी उन रचनाकारों की है जिनकी कविता हर बार रास्ते में जन्म लेती है।

वे बताते हैं कि आयोजन स्थल की ओर आते हुए किसी घटना-कभी सड़क के गड्ढे, कभी मौसम, कभी राजनीति-ने उन्हें इतना उद्वेलित किया कि तत्काल एक नई कविता लिखनी पड़ी। श्रोता प्रभावित होते हैं, पर आश्चर्य तब होता है जब वही नई कविता पूर्व आयोजनों में भी सुनाई दे चुकी होती है। यहां समस्या संवेदना की नहीं, ईमानदारी की है। मौलिकता घोषणा से नहीं, निरंतर सृजन से सिद्ध होती है। तीसरी प्रवृत्ति मंच-मोह की है। कुछ कवि मंच को साधना का स्थान नहीं, उपलब्धि का शिखर मान लेते हैं। एक कविता समाप्त होती है, फिर दूसरी आरंभ हो जाती है। समय-सीमा का संकेत मिलने पर मुस्कुराकर कहा जाता है-'यदि आप सब कहें तो दो पंक्तियां और' यह आग्रह कम, समय पर अधिकार अधिक प्रतीत होता है। कवि सम्मेलन सामूहिक अभिव्यक्ति का उत्सव है; वहां प्रत्येक रचनाकार को समान अवसर मिलना चाहिए। साझा समय का सम्मान ही आयोजन की गरिमा है।




एक अन्य प्रजाति व्याख्याता कवियों की है। वे दो पंक्तियां पढ़ते हैं और फिर लंबा भाषण देकर उनका अर्थ समझाने लगते हैं-प्रतीकों की व्याख्या, संदर्भों का इतिहास, शब्दों की पृष्ठभूमि। श्रोता सोचता है कि वह कवि सम्मेलन में है या किसी साहित्यिक कार्यशाला में। कविता यदि स्वयं अपनी बात न कह सके तो उसकी शक्ति संदिग्ध हो जाती है। साहित्य का सौंदर्य इसी में है कि वह श्रोता को अर्थ खोजने की स्वतंत्रता दे। अत्यधिक व्याख्या कविता की ताजगी को कम कर देती है।

मंच पर तालियों के आग्रह की प्रवृत्ति भी कम रोचक नहीं है। हर दूसरी पंक्ति के बाद 'जोरदार तालियां हो जाएं' का निवेदन सुनाई देता है। तालियां मांगी नहीं जातीं, अर्जित की जाती हैं। श्रोता विवश होकर ताली बजा दे तो वह औपचारिकता होती है; सच्ची ताली वह है जो स्वत: उठे। लंबी रचनाओं को एक कविता कहकर नीरस ढंग से पढ़ते जाना मंच की बड़ी चुनौती है। लंबाई गहराई का प्रमाण नहीं; मंच पर सार चाहिए, विस्तार नहीं। दोहराव हो तो संपादन आवश्यक है। यह किसी व्यक्ति नहीं, प्रवृत्ति की आलोचना है। मंच अभिनय नहीं, अभिव्यक्ति का स्थान है। कविता समझाने से नहीं, महसूस कराने से जीवित रहती है; उसकी असली रोशनी सच्चे शब्दों से फैलती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### मंडी जिले में स्थानीय अवकाश अब 2 मार्च को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने आदेश जारी कर मंडी सदर, गोहर, सरकाघाट, थुनाग और कोटली उपमंडलों में 3 मार्च को घोषित स्थानीय अवकाश की तिथि में परिवर्तन किया है। अब इन उपमंडलों में 3 मार्च के स्थान पर 2 मार्च को स्थानीय अवकाश रहेगा। जारी आदेश के अनुसार यह संशोधन 27 दिसंबर, 2025 को जारी स्थानीय अवकाश अधिसूचना के संदर्भ में किया गया है। संबंधित उपमंडलों के सभी सरकारी कार्यालयों और शिक्षण संस्थानों में होली के अवसर पर अवकाश 2 मार्च को ही मान्य होगा, जबकि 3 मार्च को सभी सरकारी कार्यालय व शिक्षण संस्थान खुले रहेंगे।

### जंजैहली में एक मार्च को मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'सेतु' सोशल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा एक मार्च को सुबह 9:30 बजे से जंजैहली में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में स्थानीय विधायक एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। मीडिया संयोजक पुरुषोत्तम शर्मा के अनुसार शिविर में मेडिसिन, बाल रोग, स्त्री रोग, सर्जरी, हड्डी रोग, ईएनटी, नेत्र और दंत रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे। मरीजों को निःशुल्क परामर्श के साथ आवश्यक दवाएं भी मुफ्त प्रदान की जाएंगी। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर स्वास्थ्य जांच करवाने की अपील की है।

### मसौली-छतर पंचायत के वार्ड परिसीमन की सूचना जारी

**अनंत ज्ञान, अभिषेक शर्मा जोगिंद्रनगर।** ग्राम पंचायत मसौली के विभाजन के बाद नवगठित ग्राम पंचायत छतर का गठन कर दिया गया है। प्रशासन ने दोनों पंचायतों के वार्ड परिसीमन संबंधी विस्तृत अधिसूचना जारी करते हुए वार्डों के नंबर, नाम, सीमाएं और जनसंख्या का विवरण सार्वजनिक किया है। जारी सूचना के अनुसार मसौली पंचायत में 7 वार्ड निर्धारित किए गए हैं, जिनकी कुल जनसंख्या 2017 है, जबकि छतर पंचायत में 5 वार्ड बनाए गए हैं, जिनकी कुल जनसंख्या 1511 है। प्रत्येक वार्ड के अंतर्गत आने वाले घरों व क्षेत्रों का स्पष्ट उल्लेख किया गया है। प्रशासन ने कहा है कि परिसीमन को लेकर किसी भी प्रकार की दावा-आपत्ति 28 फरवरी तक अधिकृत अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी द्रंग के कार्यालय में दर्ज करवाई जा सकती है। तय तिथि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं होगा। सूचना पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत मसौली एवं छतर, विकास खंड द्रंग, जिला मंडी द्वारा जारी की गई है।

### थाना प्लौंन परियोजना पर चडोंझ में जन सुनवाई

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** थाना प्लौंन जल विद्युत परियोजना से प्रभावित चडोंझ, रोपड़ू, बल्ह और बनवार गांवों के परिवारों की जन सुनवाई शुक्रवार को चडोंझ में आयोजित की गई। जन सुनवाई की अध्यक्षता उपमंडलाधिकारी (ना.) जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने की। इस दौरान प्रभावित परिवारों को भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया, मुआवजा नीति, पुनर्वास व्यवस्था और परियोजना के संभावित प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी गई। एसडीएम ने आश्वस्त किया कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि किसी भी परिवार को असुविधा न हो तथा सभी लाभ नियमानुसार और समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराए जाएं। ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं और सुझाव प्रशासन के समक्ष रखे, जिन पर सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा दिया गया। अधिकारियों ने पारदर्शिता, जनसहभागिता और स्थानीय हितों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। इस अवसर पर भूमि अर्जन अधिकारी रवीश चंदेल और परियोजना के अधिशाषी अभियंता विशाल शर्मा भी उपस्थित रहे।

### 'आओ लौट चलें' से सजेगा भोजपुर स्कूल का गौरव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** राजकीय माध्यमिक पाठशाला भोजपुर सुंदरनगर के शास्त्री अध्यापक रोशन लाल शास्त्री ने 'मेरा स्कूल मेरा गौरव-मेरा संस्कार मेरी पहचान' संकल्प को आगे बढ़ाते हुए 'आओ लौट चलें बचपन के स्कूल की ओर' अभियान शुरू किया है। इसके तहत विद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों को दोबारा संस्थान से जोड़कर वर्तमान छात्रों को मार्गदर्शन देने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कारों की भूमि है, जहां से बच्चों का भविष्य आकार लेता है। स्मार्ट क्लासरूम की स्थापना से पढ़ाई अधिक रोचक और प्रभावी बनी है। पूर्व छात्रों से 28 फरवरी को सुबह 11 बजे विद्यालय में पहुंचकर अपने अनुभव साझा करने और विद्यालय के सुदृढ़ीकरण में सहयोग देने का आह्वान किया गया है।

### 3 मार्च तक ऑनलाइन सेवाएं रहेंगी प्रभावित

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर विद्युत मंडल के अंतर्गत आने वाले उपभोक्ताओं की ऑनलाइन सेवाएं 27 फरवरी से 3 मार्च तक आंशिक रूप से प्रभावित रहेंगी। बिलिंग सिस्टम सॉफ्टवेयर के इंफ्रास्ट्रक्चर अपग्रेड के चलते यह अस्थायी व्यवधान रहेगा। अधिशाषी अभियंता पूर्ण चंद्र ने बताया कि अपग्रेड के दौरान नए बिजली कनेक्शन के आवेदन, ऑनलाइन व काउंटर बिल भुगतान, कनेक्शन काटने-जोड़ने के अनुरोध, लोड परिवर्तन आवेदन और मोबाइल एप सेवाएं प्रभावित होंगी। विभाग के अनुसार तकनीकी सुधार के बाद उपभोक्ताओं को अधिक सुगम और त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

### मंडी पुलिस ने 566 चालान कर वसूला जुर्माना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला पुलिस मंडी द्वारा कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने के लिए विशेष अभियान चलाया गया, जिसके तहत मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत 566 चालान, कोटपा अधिनियम के अंतर्गत 59 चालान तथा 5900 रुपए जुर्माना वसूला गया, जबकि माइनिंग एक्ट के अंतर्गत 2 चालान किए गए। पुलिस अधीक्षक मंडी विनोद कुमार ने पुष्टि करते हुए बताया कि यातायात नियमों, सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान तथा अवैध खनन के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा और नियमों की अवहेलना करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### महाशिवरात्रि मेले से लौटे गहरी नेर व शंगरेहड़

**अनंत ज्ञान, रूपी ठाकुर, बरोट।** छोटा भंगाल घाटी के लोगों की अटूट आस्था के प्रतीक देवादि देव गहरी नेर और देव गहरी शंगरेहड़ 16-17 दिनों के प्रवास के बाद विधि-विधान के साथ अपने मूल स्थलों पर पुनः विराजमान हो गए हैं। दोनों देवता अपने लाव-लश्कर के साथ बैजनाथ में आयोजित महाशिवरात्रि मेले में शामिल होने गए थे। वापसी के दौरान ग्रामीणों द्वारा आयोजित देव जातर को स्वीकार करते हुए दोनों देव अपने-अपने मूल स्थलों नेर व शंगरेहड़ पहुंचे। देव गहरी नेर कमेटी के अध्यक्ष संजय ठाकुर तथा मुख्य गुर हल्कू राम और देव गहरी शंगरेहड़ ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं मुख्य गुरभाग सिंह ने बताया कि घाटीवासियों की इन देवताओं में गहरी आस्था है। किसी भी प्राकृतिक आपदा या संकट के समय लोग देवताओं की शरण में जाकर समाधान की प्रार्थना करते हैं। उन्होंने बताया कि देवता समय-समय पर अधीन गांवों की परिक्रमा कर लोगों के दुख दूर करने और सुख-समृद्धि का संदेश देते हैं। श्रद्धालु मन्नतें मांगते हैं और पूर्ण होने पर देव जातर का आयोजन कर आभार प्रकट करते हैं। यह परंपरा सदियों से चली आ रही है।

# आपदा के 8 माह बाद पटरी पर लौटी रफ्तार

## बालीचौकी-थाची मार्ग पर फिर दौड़ी एचआरटीसी की बस

अनंत ज्ञान




**नूतन ठाकुर, बालीचौकी।** आठ माह पहले आई भीषण प्राकृतिक आपदा के बाद ठप पड़े बालीचौकी-थाची मार्ग पर आखिरकार रफ्तार लौट आई है। शुक्रवार को हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) की बस जैसे ही इस मार्ग पर रवाना हुई, क्षेत्रवासियों के चेहरों पर संतोष और खुशी साफ दिखाई दी। लंबे इंतजार के बाद बहाल हुई इस सेवा ने हजारों लोगों को बड़ी राहत दी है। बस सेवा शुरू होते ही पहले दिन दर्जनों यात्रियों ने इसका लाभ उठाया और अपने गंतव्य तक पहुंचे।

विद्यार्थियों, कर्मचारियों, व्यापारियों और ग्रामीणों के लिए यह दिन किसी उत्सव से कम नहीं था। नियमित बस सुविधा बहाल होने से दैनिक जीवन एक बार फिर पटरी पर लौटता नजर आ रहा है। उल्लेखनीय है कि आपदा के दौरान इस महत्वपूर्ण मार्ग को भारी नुकसान पहुंचा था। जगह-जगह सड़क धंस गई थी और कई हिस्सों में मार्ग पूरी तरह बह गया था। हालात इतने खराब थे कि बड़े वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद कर दी गई थी। महीनों तक केवल छोटी गाड़ियां और मिनी बसें ही जोखिम उठाकर सीमित स्तर पर चल पा रही थीं।

### विद्यार्थियों, कर्मचारियों व व्यापारियों को मिलेगी सुविधा

**लोक** निर्माण विभाग द्वारा लगातार किए गए मरम्मत और पुनर्स्थापन कार्यों के बाद अब मार्ग को बस संचालन के लिए सुरक्षित बनाया गया है। विभाग का कहना है कि शेष स्थायी कार्य भी चरणबद्ध तरीके से जारी रहेंगे। क्षेत्रवासियों ने बस सेवा बहाल होने पर राहत जताई है। उनका कहना है कि इससे विद्यार्थियों, कर्मचारियों और व्यापारियों को बड़ी सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी।

### प्राथमिकता के आधार पर शुरू किया था काम : एसडीओ

**पीडब्ल्यूडी** विभाग बालीचौकी के सहायक अभियंता भूपेंद्र शर्मा ने बता कि आपदा के बाद विभाग ने प्राथमिकता के आधार पर बालीचौकी-थाची मार्ग की बहाली का कार्य शुरू किया था। कई स्थानों पर सड़क को दोबारा तैयार करना पड़ा तथा सुरक्षा दीवारों सहित आवश्यक सुधार कार्य किए गए। वर्तमान में मार्ग को बसों की आवाजाही के लिए सुरक्षित कर दिया गया है। शेष स्थायी कार्य चरणबद्ध तरीके से जारी रहेंगे, ताकि भविष्य में मार्ग और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके।

# पत्नी से कहासुनी बाद युवक ने फंदा लगाकर दी जान

अनंत ज्ञान

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** पत्नी से मामूली-सी बात पर कहासुनी को लेकर एक युवक ने फंदा लगाकर अपनी जान दे दी दुखद बात तो यह है कि मृतक अपने पीछे 6 दिन की मासूम बच्ची छोड़ गया है।

◆ **छह दिन की बच्ची छोड़ गया युवक**

मिली जानकारी अनुसार धर्मपुर क्षेत्र की कुम्हारढा पंचायत के कुम्हारढा गांव में धीरज कुमार (32) पुत्र चुन्नी लाल कि बीती रात अपनी पत्नी के साथ किसी बात पर कहां सुनी हो गई इसके बाद वह बिना खाना खाए सोने के लिए अपने कमरे में चला गया। रात 9:30 बजे उसकी मां उसे खाना देने गई, तो उसने अंदर से कमरा बंद कर दिया था। काफी आवाज देने बाद भी जब उसने कमरा नहीं खोला, तो माता द्वारा पड़ोसियों को बुलाने पर कमरे का दरवाजा तोड़ा गया, तो अंदर धीरज कुमार प्रेस की लीड (तार) का फंदा बनाकर पंखे पर झूल गया था। आसपास के पड़ोसियों और परिवारजनों ने उसे फंदे से उतरा और तत्काल अस्पताल ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। धर्मपुर पुलिस ने घटना की सूचना मिलते



ही मामला दर्ज कर युवक का सरकाघाट अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया है।

उधर, मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी धर्मपुर संजीव सूद ने कहा कि उन्होंने खुद घटनास्थल का दौरा किया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही सही तस्वीर का पता चल पाएगा। फिलहाल परिजनों ने किसी पर भी बात का शक नहीं जताया हैं।

### ड्रीम 11 में जीत चुका था डेढ़ करोड़ रुपए

**ड्रीम** 11 में डेढ़ करोड़ रुपए जीत चुका था युवक मृतक धीरज कुमार पर किस्मत खासी मेहरबान थी, वह एक नहीं दो-दो बार ड्रीम 11 में दो बार एक करोड़ और 40 लाख रुपए जीत चुका था। वह बद्दी में अपने पिता के साथ होटल चलाता था और चंद रोज पहले ही बेटी पैदा होने पर घर आया था। छोटी सी किसी बात पर पत्नी के साथ कहां सुनी होने पर उसने इतना बड़ा आत्मघाती कदम उठा लिया, इसके चलते पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

# मंडी-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर पेट्रोल पंप के बोर्ड से टकराई बाइक, युवक घायल

अनंत ज्ञान

**कविता, पधर।** मंडी-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर डलाह स्थित हिमफेड के पेट्रोल पंप के समीप एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेट्रोल पंप के बोर्ड से जा टकराई। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाइक नंबर (एचपी-76-7411) चला रहा विशाल ठाकुर (19) निवासी बल्ह टिक्कर अचानक संतुलन खो बैठा और सीधे पेट्रोल पंप के साइन बोर्ड से जा भिड़ा। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक का अगला टायर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

स्थानीय लोगों ने तुरंत मानवता का परिचय देते हुए घायल युवक को उपचार के लिए सिविल अस्पताल पधर पहुंचाया। चिकित्सकों के अनुसार युवक के सिर के पीछे तथा कान के नीचे गंभीर चोटें आई हैं और अस्पताल लाए जाने के समय वह अचेत अवस्था (अनकॉन्शियस) में था।



दुर्घटनाग्रस्त बाइक।

प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए उसे जोनल अस्पताल मंडी रेफर कर दिया गया, जहां उसका उपचार जारी है। गनीमत रही कि हादसे में युवक की जान बच गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# आचार संहिता से पहले टीजीटी शिक्षकों के नियमितीकरण की मांग तेज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश के टीजीटी शिक्षकों के नियमितीकरण को लेकर हिमाचल प्रदेश सर्व टीजीटी महासंघ ने सरकार से समयबद्ध कार्रवाई की मांग की है। महासंघ ने आग्रह किया है कि जिन शिक्षकों ने दो वर्ष का अनुबंध कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है उनका डाटा तुरंत मंगवाया जाए तथा नियमितीकरण की प्रक्रिया आचार संहिता लागू होने से पहले पूरी की जाए, ताकि तकनीकी कारणों से किसी प्रकार की देरी न हो।

प्रदेशाध्यक्ष सुनील ठाकुर और महासचिव सुनील कुमार शर्मा ने सरकार से प्रक्रिया में तेजी लाने की अपील करते हुए कहा कि इससे सैकड़ों कर्मचारियों को उनका अधिकार मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि नियमित होने पर शिक्षकों को वेतनमान, श्रेणी वेतन और अन्य भत्तों का लाभ प्राप्त होता है, जिससे उनकी आर्थिक सुरक्षा और सेवा निरंतरता सुनिश्चित होती है। महासंघ का कहना है कि आचार संहिता लागू होने के बाद प्रायः नियुक्ति और नियमितीकरण संबंधी कार्यों पर रोक लग जाती है, जिससे अनावश्यक विलंब होता है और कर्मचारियों के मनोबल पर प्रभाव पड़ता है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में सामान्यतः वर्ष में दो बार 31 मार्च और 30 सितंबर को कार्यकाल पूर्ण करने वाले कर्मचारियों के नियमितीकरण आदेश जारी किए जाते हैं, ऐसे में महासंघ ने सरकार से पात्र शिक्षकों को समय रहते लाभ देने का आग्रह किया है।

# तहसील निहरी को मिला नया तहसीलदार लंबित कार्यों में अब आएगी तेजी

अनंत ज्ञान



तहसीलदार का स्वागत करते हुए। अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** जिला मंडी के दुर्गम क्षेत्र निहरी तहसील को काफी समय से रिक्त चल रहे तहसीलदार के पद पर इंद्रपाल को नियुक्ति मिल गई है। जानकारी देते हुए युवा कांग्रेस ब्लॉक उपाध्यक्ष सुंदरनगर विक्की ठाकुर ने बताया कि तहसीलदार निहरी के रूप में इंद्रपाल द्वारा कार्यभार संभालने पर उन्हें शुक्रवार को शुभकामनाएं दी हैं।

उन्होंने उम्मीद जताई कि उनके आने से क्षेत्र में प्रशासनिक कार्यों को नई गति मिलेगी और लोगों को बेहतर सेवाएं प्राप्त होंगी। विक्की ठाकुर ने बताया कि पिछले करीब तीन महीने से क्षेत्र में तहसीलदार का पद रिक्त पड़ा हुआ था, जिसके चलते नायब तहसीलदार ही पूरे कार्यभार को संभाल रहे थे। इस दौरान कई राजस्व संबंधी कार्य लंबित हो गए थे और लोगों को भी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने बताया कि अब तहसीलदार की नियुक्ति होने से लंबित कार्यों में तेजी आएगी और नायब तहसीलदार को भी राहत मिलेगी। इस नियुक्ति के लिए उन्होंने प्रदेश के राजस्व मंत्री का आभार व्यक्त किया है।

# 4 मार्च को हर्षोल्लास से मनाई जाएगी होली, बाजार रहेगा बंद



बैठक में उपस्थित व्यापार मंडल जोगिंद्रनगर के व्यापारी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** व्यापार मंडल जोगिंद्रनगर की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र के सभी व्यापारियों ने भाग लेकर आगामी होली उत्सव को लेकर अपने विचार साझा किए। बैठक में सौहार्दपूर्ण वातावरण में चर्चा के बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष होली का पर्व 4 मार्च को पूरे हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया जाएगा।

बैठक में यह भी तय किया गया कि 4 मार्च को होली उत्सव के अवसर पर जोगिंद्रनगर का बाजार पूर्णतः बंद रखा जाएगा। हालांकि, आवश्यक सेवाओं से जुड़े प्रतिष्ठानों को इस निर्णय से अलग रखा गया है, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। व्यापार मंडल अध्यक्ष भास्कर गुप्ता ने बताया कि सभी व्यापारियों की सहमति से यह निर्णय लिया गया है, ताकि व्यापारी वर्ग भी आपसी भाईचारे और उत्साह के साथ होली पर्व मना सके। उन्होंने कहा कि होली आपसी प्रेम, सौहार्द और एकता का प्रतीक है तथा सभी को मिलजुल कर इस पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाना चाहिए।

# प्राथमिक शिक्षक कल मंडी में बोलेंगे हल्ला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला भर के हजारों प्राथमिक शिक्षक रविवार 1 मार्च को जिला मुख्यालय मंडी में हल्ला बोलेंगे। प्राथमिक शिक्षक प्रदेश सरकार व शिक्षा विभाग की अनदेखी से मायूस है, जिसके चलते शिक्षकों में भारी आक्रोश है, जिसके चलते प्राथमिक शिक्षक राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ मंडी के बैनर तले रैली निकाल प्रदेश सरकार तक अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। यह रैली कार्यालय उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा से शुरू होकर उपायुक्त कार्यालय तक निकाली जाएगी और उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री को मांग पत्र भेजा जाएगा। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ मंडी के अध्यक्ष बाबू राम कौंडल ने बताया कि रैली में जिला के सभी 25 खंडों के शिक्षक हिस्सा लेंगे।

◆ **नए क्लस्टर सिस्टम व अन्य मांगों को लेकर शिक्षकों में भारी आक्रोश : बाबू राम**

उन्होंने कहा कि न्यू कंपलेक्स सिस्टम की अधिसूचना वापस लेने सहित एचटी, सीएचटी व बीईईओ की शक्तियां बहाल करने, प्राथमिक शिक्षा से छेड़छाड़ बंद करने, प्राथमिक शिक्षकों से अन्याय बंद करने, जेबीटी के खाली पद जल्द भरने, नर्सरी टीचर्स के खाली पद जल्द भरने व प्राथमिक शिक्षक संघ से वार्ता जल्द करने की मांगों को लेकर मांगों को लेकर प्राथमिक शिक्षक प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि रैली के बाद प्रदेश सरकार व विभाग द्वारा संघ की मांगों को अनदेखा किया जाता है तो मजबूरन आंदोलन को ओर तेज किया जाएगा।

# विवाह में सहारा बनी कामगार कल्याण योजना

## मंडी में 122 श्रमिक परिवारों को 51-51 हजार की मदद, 62.22 लाख जारी

अनंत ज्ञान



लाभान्वित सामूहिक चित्र में। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड की विवाह सहायता योजना जरूरतमंद श्रमिक परिवारों के जीवन में खुशियों के रंग भर रही है। योजना के तहत पंजीकृत कामगारों को उनकी स्वयं की अथवा दो बच्चों की शादी के लिए 51-51 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इससे मेहनत-मजदूरी कर जीवन यापन करने वाले परिवारों को विवाह जैसे बड़े सामाजिक दायित्व को निभाने में महत्वपूर्ण सहारा मिलता है।

जिला मंडी में इस योजना का सकारात्मक प्रभाव देखने को मिला है। पिछले तीन वर्षों में 122 पंजीकृत लाभार्थियों को कुल 62 लाख 22 हजार रुपए की सहायता राशि जारी की गई है। इनमें 62 लड़कों, 55 लड़कियों तथा 5 कामगारों को उनकी स्वयं की शादी के लिए लाभ प्रदान किया गया। जिला श्रम कल्याण अधिकारी के अनुसार योजना दो बच्चों के विवाह तक मान्य है और इसका उद्देश्य श्रमिक परिवारों पर आर्थिक बोझ कम करना है। बोर्ड 18 से 60 वर्ष आयु वर्ग के पात्र निर्माण श्रमिकों को पंजीकरण के आधार पर विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराता है।

# हिमालयन स्कूल सरकाघाट में विदाई समारोह धूमधाम से संपन्न




हिमालयन स्कूल में विदाई समारोह के दौरान सामूहिक चित्र में। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** हिमालयन पब्लिक स्कूल, सरकाघाट में 12वीं के विद्यार्थियों के सफल बोर्ड परीक्षा परिणाम और उज्ज्वल भविष्य की कामना के लिए आशीर्वाद एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन 11वीं के विद्यार्थियों ने किया।

समारोह में मुख्यातिथि के रूप में अध्यक्ष राजकुमार शर्मा और प्रधानाचार्य प्रेमलता डोगरा उपस्थित रहे। समारोह में विद्यार्थियों ने अनुशासन, आत्मविश्वास और बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का आकर्षण विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट छात्रों का सम्मान रहा।

मिस्टर फेयरवेल अभिनव शर्मा, मिस फेयरवेल अक्षरा, मिस्टर ओबेडिएंट रजत, मिस्टर डायनामिक अक्षित, मिस्टर फेमस साहिल, मिस सनशाइन श्रेया शर्मा, मिस इनोसेंट श्रेया शर्मा, मिस हिमालयन वंशिका, मिस्टर हिमालयन आर्यन, मिस परफेक्ट इशांत, मिस परफेक्ट काजल, मिस्टर पर्सनेलिटी शुभम ठाकुर और मिस पर्सनेलिटी सोनाक्षी प्रमुख रहे। अध्यक्ष और प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को परिश्रम, अनुशासन और नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

**अनदेखी** | 120 विद्यार्थियों वाला स्कूल केवल एक प्रवक्ता पर निर्भर

# छोटाभंगाल व चौहार घाटी के स्कूलों में शिक्षकों के पद खाली, पढ़ाई प्रभावित

अनंत ज्ञान



**रूपी ठाकुर, बरोट।** प्रदेश सरकार के शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के दावे दुर्गम छोटाभंगाल व चौहार घाटी में बेमानी साबित हो रहे हैं। दोनों घाटियों के अधिकांश स्कूलों में वर्षों से प्रधानाचार्य, प्रवक्ता व अध्यापकों सहित कई पद रिक्त पड़े हैं, जिससे शिक्षा का ढांचा बुरी तरह प्रभावित हुआ है और विद्यार्थियों की पढ़ाई पर सीधा असर पड़ रहा है।

राजकीय स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मंगत राम तथा मुल्थान पंचायत की निवर्तमान प्रधान दुर्गेश कुमारी ने बताया कि राजकीय महाविद्यालय मुल्थान में प्राचार्य सहित कई प्राध्यापकों के पद खाली हैं। वहीं छोटाभंगाल घाटी की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मुल्थान में वर्तमान में मात्र एक प्रवक्ता पूरे विद्यालय का कार्यभार संभाल रहे हैं। विद्यालय में प्रधानाचार्य, अंग्रेजी, इतिहास, हिंदी, कंप्यूटर प्रवक्ता, शास्त्री तथा शारीरिक अध्यापक के पद रिक्त हैं। इसके बावजूद यहां 120 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। उन्होंने बताया कि 31 जनवरी से शीतकालीन अवकाश के बाद 12 फरवरी को स्कूल पुनः खुल चुके हैं।

ऐसे में सरकार व शिक्षा विभाग से मांग की गई है कि शीघ्र सभी रिक्त पद भरे जाएं ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई सुचारू रूप से चल सके। उधर, चौहार घाटी की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कूटगढ़ भी वर्षों से केवल एक कंप्यूटर प्रवक्ता के सहारे चल रही है, जहां 75 विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं। खलैहल पंचायत के निवर्तमान प्रधान भागमल ने बताया कि इस विषय में विभाग व स्थानीय विधायक को कई बार अवगत करवाया जा चुका है, परंतु समस्या जस की तस बनी हुई है। उन्होंने द्रंग के विधायक पूर्ण चंद ठाकुर से हस्तक्षेप कर रिक्त पद भरने की मांग दोहराई है।

# धर्मपुर में युवक से मारपीट, दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, मंडी।** पुलिस थाना धर्मपुर के अंतर्गत गांव चूहडू रा बल्ह निवासी अनिल कुमार पुत्र बसंता ने शिकायत दर्ज करवाई है कि बीती रात जब वह शिवद्वाला में एक दुकान पर बैठा था तो आरोपी राकेश कुमार और पिंकू वहां आए और बिना किसी कारण उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। शिकायतकर्ता के अनुसार जब उसने वहां से जाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उसका रास्ता रोककर गले से पकड़ा, जमीन पर घसीटा और लात-मुक्कों से मारपीट की, जिससे उसे चोटें आई हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी अन्वेषण शुरू कर दिया है। पुलिस अधीक्षक मंडी विनोद कुमार ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस द्वारा नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### धनोटू में महिला ने मारपीट का लगाया आरोप

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पुलिस थाना धनोटू के अंतर्गत शिकायतकर्ता दुर्गा देवी पत्नी भगत राम ने शिकायत दर्ज करवाई है कि शुक्रवार सुबह जब वह अपने खेत की ओर जा रही थी, तो आरोपी ने बीच रास्ते में उन्हें रोककर डंडे से पिटा और गाली-गलौज की। शिकायत के आधार पर आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है और मामले में आगामी अन्वेषण जारी है। पुलिस अधीक्षक मंडी विनोद कुमार ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि कानून अपना काम करेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### पहली मार्च को विद्युत आपूर्ति बाधित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड सोलन से प्राप्त जानकारी के अनुसार आवश्यक रखरखाव के दृष्टिगत प्रथम मार्च, 2026 को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी सहायक अधिशाषी अभियंता सोलन विपुल कश्यप ने दी। विपुल कश्यप ने कहा कि प्रथम मार्च, 2026 को प्रातः 11.00 बजे से सांय 03.00 बजे तक सरिता विहार, चामुण्डा कॉलोनी तथा डी.ए.वी. स्कूल कथेड़ के आस-पास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### आरएएमपी विषय पर कार्यशाला आयोजित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** उद्योग विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा गत दिवस सोलन जिला के धर्मपुर में 'सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग के प्रदर्शन को बढ़ावा देना और गति लाना (आर.ए.एम.पी) विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता उद्योग विभाग के महाप्रबंधक सुरेन्द्र ठाकुर ने की। सुरेन्द्र ठाकुर ने कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को स्मार्ट सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग योजना के तहत उपलब्ध सुविधाओं जैसे डिजिटल परिवर्तन, क्षमता निर्माण, क्लस्टर विकास, हरित सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग पहल और सरकारी सहायता योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करना है। कार्यशाला में प्रतिभागियों को अवगत करवाया गया कि इन पहलों के माध्यम से उद्योगों की उत्पादकता, प्रतिस्पर्धात्मकता, और दीर्घकालिक स्थिरता को बढ़ाया जा सकता है।

### सामुदायिक मध्यस्थ के लिए करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** न्यायालयों में लम्बित मामलों को मध्यस्थता, सुलह एवं आपसी सहमति से निपटाने के लिए एक विशेष अभियान आरम्भ किया गया है। यह जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आकांक्षा डोगरा ने दी। आकांक्षा डोगरा ने कहा मध्यस्थता राष्ट्र के लिए 2.0 अभियान के तहत विभिन्न मामलों के निपटारे के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विशेषज्ञ सामुदायिक मध्यस्थों की नियुक्ति कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह विशेषज्ञ सोलन के न्यायालयों में लम्बित विभिन्न मामलों के निपटारे में मध्यस्थ की भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि इससे दोनों पक्षों के समय और धन की बचत होगी। उन्होंने कहा कि सोलन में मध्यस्थता के लिए विशेषज्ञों का एक पैनल बनाया जाएगा। इस पैनल में राजस्व विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारी, बैंकों और बीमा कम्पनियों के सेवानिवृत्त अधिकारी, अधिवक्ता तथा अन्य कई परामर्शदाता शामिल किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यदि कोई सेवानिवृत्त अधिकारी, अधिवक्ता या अन्य परामर्शदाता सामुदायिक मध्यस्थ बनना चाहता है तो वह तीन दिनों के भीतर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सोलन कार्यालय व उपमण्डलीय विधिक सेवा समितियों नालागढ़, कण्डाघाट, अर्की, कसौली के कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। कार्यालय दूरभाष नम्बर 01792-220713 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

### निःशुल्क नेत्र जांच व रक्तदान शिविर पहली मार्च को

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत सोलन के नया बस अड्डा में प्रथम मार्च, 2026 को प्रातः 11.00 बजे निःशुल्क नेत्र जांच व रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सोलन कविता ठाकुर ने दी। कविता ठाकुर ने कहा कि यह शिविर सार्वजनिक परिवहन के सभी वाहन चालक, परिचालक व हेल्पर के लिए आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने सभी वाहन चालकों, परिचालकों व हेल्पर से आग्रह किया कि वह इस निःशुल्क शिविर में पहुंचकर नेत्र जांच करवाएं तथा रक्तदान करें।

### एचपीवी के लिए जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान 28 फरवरी, 2026 से पूरे जिला सोलन में क्रियान्वित किया जाएगा। मनमोहन शर्मा आज यहां एचपीवी अभियान के तहत जिला टास्क फोर्स की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मनमोहन शर्मा ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य कर अभियान को सफलतापूर्वक संचालित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत जिले के 22 स्वास्थ्य संस्थानों में 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की 7,503 किशोरियों को (सिंगल डोज वैक्सीन) टीका निःशुल्क लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि एचपीवी टीका सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए है तथा यह टीका सुरक्षित है।

### राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के निदेशक डॉ. गोपाल बेरी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को क्षय रोग मुक्त बनाने के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। डॉ. गोपाल बेरी गत दिवस सोलन में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। डॉ. बेरी ने कहा कि राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम का उद्देश्य क्षय रोगियों की समय पर पहचान करना, उनका पूर्ण उपचार करना और इसे रोकना है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के तहत क्षय रोग की जांच, उपचार और दवाइयां निःशुल्क प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि क्षय रोगियों को उपचार के दौरान निक्षय पोषण योजना के तहत वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाती है।

### तीन दिवसीय ज्योतिष और कर्मकांड प्रशिक्षण शविर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** खडकहां तहसील शिलाई हिमाचल प्रदेश में तीन दिवसीय ज्योतिष और कर्मकांड प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ क्योंकि संस्कृत अकादमी हिमाचल प्रदेश सरकार के सौजन्य से प्रारंभ हुआ और साथ में सांचा विद्या के विषय में प्रशिक्षण भी इस शिविर में ज्ञान दिया जाएगा। जिला सिरमौर जिला की एक प्राचीन विद्या है और धीरे-धीरे इसके जानकारी कम होते जा रहे हैं यह गांव सांचा विद्या का एक विशेष केंद्र है जहां पर सांचा विद्या के द्वारा प्रश्न लगाने के लिए थोड़ी और विद्या से दोष इत्यादि देखे जाते हैं संचार विद्या में जो खुजतरी,कल्याणी,लग्न होर, नक्षत्र होर, अवजादी ,पितृ शोधा,सिरमौरी पारम्परिक पूजा सिंज होम विधि का प्रशिक्षण विद्वान पंडितो द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महेंद्र शर्मा का बीच नंबरदार ने की। इस अवसर पर पंडित बद्री प्रसाद शर्मा, पंडित देवी राम शर्मा, भवानी दत्त शर्मा, अनंत राम शास्त्री चांदना धार से आए हरिश्चंद्र शर्मा पाबूच, बलिराम आदि प्रशिक्षण देंगे। लायक राम भारद्वाज शास्त्री अध्यक्ष भारत विकास परिषद नाहन शाखा,आचार्य मोतीलालव कंवर शर्मा पाबूच कर्मकाण्ड ज्योतिष विज्ञान पर आधारित प्रशिक्षण देंगे तथा लगभग पचास प्रशिक्षु प्रशिक्षण लेंगे। मंच संचालन बलबीर शर्मा आभूषण प्रवक्ता गणित ने किया और बाहर से भी कृष्ण दत्त शर्मा, राहुल अंगीरस, रणदीप शास्त्री, दीप राम शर्मा रोशन शर्मा आदि उपस्थित रहे। इस कार्य के लिए डायग्राम भरद्वाज शास्त्री जी ने विशेष बेड़ा उठाया और निदेशक शिक्षा विभाग डॉक्टर अमरजीत शर्मा निर्देशक शिक्षा विभाग एवं सचिव संस्कृत अकादमी हिमाचल प्रदेश से विशेष आग्रह किया है हम उनका आयोजन के लिए हार्दिक धन्यवाद करते हैं। भाषा अकादमी से नरेंद्र शर्मा, जगदीश तथा पवन उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम महासू महाराज मंदिर बड़का है के परिसर में किया जा रहा है।

### ग्राम पंचायत जौणाजी में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम आयोजित, मंत्री ने निपटाई समस्याएं

# प्रदेश के अंतिम व्यक्ति को विकास की धारा से जोड़ने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : डॉ. शांडिल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि प्रदेश के अंतिम व्यक्ति को विकास की धारा से जोड़ने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। डॉ. शांडिल आज सोलन उपमण्डल की ग्राम पंचायत जौणाजी में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम में लोगों की जन समस्याएं सुनने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत जौणाजी, कोटला मशीवर, सेर बनेड़ा, पड़ग, सलोगड़ा, धरोट, बसाल, शमरोड़ तथा नगर निगम सोलन के लोगों की समस्याएं सुनी गई। डॉ. शांडिल ने कहा कि 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को उनके घर-द्वार पर सेवाएं उपलब्ध करवाना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से ग्रामीणों की समस्याओं का शीघ्र समाधान हो रहा है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य के प्रत्येक व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना प्रदेश सरकार का उद्देश्य है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रदेश सरकार सभी स्वास्थ्य संस्थानों में चरणबद्ध आधार पर आधुनिक उपकरण लगा रही है ताकि लोगों को घर-द्वार बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हो सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में स्वास्थ्य सुविधाओं को और मज़बूत बनाने के लिए विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में लगभग 3,300 करोड़ रुपए के आधुनिक उपकरण लगाए जा रहे हैं। डॉ. शांडिल ने कहा कि प्रदेशवासियों को उनके स्वास्थ्य की ओर जागरूक बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में नशा स्वस्थ जीवन के लिए एक चुनौती बनकर उभरा है। नशा एक क्षणिक सुख है जो भविष्य को अंधकार में ले जाता है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि युवाओं व अन्य को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रखने में सरकार के सहायक बने ताकि एक बेहतर समाज का निर्माण किया जा सके। स्वास्थ्य मंत्री ने विद्युत बोर्ड, जल शक्ति, लोक निर्माण, राजस्व विभाग व अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायतें सुनीं व सम्बन्धित अधिकारियों को इनके शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए। डॉ. शांडिल ने इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश चकोता स्कीम 2015 के तहत धर्मदास पुत्र गंगाराम गांव चाचड़, नरेश कुमार पुत्र जय कृष्णा गांव घरोग, नानक चंद पुत्र संतराम गांव शेर चिराग को पांच बीघा भूमि का मालिकाना हक प्रमाण पत्र भी प्रदान किए। स्वास्थ्य मंत्री ने इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया। शिविर में 90 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। कार्यक्रम में 20 इंतकाल व 22 आधार कार्ड अद्यतन किए गए। इस अवसर पर कुल 75 शिकायतें व मांगें प्राप्त हुई, जिनमें से 54 शिकायतें व 21 मांगे थी। इनमें से अधिकतर का मौका पर निपटारा किया गया तथा शेष मांगों को सम्बन्धित विभागों को प्रेषित किया गया। जिला कांग्रेस के अध्यक्ष सुभाष चन्द बरमानी, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता रमेश ठाकुर, संजीव ठाकुर व प्रदेश खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम निदेशक मण्डल के सदस्य जतिन साहनी, हिमाचल प्रदेश व्यापार कल्याण बोर्ड के सदस्य शोभित बहल, प्रदेश विश्वकर्मी समाज कल्याण बोर्ड के सदस्य मदन हिमाचली, संधीरा सिंह सीनू, मोहन मेहता, उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा, पुलिस अधीक्षक सोलन तिरुमलाराजू एसडी वर्मा, अतिरिक्त उपायुक्त राहुल जैन, उप पुलिस अधीक्षक बद्दी अशोक वर्मा, उपमण्डलाधिकारी सोलन डॉ. पूनम बसंल, ग्राम पंचायत जौणाजी की पूर्व प्रधान जयवंती, बनीता, भुपेन्द्र कश्यप, ग्राम पंचायत मशीवर के पूर्व प्रधान नरेश, ग्राम पंचायत जौणाजी के पूर्व उप प्रधान अमर दत्त, पूर्व बीडीसी सदस्य लक्ष्मी ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व ग्रामीण इस अवसर पर उपस्थित थे।



कार्यक्रम में जन समस्याएं सुनते स्वास्थ्य मंत्री कर्नल शांडिल। अनंत ज्ञान

### हाईकोर्ट ने सिरमौर की शामलात भूमि बारे सरकार से 2 अप्रैल तक जवाब मांगा

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हाई कोर्ट की डबल बैंच ने जिला सिरमौर के गिरिपार बनाम सरकार मामले में शामलात भूमि को लेकर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से 2 अप्रैल तक जवाब तलब किया है। हाई कोर्ट के एडवोकेट अनिल कुमार मंगेट ने बताया कि जनहित याचिका की सुनवाई आज हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय की डबल बैंच ने सीडब्ल्यूपीआईएल/8/2026 – गिरिपार बनाम राज्य मामले की सुनवाई प्रदेश के भूमिहीन जनता से जुड़े शामलात भूमि के मुद्दे को अत्यंत गंभीरता एवं संवेदनशीलता से सुना। एडवोकेट अनिल कुमार ने बताया कि हाई कोर्ट ने प्रदेश सरकार से जवाब-तलब करते हुए नोटिस जारी करते हुए 2 अप्रैल तक विस्तृत जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने ने बताया कि यह आदेश लाखों भूमिहीन, जरूरतमंद एवं वंचित लोगों के लिए आशा की किरण है। मंगेट ने कहा कि न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कदम है। न्याय की इस लड़ाई में आज एक मजबूत पहल हुई है। सत्य और अधिकार की आवाज अब न्यायालय में गूंज रही है।

## सिरमौर में पहली बार वन अधिकार कानून के तहत मिलेंगे भूमि पट्टे

अनंत ज्ञान

**शिलाई/नाहन।** जिला मुख्यालय नाहन में वन अधिकार कानून 2006 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जनजातीय मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान शिलाई तहसील के 29 व्यक्तिगत वन अधिकार दावों को औपचारिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। जिला आयुक्त प्रियंका वर्मा ने बताया कि जिले में प्राप्त कुल 118 दावों में से अन्य परंपरागत वन निवासियों के 29 व्यक्तिगत दावों को स्वीकृति दी गई है। गौरतलब है कि पूरे हिमाचल प्रदेश में पहली बार वन अधिकार कानून के तहत अन्य परंपरागत वन निवासियों के खेती की भूमि संबंधी दावे जिला सिरमौर में स्वीकृत हुए हैं। इससे पूर्व डलहौजी (जिला चंबा) तथा देहरा (जिला कांगड़ा) में केवल आवासीय मकानों से संबंधित दावों को ही स्वीकृति प्रदान की गई थी। 31 जनवरी 2025 को आयोजित जिला स्तरीय समिति की बैठक में कुल 118 दावों पर विचार-विमर्श किया गया था। इनमें शिलाई तहसील से 30 दावे (29 व्यक्तिगत एवं 1 सामुदायिक दावा) कुल 5609-00-00 बीघा भूमि के, पांवटा तहसील से 61 व्यक्तिगत दावे 186.02-00 बीघा भूमि के तथा संगड़ाह तहसील से 27 व्यक्तिगत दावे 175.01-01 बीघा भूमि के शामिल थे। जिला आयुक्त ने बताया कि स्वीकृत 29 व्यक्तिगत दावे कुल 141.01 बीघा भूमि से संबंधित हैं, जो नैना, नया पंजोर, डाहर, जासवी एवं लानी बोराड़ वन अधिकार समितियों के अन्य परंपरागत वन निवासियों द्वारा प्रस्तुत किए गए थे। उल्लेखनीय है कि इन 29 स्वीकृत दावों में से 6 दावेदार भूमिहीन व अन्य दावेदार सीमांत किसान हैं तथा लगभग 90 प्रतिशत दावेदार अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित हैं। डाहर गांव के रती राम ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जनजातीय मंत्री जगत सिंह नेगी, जिला एवं उपमंडल स्तरीय समितियों, प्रशासनिक अधिकारियों तथा वन अधिकार कानून के प्रचार-प्रसार में स्वैच्छिक रूप से कार्यरत सिरमौर वन अधिकार मंच, सोसायटी फॉर रूरल डेवलपमेंट एंड एक्शन एवं हिमधरा पर्यावरण समूह के कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।



सरकार के निर्णय पर स्थानीय लोगों ने जताई प्रसन्नता। अनंत ज्ञान

### राजगढ़ महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने किया शूलिनी विश्वविद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण

**अनंत ज्ञान, राजगढ।** राजगढ़ महाविद्यालय के विज्ञान एवं वाणिज्य विभाग के छात्रों ने शुक्रवार को शूलिनी विश्वविद्यालय सोलन का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरे का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक शोध सुविधाओं, उद्योग, अकादमिक संबंधों और उच्च शिक्षा के नए अवसरों से रुबरु कराना था। छात्रों ने शूलनी विश्वविद्यालय की विश्व स्तरीय प्रयोगशालाओं, अनुसंधान केंद्रों और लाइब्रेरी का भी भ्रमण किया तथा विश्विद्यालय के विषय विशेषज्ञ फैकल्टी के व्याख्यानों का भी लाभ उठाया। शैक्षणिक भ्रमण में कुल 27 छात्रों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में सहायक आचार्य डॉ. पंकज शर्मा, डॉ. गीतिका ठाकुर, डॉ. अभिषेक कुमार एवं प्रो. विनोद शर्मा ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया तथा महाविद्यालय के शोध एवं नवाचार समिति के समन्वयक डॉ. शिव भारद्वाज ने शूलिनी विश्वविद्यालय के सेवा विस्तार सलाहकार श्री चन्द्रमोहन शर्मा के साथ इस कार्यक्रम का समन्वय किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र वर्मा ने भ्रमण को पाठ्यक्रम को व्यावहारिक पूरक एवं अत्यंत सफल बताते हुए छात्रों के उत्साह एवं अनुशासन की प्रशंसा की तथा भविष्य में भी ऐसे शैक्षिक भ्रमणों को निरंतर आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की और शूलिनी विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ.पी. के. खोसला तथा सेवा विस्तार सलाहकार चन्द्रमोहन शर्मा का इस कार्यक्रम हेतु धन्यवाद भी किया।

## सोलन में खाद्य सुरक्षा विभाग सख्त : 6 सैंपल फेल , मिठाई दुकानों पर नोटिस

अनंत ज्ञान

**सोलन।** जिला सोलन में खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। पिछले डेढ़ महीने में 30-35 सैंपल लिए गए, जिनमें से 6 लैब जांच में फेल साबित हुए।मशहूर मिठाई दुकान पर कार्रवाई ईशर स्वीट्स से लिए गए 4 सैंपलों में से 3 फेल चमचम में बेसिक कलर, फ्रूट बॉल और बर्फी मानकों पर खरे नहीं उतरे। दुकान को नोटिस जारी। सहायक खाद्य आयुक्त नगर निगम सोलन अतुल कायस्थ ने जानकारी देते हुए बताया कि फेल हुए सैंपलों में मिठाई 'चमचम' शामिल है, जिसमें बेसिक कलर पाया गया। यह सैंपल ईशर स्वीट से लिया गया था। दुकान से कुल 4 सैंपल लिए गए थे, जिनमें से 3 फेल पाए गए। इसके अलावा फ्रूट बॉल और बर्फी के सैंपल भी मानकों पर खरे नहीं उतरे।

### स्वच्छता मानकों के प्रति जागरूक किया

**अब** तक करीब 500 व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता मानकों के प्रति जागरूक किया जा चुका है। राज्य सरकार द्वारा खाद्य दुकानों की हाइजीनिक रेटिंग भी की जाती है, जो वन स्टार से लेकर फाइव स्टार तक दी जाती है। 12 से 14 बिंदुओं के आधार पर यह रेटिंग तय की जाती है। उन्होंने बताया कि खाद्य प्रतिष्ठानों को तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है और कुछ दुकानों का हाइजीनिक ऑडिट भी करवाया जाएगा। धार्मिक स्थलों पर भोग के प्रसाद का भी ऑडिट किया जाएगा, जिसमें शूलिनी मंदिर और जटोली मंदिर शामिल हैं। प्रत्येक प्रतिष्ठान का दो वर्ष में एक बार ऑडिट अनिवार्य है। इसके अलावा मिड-डे मील योजना और डिपो में हर महीने निरीक्षण किया जाता है। विभाग की टीमें जिले भर में लगातार छापेमारी कर रही हैं। हर महीने औसतन 20 से 25 सैंपल लिए जाते हैं और लैब रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाती है।



सोलन में पत्रकार वार्ता करते सहायक खाद्य आयुक्त

### भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल गिरिपार-आंजभोज की परिचय बैठक हुई संपन्न

**अनंत ज्ञान, पावंटा साहिब।** ग्राम पंचायत राजपुर के दिघाली में भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल गिरिपार-आंजभोज की परिचय बैठक युवा मोर्चा अध्यक्ष भगवान दास चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्र के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक सुखराम चौधरी, मंडल अध्यक्ष रमेश तोमर, पांवटा मंडल अध्यक्ष हितेन्द्र धवन, प्रदेश युवा मोर्चा प्रवक्ता अरुण शर्मा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चरणजीत सिंह चौधरी तथा नितिन शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। विधायक सुखराम चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि हिमाचल प्रदेश में वर्तमान सरकार की कार्यप्रणाली से जनता निराश है। उन्होंने दिल्ली में 'एस के-3' से जुड़े कार्यों को लेकर लिए गए निर्णयों पर भी सवाल उठाते हुए इसकी कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि ऐसे विषयों पर पारदर्शिता और जवाबदेही अनिवार्य है तथा सरकार को जनहित सर्वोपरि रखना चाहिए।

## सोलन से लोहे के चैनल चोरी करने वाले पिंजौर में गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**सोलन।** शामती निवासी नरेश कुमार ने पुलिस थाना सदर सोलन में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि वह निजी ठेकेदारी का कार्य करते हैं। उनके पास 5 मिक्सर मशीनें हैं। 14 फरवरी को ओच्छघाट में कार्य समाप्त करने के उपरांत वह मिक्सर मशीन तथा 6 लोहे के चैनल लेकर अपने घर धरांजटी जा रहे थे। मझगांव के समीप उनकी गाड़ी खराब हो गई, जिस पर उन्होंने मिक्सर मशीन व 6 लोहे के चैनल सड़क किनारे उतार दिए तथा वाहन की मरम्मत करवाने हेतु बाईपास सोलन चले गए। 14 व 16 फरवरी को जब वह ओच्छघाट गए, तब मिक्सर मशीन व 6 चैनल वहीं पर मौजूद थे। परंतु 17 फरवरी को जब वह कार्य देखने हेतु ओच्छघाट की ओर जा रहे थे, तो पाया कि मिक्सर मशीन में रखे 6 लोहे के चैनल चोरी हो चुके हैं। अज्ञात व्यक्ति द्वारा 16-17 फरवरी की रात्रि में उक्त 6 लोहे के चैनल चोरी कर लिए गए, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग ₹60,000/- है। इस संबंध में पुलिस थाना सदर सोलन में अभियोग पंजीकृत किया गया। *अभियोग के अन्वेषण के दौरान पुलिस थाना सदर सोलन की टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज व अन्य तकनीकी साक्ष्यों का गहन विश्लेषण किया गया। तकनीकी विश्लेषण एवं गहन जांच के आधार पर महत्वपूर्ण सुराग प्राप्त हुए। जिस पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 26 फरवरी -2026 को मामले में संलिप्त 2 आरोपियों अभिषेक पुत्र आनंद सिंह निवासी भक्ति बिल्डिंग, बालूगंज, शिमला, तहसील व जिला शिमला, हिमाचल प्रदेश, उम्र 23 वर्ष हाल गणेश पेपर स्टोर/जंक शॉप रामपुर सियुड़ी सूरजपुर पिंजौर हरियाणा तथा अक्षय पुत्र देवी लाल निवासी हाल निवास गुप्ता निवास, टूटू, शिमला, उम्र 24 वर्ष हाल गणेश पेपर स्टोर/जंक शॉप रामपुर सियुड़ी सूरजपुर पिंजौर हरियाणा को पिंजौर से गिरफ्तार किया गया। चोरी हुए 06 लोहे के चैनल भी बरामद कर लिए गए हैं। मामले में प्रयुक्त किये गए वाहन को भी जब्त करके कब्जा पुलिस में लिया गया है । गिरफ्तार दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है । जांच के दौरान पाया गया कि दोनों आरोपी पिंजौर से सामान छोड़ने के लिए सोलन आए थे तथा वापसी के समय सड़क किनारे रखे 6 लोहे के चैनलों को वाहन में लोड कर चोरी कर ले गए। जांच में यह भी पाया गया कि दोनों आरोपी मूल रूप से नेपाल के निवासी हैं। गिरफ्तार आरोपियों के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की जांच की जा रही है।




पुलिस की गिरफ्त में चोरी के आरोपी।

## एआई समिट के दौरान कार्य में वाधा डालना युवा कांग्रेस के नेताओं की घटिया मानसिकता : रावत

अनंत ज्ञान

**नाहन।** सिरमौर भाजपा जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने कहा कि एआई सम्मिट करने के दौरान युवा कांग्रेस के नेताओं ने जिस प्रकार नंगा नाच कर घटिया मानसिकता का परिचय दिया है। वह बहुत ही निंदनीय एवं शर्मनाक है। रावत ने बताया कि इसके पीछे कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी का हाथ है।

इतना ही नहीं इस प्रकरण के तार प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से भी जुड़े हैं पहले मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इन युवा कांग्रेस नेताओं के लिए दिल्ली के हिमाचल सदन में कमरा बुक किया तथा उसके बाद इन युवा कांग्रेस के नेताओं को हिमाचल में कमरा बुक करवा कर संरक्षण दिया गया। इतना ही नहीं हिमाचल पुलिस ने भी सरकार के इशारे पर दिल्ली पुलिस के साथ अभद्र व्यवहार किया जिससे पूरा हिमाचल शर्मसार हुआ है रावत ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बढ़ती लोकप्रियता रास नहीं आ रही है। इसलिए कांग्रेस पार्टी के नेता केंद्र की सत्ता हथियाना के लिए ऐसे घटिया हथकंडे अपना रहे हैं।



रावत ने बताया कि इन नंगा नाच करने वाले युवा कांग्रेस के नेताओं पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज होना चाहिए ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस प्रकार का हुड़दंग ना मचाए।

**आयोजन** | कृषि व्यावसायिक शिक्षा को सुदृढ़ बनाने की दिशा में बढ़ते कदम

## नौणी विश्वविद्यालय-समग्र शिक्षा साझेदारी से कृषि व्यावसायिक शिक्षा को मिलेगा बढ़ावा

अनंत ज्ञान

**सोलन ब्यूरो।** कृषि व्यावसायिक शिक्षा को सुदृढ़ बनाने की दिशा में बढ़ते हुए डॉ यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी में नैशनल स्किल्स क्वालफकेशन फ्रेमवर्क के अंतर्गत स्थापित इन्क्यूबेशन सेंटर की गतिविधियों पर हितधारकों से सुझाव प्राप्त करने हेतु एक दिवसीय कार्यशाला एवं संवाद सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला विश्वविद्यालय और समग्र शिक्षा, हिमाचल प्रदेश के मध्य हुए समझौता ज्ञापन के अंतर्गत आयोजित की गई। यह पहल भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की विश्व बैंक समर्थित स्.,स् परियोजना के अंतर्गत संचालित की जा रही है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय में परियोजना के नोडल अधिकारी डॉ. इंदर देव ने कहा कि विश्वविद्यालय में इन्क्यूबेशन सुविधा विश्वस्तरीय मानकों के अनुरूप है।

उन्होंने बताया कि परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विश्वविद्यालय कृषि विशेषज्ञता, आधारभूत संरचना तथा डाटा प्रबंधन के क्षेत्र में अपना योगदान देगा। उन्होंने दोहराया कि इन्क्यूबेशन सेंटर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने हेतु आवश्यक ज्ञान, व्यावहारिक कौशल तथा पेशेवर दृष्टिकोण से सुसज्जित करना है। उन्होंने यह भी बताया कि यह परियोजना नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 के उद्देश्यों के अनुरूप है, जो शिक्षा की गुणवत्ता एवं व्यावसायिक दक्षता को सुदृढ़ करने हेतु अकादमिक संस्थानों और उद्योग के बीच की दूरी को कम करने पर बल देती है।

परियोजना की सह-समन्वयक डॉ. आशु चंदेल ने परियोजना की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए इसे एक परिवर्तनकारी साझेदारी बताया, जिसका उद्देश्य कृषि व्यावसायिक शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना तथा उनमें उद्यमिता कौशल विकसित करना है। उन्होंने जानकारी दी कि इस परियोजना से प्रदेश के लगभग 227 विद्यालयों के 5,000 से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित होंगे।




विश्वविद्यालय नौणी में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन अनंत ज्ञान

## 2 युवकों के कब्जे से 8 .15 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद

अनंत ज्ञान

**सोलन।** जिला पुलिस की एसआईयू टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर आल्टो कार में सवार 2 युवकों के कब्जे से 8.15 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद की गई। मौके पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में पुलिस थाना परमाणु में एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। अन्वेषण के दौरान मामले में संलिप्त वाहन को जब्त कर पुलिस कब्जे में लिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार आरोपियों के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की जांच करने पर पाया गया कि *गिरफ्तार आरोपियों में से एक आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी चिट्टा/हेरोइन तस्करी के 3 मामले दर्ज हैं, जिनमें कुल 22.47 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद की गई थी। उक्त मामलों में से 1 मामला पुलिस थाना सदर सोलन में दर्ज है, जिसमें 12.25 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद की गई थी तथा 2 मामले पुलिस थाना धर्मपुर में पंजीकृत हुए थे, जिनमें कुल 10.22 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद की गई थी। मामले में आगामी जांच जारी है।



पुलिस की गिरफ्त में चिट्टे के आरोपी। अनंत ज्ञान


## स्पोर्ट्स विंडो

### ऑस्ट्रेलियाई कोचिंग स्टाफ में शामिल हुईं दिग्गज क्रिकेटर मेग लेनिंग

**एजेंसी, ब्रिस्बेन।** ऑस्ट्रेलिया की दिग्गज क्रिकेटर मेग लेनिंग अगले महीने क्वींसलैंड में आयोजित होने वाली अंडर-19 महिला त्रिकोणीय श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया के सहयोगी स्टाफ से जुड़ेंगी। इस बात की जानकारी क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को दी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से वर्ष 2023 में संन्यास लेने वाली मेग लेनिंग इस श्रृंखला में विकास कोच की भूमिका निभाएंगी। यह त्रिकोणीय श्रृंखला 30 मार्च से 18 अप्रैल तक ब्रिस्बेन और गोल्ड कोस्ट में खेली जाएगी, जिसमें ऑस्ट्रेलिया के अलावा इंग्लैंड और श्रीलंका की टीमें भी भाग लेंगी। मेग लेनिंग मुख्य कोच क्रिस्टन बीम्स के साथ कार्य करेंगी। सहयोगी कोच के रूप में लीसा कीटली और क्लाइव रोज़ भी टीम से जुड़े रहेंगे। यह कोचिंग में लेनिंग की दूसरी पारी होगी। इससे पहले वह पिछले वर्ष आयोजित लेनिंग बनाम पेरी श्रृंखला में सहायक भूमिका निभा चुकी हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इस श्रृंखला के लिए 14 सदस्यीय टीम की भी घोषणा की है। चयनित खिलाड़ियों में कई ऐसी प्रतिभाएं शामिल हैं, जो पहले ही सीनियर घरेलू क्रिकेट में पदार्पण कर चुकी हैं। यह सभी खिलाड़ी वर्ष 2027 में बांग्लादेश और नेपाल में आयोजित होने वाले अंडर-19 महिला विश्व कप के लिए चयन के पात्र होंगी। मुख्य कोच क्रिस्टन बीम्स ने बयान में कहा कि युवा चयन पैनल ने श्रीलंका और इंग्लैंड के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए संतुलित और मजबूत टीम का चयन किया है।

### जर्मन ओपन में भारत का अभियान खत्म, लिन चुन से हारे श्रीकांत

**एजेंसी, मुलहेम एन डेर रूर।** सीनियर भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत बृहस्पतिवार को यहां पुरुष एकल के दूसरे दौर में चीनी ताइपे के लिन चुन यी से सीधे गेम में हारकर जर्मन ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट से बाहर हो गए। विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत को इंडिया ओपन सुपर 750 चैंपियन लिन के खिलाफ 32 मिनट तक चले मुकाबले में 14-21, 9-21 से हार का सामना करना पड़ा। श्रीकांत की हार के साथ ही टूर्नामेंट में भारत का अभियान भी खत्म हो गया। दुनिया के नंबर 11 लिन ने श्रीकांत को 2024 स्विस ओपन में अपनी पिछली मुलाकात में भी हराया था। (अनंत ज्ञान)



### दूरदर्शन होगा इंडियन फुटबॉल लीग 2025-26 का प्रसारण साझेदार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने बृहस्पतिवार को कहा कि शुक्रवार से शुरू होने वाली इंडियन फुटबॉल लीग (आईएफएल) 2025-26 के लिए दूरदर्शन को आधिकारिक प्रसारण साझेदार बनाया गया है। आईएफएल का प्रसारण डीडी स्पोर्ट्स पर होगा। प्रसार भारती के स्ट्रीमिंग मंच वेव्स ऐप पर भी 'लाइव स्ट्रीम' किया जाएगा। एआईएफएफ के उप सचिव एम. सत्यनारायण ने कहा, 'हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि आईएफएल सत्र शुरू हो रहा है और लीग के लिए प्रसारण साझेदार के तौर पर दूरदर्शन हमारे साथ है। पिछले सत्र में खिताब की दौड़ आखिरी दिन तक चली थी और हमें उम्मीद है कि इस साल भी यह उतना ही रोमांचक होगा।' आईएफएल 2025-26 शुक्रवार को लुधियाना में नामधारी एफसी और आइजोल एफसी के बीच मैच के साथ शुरू होगा जबकि दिन के दूसरे मैच में आइजोल में चनमारी एफसी और पूर्व चैंपियन गोकुलम केरल एफसी भिड़ेंगे। (अनंत ज्ञान)

### क्रिकेटर लॉरेन बेल का अलग अंदाज

**लॉरेन** बेल इंग्लैंड की एक 23-24 वर्षीय प्रमुख तेज-मध्यम गति की गेंदबाज हैं, जो अपनी शानदार स्विंग के लिए जानी जाती हैं। 'द शार्द' उपनाम से प्रसिद्ध बेल महिला प्रीमियर लीग 2026 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु द्वारा 90 लाख रुपए में खरीदी गई प्रमुख खिलाड़ी हैं।



## जॉर्जिया वोल के आकर्षक शतक की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने 2-0 से कब्जाई श्रृंखला

# ऑस्ट्रेलिया महिला टीम ने भारत से लगातार 12वीं वनडे सीरीज जीती

**एजेंसी, होबार्ट**



◆ **36.1 ओवर में 5 विकेट पर 252 रन का टारगेट किया हासिल**

जॉर्जिया वोल के आकर्षक शतक की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को यहां मौजूदा चैंपियन भारत को दूसरे महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 83 गेंद शेष रहते हुए पांच विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल की। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 251 रन बनाए। प्रतिका रावल की 81 गेंद पर खेली गई 52 रन की पारी से भारत ने अच्छी शुरुआत की। उन्होंने अपनी पारी में छह चौके लगाए। भारतीय टीम हालांकि बीच के ओवरों में लड़खड़ा गई। इसके बाद हरमनप्रीत ने 70 गेंद पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से 54 रन बनाए।

ऑस्ट्रेलिया ने जॉर्जिया वोल (82 गेंद पर 101 रन, 13 चौके, एक छक्का) और फीबी लिचफील्ड (62 गेंद पर 80 रन) की उम्दा पारियों की मदद से 36.1 ओवर में पांच विकेट पर 252 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। इस तरह से ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला में अपना शानदार रिकॉर्ड जारी रखा। ऑस्ट्रेलिया ने अभी तक भारत के खिलाफ सभी 12 द्विपक्षीय वनडे श्रृंखलाएं जीती हैं।

ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने अपनी आखिरी अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेल रही कप्तान एलिसा हीली (06) का विकेट जल्दी गंवा दिया जिन्हें काशवी गौतम (47 रन देकर दो विकेट) ने इनस्विंग यॉर्कर पर बोल्ड किया। इसके बाद हालांकि लिचफील्ड और वोल ने अगले लगभग 15 ओवर तक भारत को कोई सफलता हाथ नहीं लगने दी और इस बीच दूसरे विकेट के लिए 15.4 ओवर में 119 रन की साझेदारी की। इन दोनों ने भारत के तेज और स्पिन आक्रमण का सहजता से सामना किया और भारत के खराब क्षेत्ररक्षण का भी फायदा उठाया। क्रांति गौड़ (54 रन देकर एक विकेट) ने लिचफील्ड को आउट करके यह साझेदारी तोड़ी। लिचफील्ड स्कूप करने के प्रयास में बोल्ड हो गईं। उन्होंने अपनी पारी में 11 चौके और एक छक्का लगाया।

वोल ने बेथ मूनी (31) के साथ तीसरे विकेट के लिए 67 गेंद पर 82 रन की साझेदारी की। वह शतक पूरा करने के बाद कासवी की गेंद पर फाइन लेग पर कैच देकर पवेलियन लौटी। दीप्ति शर्मा (32 रन देकर दो विकेट) ने मूनी और फिर एनाबेल सदरलैंड (10) को आउट किया, लेकिन इससे परिणाम पर कोई असर नहीं पड़ा। एशले गार्डनर (नाबाद 19) ने विजयी चौका लगाया। (अनंत ज्ञान)

## बल्लेबाजों का फॉर्म में लौटना दिल को सुकून देने वाला : सूर्या

**एजेंसी, चेन्नई**



आईसीसी टी-20 विश्व कप सुपर 8 चरण के अपने दूसरे मुकाबले में भारतीय टीम ने वीरवार को जिम्बाब्वे पर 72 रनों की शानदार जीत दर्ज की। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 256 रन बनाए। जवाब में जिम्बाब्वे की टीम निर्धारित ओवरों में 6 विकेट पर 184 रन ही बना सकी। मैच के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टीम के प्रदर्शन पर संतोष जताते हुए कहा कि खिलाड़ियों ने लीग चरण और पिछले मुकाबले की बातों को पीछे छोड़कर नए सिरे से शुरुआत की। उन्होंने कहा, 'हमने सोचा कि जो भी लीग चरण में हुआ या पिछले मैच में हुआ, उसे पीछे छोड़ दें। हमारे वीडियो विश्लेषक ने साल भर के प्रदर्शन की एक स्लाइड सभी बल्लेबाज़ों और गेंदबाज़ों के लिए तैयार की थी।

हमने उसे देखा और उससे काफी सकारात्मकता मिली। यहां आने के बाद शीर्ष क्रम से लेकर नंबर सात तक सभी बल्लेबाजों का योगदान देखना दिल को सुकून देने वाला था।' हालांकि कप्तान ने माना कि गेंदबाजी में अभी सुधार की गुंजाइश है। उन्होंने साफ कहा, 'अगर ईमानदारी से कहूं तो हम गेंद से थोड़ा और क्लिनिकल हो सकते थे। लेकिन दिन के अंत में जीत, जीत होती है। आगे बढ़ते हुए हम अपनी कमियों पर काम करेंगे और जब वेस्टइंडीज के खिलाफ उतरेंगे तो अपनी रणनीति और मजबूत करेंगे।'

सूर्यकुमार यादव ने जिम्बाब्वे के बल्लेबाज़ों की भी खुलकर तारीफ की। उन्होंने कहा, 'मैं जिम्बाब्वे के बल्लेबाज़ों से कोई श्रेय नहीं छीनना चाहता। उन्होंने बेहतरीन बल्लेबाज़ी की। पिच अच्छी थी, लेकिन उन्होंने पावरप्ले में समय लिया और बाद में समझदारी से खेला। उन्हें भी पूरा श्रेय जाता है। हालांकि गेंदबाज़ी के नजरिए से हमें कुछ मौकों पर बेहतर विकल्प चुनने चाहिए थे।' आगामी मुकाबले को लेकर कप्तान ने संकेत दिए कि टीम को साहसिक फैसले लेने होंगे। (अनंत ज्ञान)

## लियोनेल मेसी बोले-मैंने स्पेन से खेलने का ऑफर ठुकराया

**एजेंसी, मैक्सिको**



अर्जेंटीना के वर्ल्ड कप विजेता कप्तान लियोनेल मेसी ने अपने करियर और निजी जीवन से जुड़े कई अहम पहलुओं पर खुलकर बात की है। एक मैक्सिकन पॉडकास्ट के दौरान मेसी ने स्वीकार किया कि बचपन में अंग्रेजी न सीख पाना उन्हें अब भी खलता है। 38 वर्षीय मेसी ने कहा, 'मुझे कई बातों का अफसोस है, लेकिन बचपन में अंग्रेजी न सीखना सबसे बड़ा पछतावा है। मेरे पास समय था, मैं पढ़ सकता था। करियर के दौरान मुझे दुनिया की कई बड़ी और प्रभावी हस्तियों से मिलने का मौका मिला, लेकिन भाषा की कमी के कारण मैं उनसे खुलकर संवाद नहीं कर सका। मैं ऐसे पलों में खुद को आधा अनजान महसूस करता था। अमेरिका के मेजर लीग सॉकर क्लब इंटर मियामी के लिए खेल रहे मेसी अब अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा और तैयारी के महत्व के बारे में लगातार समझाते हैं। मेसी 13 साल की उम्र में अपने शहर रोसारियो से स्पेन पहुंचे और बार्सिलोना की प्रसिद्ध एकेडमी ला मासिया से जुड़े। उन्होंने भावुक होकर याद किया, 'पूरा मोहल्ला हमें एयरपोर्ट छोड़ने आया था। वे लियो मेसी को नहीं, बल्कि मेसी परिवार को विदा कर रहे थे।' स्पेन में उनका पहला साल बहुत कठिन था। ट्रांसफर नियमों के कारण वे छह महीने तक नहीं खेल पाए और जब खेलने का मौका मिला, तो चोटिल होकर 3 महीने के लिए बाहर हो गए थे। स्पेन में पले-बढ़े और पूरा क्लब करियर वहीं बनाने के कारण मेसी के पास स्पेन की नेशनल टीम से खेलने का विकल्प भी था। उस समय स्पेनिश फुटबॉल फेडरेशन ने उन्हें मनाने की कोशिश की। लेकिन मेसी ने साफ किया कि उनका दिल हमेशा अर्जेंटीना के साथ था। (अनंत ज्ञान)

## विंडीज को हल्के में नहीं लेगा भारत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** टी-20 विश्व कप 2026 का सुपर-8 चरण रोमांचक मोड़ पर पहुंच चुका है। दो टीमें सेमीफाइनल में प्रवेश कर चुकी हैं जबकि दो स्थानों के लिए लड़ाई जारी है। भारत और वेस्टइंडीज के बीच रविवार यानी 01 मार्च को अहम मुकाबला खेला जाएगा। इस मैच में जीतने वाली टीम सेमीफाइनल का टिकट हासिल कर लेगी। दोनों ही टीमों के लिए यह मैच करो या मरो की स्थिति जैसा है। हालांकि, टीम इंडिया विपक्षी टीम को हल्के में नहीं लेना चाहेगी। मौजूदा टूर्नामेंट में वेस्टइंडीज ग्रुप स्टेज में अजेय रही। सुपर-8 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वीरवार को खेले गए मुकाबले में वेस्टइंडीज को नौ विकेट से हार का सामना करना पड़ा, जबकि अपने पहले मैच में वेस्टइंडीज ने जिम्बाब्वे को हराया था। भारतीय टीम अपने घर में खेलने के बावजूद वेस्टइंडीज को बिलकुल भी हल्के में नहीं लेगी। इसकी वजह 2016 का टी20 विश्व कप सेमीफाइनल है जिसमें भारतीय टीम को वेस्टइंडीज ने सात विकेट से हराकर खिताब जीतने का सपना तोड़ दिया था। (अनंत ज्ञान)

## रणजी ट्रॉफी : इस सत्र में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने आकिब नबी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



मैच 10
विकेट 60

जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी ने रणजी ट्रॉफी 2025-26 सत्र में शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया है। उन्होंने इस सत्र में 10 मैच में कुल 60 विकेट लेकर मौजूदा रणजी ट्रॉफी अभियान के सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बनने का गौरव हासिल किया। रणजी ट्रॉफी के इस सत्र में आकिब नबी ने कर्नाटक के खिलाफ मुकाबले में 54 रन देकर पांच विकेट झटके। उनकी घातक गेंदबाजी के सामने कर्नाटक की टीम केवल 293 रनों पर सिमट गई और जम्मू-कश्मीर की पहली पारी के 584 रनों के विशाल स्कोर से काफी पीछे रह गई। इस उपलब्धि के साथ आकिब टूर्नामेंट के 92 वर्षों के इतिहास में एक ही सत्र में 60 विकेट लेने वाले केवल तीसरे तेज गेंदबाज बन गए हैं। यह उनके लिए घरेलू क्रिकेट में एक यादगार उपलब्धि मानी जा रही है। इस सत्र में यह उनका सातवां पांच विकेट हॉल रहा, जबकि रणजी करियर का यह 15वां पांच विकेट हॉल है।

आकिब नबी ने यह ऐतिहासिक मुकाम कर्नाटक के बल्लेबाज शिखर शेट्टी को आउट कर हासिल किया। इससे पहले उन्होंने कर्नाटक के कप्तान मयंक अग्रवाल को भी पगबाधा आउट किया, जिन्होंने 160 रनों की शानदार पारी खेलकर टीम को संभालने की कोशिश की थी। आकिब नबी के इस प्रदर्शन से जम्मू-कश्मीर की टीम को मजबूत बढ़त मिली और उनके इस शानदार सत्र की चर्चा पूरे घरेलू क्रिकेट जगत में हो रही है। (अनंत ज्ञान)

## श्रीलंका के खिलाफ पाक की नजर बड़ी जीत पर

### अपने देश में वर्ल्ड कप खेल रहा श्रीलंका सम्मानजनक विदाई के लिए मैच जीतने की करेगा कोशिश

**एजेंसी, पाल्लेकल**



पाकिस्तान सेमीफाइनल में जगह बनाने की अपनी उम्मीद को जीवंत रखने के लिए शनिवार को यहां वाले टी-20 विश्व कप सुपर आठ के अपने अंतिम मैच में बड़ी जीत हासिल करने की कोशिश करेगा, जबकि संघर्षरत श्रीलंका सम्मानजनक विदाई लेने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगा। पाकिस्तान का प्रदर्शन अभी तक अच्छा नहीं रहा है और वह अपने ग्रुप में तीसरे स्थान पर है। इस ग्रुप से इंग्लैंड पहले ही सेमीफाइनल में जगह बना चुका है जबकि न्यूजीलैंड और पाकिस्तान अंतिम चार में जगह बनाने की होड़ में हैं। श्रीलंका अपने पहले दो मैच हार कर पहले ही सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गया है।

अगर पाकिस्तान और न्यूजीलैंड की बात करें तो कीवी टीम बेहतर स्थिति में नजर आ रही है। न्यूजीलैंड के तीन अंक हैं और उसका नेट रन रेट (3.050) भी पाकिस्तान से बेहतर है। पाकिस्तान का अभी तक केवल एक अंक है और उसका नेट रन रेट भी माइनस 0.461 है, लेकिन पाकिस्तान के लिए अभी सारी उम्मीदें खत्म नहीं हुई हैं और वह सेमीफाइनल में जगह बना सकता है बशर्ते इंग्लैंड शुक्रवार को न्यूजीलैंड को बड़े अंतर से हरा दे और इसके बाद सलमान आगा की अगुवाई वाली टीम श्रीलंका पर बड़ी जीत हासिल कर दे। पाकिस्तान के बल्लेबाजों और गेंदबाजों के लिए अच्छा प्रदर्शन करना चुनौती है क्योंकि अभी तक टूर्नामेंट में वे अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। पाकिस्तान की तरफ से सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान ही अभी तक अच्छा प्रदर्शन कर पाए हैं। उन्होंने 70.75 की औसत से 283 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और दो अर्धशतक शामिल हैं। उनका स्ट्राइक रेट 158.10 है।

फरहान को छोड़कर पाकिस्तान की टीम का कोई भी अन्य विशेषज्ञ बल्लेबाज इस प्रतियोगिता में तिहरे अंक का आंकड़ा नहीं छू पाया है। वहीं, श्रीलंका के पास अपने उत्साही प्रशंसकों को खुश करने का यह आखिरी मौका है, लेकिन इसके लिए उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना पड़ेगा। श्रीलंका इस टूर्नामेंट का सह मेजबान है। पिछली बार जब 2011 में श्रीलंका सह-मेजबानी कर रहा था, तब वह उपविजेता रहा था। (अनंत ज्ञान)

### संभावित टीमें

**श्रीलंकाः** दासुन शनाका (कप्तान), कुसल मेंडिस (विकेटकीपर), कामिल मिशारा, पथुम निसांका, कुसल परेरा (विकेटकीपर), पवन रत्नायके, चैरिथ असलांका, दुशान हेमंथा, जेनिथ लियानगे, कामिंडु मेंडिस, दुष्मंथा चमीरा, दिलशान मदुशंका, प्रमोद मदुशन, महीश थीक्षाना, दुनिथ वेललागे।

**पाकिस्तानः** सलमान अली आगा (कप्तान), बाबर आजम, फखर जमां, ख्वाजा नफे (विकेट कीपर), साहिबजादा फरहान, उस्मान खान (विकेट कीपर), फहीम अशरफ, मोहम्मद नवाज, सैम अयूब, शादाब खान, अबरार अहमद, नसीम शाह, सलमान मिर्जा, शाहीन शाह अफरीदी, उस्मान तारिक।

## पीठ दर्द के कारण भारत सीरीज से बाहर हुईं सोफी मोलिनेक्स

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम की हरफनमौला खिलाड़ी सोफी मोलिनेक्स भारत के खिलाफ जारी बहु-प्रारूप सीरीज के शेष मुकाबलों से बाहर हो गई हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के शुक्रवार को जारी बयान में कहा गया है कि उन्हें निचले हिस्से की पीठ में दर्द (लोअर बैक पेन) की शिकायत है, जिसके चलते यह फैसला लिया गया। 28 वर्षीय मोलिनेक्स ने ब्रिस्बेन में खेले गए पहले महिला वनडे में हिस्सा लिया था, जहां उन्होंने पांच ओवर गेंदबाजी करते हुए 17 रन देकर एक विकेट लिया था। हालांकि दूसरे वनडे (होबार्ट) में वह टीम का हिस्सा नहीं हैं।

मोलिनेक्स की चोट के कारण अगले महीने होने वाली वेस्टइंडीज सीरीज में उनकी भागीदारी पर भी संशय पैदा हो गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने स्पष्ट किया है कि उनकी फिटनेस पर लगातार नजर रखी जाएगी और चिकित्सकीय मूल्यांकन के बाद ही आगे का निर्णय लिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### पिछले महीने ही बनी थीं ऑस्ट्रेलिया की कप्तान



**पिछले** महीने सोफी मोलिनेक्स को सभी प्रारूपों के लिए ऑस्ट्रेलिया महिला टीम की कप्तान नियुक्त किया गया था। वह दिग्गज खिलाड़ी एलिसा हीली की जगह संभालने वाली थीं, जिन्होंने भारत सीरीज के बाद संन्यास लेने का फैसला किया है। मोलिनेक्स ने भारत के खिलाफ तीन टी20 मैचों में टीम की अगुवाई भी की थी, जब हीली टीम में शामिल नहीं थीं।

## डीडीसीए के ओपन बॉलिंग ट्रायल में 3,500 से अधिक खिलाड़ियों ने करवाया पंजीकरण

### अगले दौर के लिए बुलाए जाएंगे प्रारंभिक चरण में चयनित खिलाड़ी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

◆ **तेज गेंदबाजों और स्पिनरों के लिए अलग-अलग मूल्यांकन सत्र**

दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने विभिन्न आयु वर्गों और कौशल श्रेणियों में चरणबद्ध ओपन बॉलिंग ट्रायल आयोजित किए, जिनमें 3,500 से अधिक खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया। इस पहल को जबरदस्त प्रतिसाद मिला है। ट्रायल आयु वर्ग के आधार पर व्यवस्थित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं।

तेज गेंदबाजों और स्पिनरों के लिए अलग-अलग मूल्यांकन सत्र रखे गए हैं, ताकि पारदर्शिता, निष्पक्षता और केंद्रित आकलन सुनिश्चित किया जा सके। इस पहल का मुख्य उद्देश्य उन प्रतिभाशाली गेंदबाजों की पहचान और मार्गदर्शन करना है, जिन्हें डीडीसीए लीग मैचों में पर्याप्त अवसर नहीं मिल पाता। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि पंजीकरण पूरी तरह निःशुल्क रखा गया। आर्थिक बाधाओं को दूर कर डीडीसीए ने हर पृष्ठभूमि के खिलाड़ियों को समान अवसर देने का प्रयास किया। प्रारंभिक चरण के बाद चयनित खिलाड़ियों को अगले दौर के लिए बुलाया जाएगा। ये खिलाड़ी एक संरचित विकास शिविर का हिस्सा बनेंगे, जहां उन्हें तकनीकी मार्गदर्शन, प्रदर्शन मूल्यांकन और दीर्घकालिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली ने कहा, 'दिल्ली ने इतिहास में कई बेहतरीन गेंदबाज दिए हैं, जिन्होंने राज्य और देश का नाम रोशन किया है। ईशांत शर्मा और आशीष नेहरा जैसे खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ी है। यह पहल ऐसे ही अगले मैच विजेताओं को खोजने की दिशा में एक कदम है।' उन्होंने कहा, 'दिल्ली में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, लेकिन कई खिलाड़ियों को सही समय पर उचित मंच नहीं मिल पाता। इस पारदर्शी और चरणबद्ध प्रक्रिया के माध्यम से हम प्रतिभा की पहचान का दायरा बढ़ाना चाहते हैं और दीर्घकालिक विकास की स्पष्ट राह बनाना चाहते हैं। डीडीसीए की उपाध्यक्ष शिखा कुमार ने कहा, 'युवा गेंदबाजों के लिए अवसर सिर्फ चयन तक सीमित नहीं होता, बल्कि यह विश्वास और दिशा देने का माध्यम भी है। हमारा उद्देश्य ऐसा वातावरण बनाना है, जहां गंभीर खिलाड़ी खुद को निखार सकें और भविष्य देख सकें। (अनंत ज्ञान)

**प्री-वेडिंग** 5 मार्च को मुंबई में होगी अर्जुन और सानिया की शादी, मशहूर हस्तियां होंगी शामिल

# सचिन तेंदुलकर के बेटे का प्री-वेडिंग समारोह शुरू

**एजेंसी, जामनगर**





सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर और सानिया चंडोक के प्री-वेडिंग फंक्शन शुरू हो गए हैं। शुरुआत गुजरात के जामनगर में अंबानी परिवार के घर पर हुई, जहां तेंदुलकर और अंबानी परिवार के सदस्य देसी रंग में नजर आए।

सचिन ने इस मौके पर बेटे को लेकर भावुक बात कही। उन्होंने कहा कि जब बेटा किसी लड़की को घर लाकर परिचय कराता है, तब पता चलता है कि बेटा बड़ा हो गया है। अर्जुन और सानिया की शादी 5 मार्च को मुंबई में होने वाली है। दोनों ने अगस्त 2025 में सगाई की थी। सानिया चंडोक ग्रैविस ग्रुप के चेयरमैन रवि घई की पोती हैं। अर्जुन की बहन सारा की करीबी दोस्त भी हैं। तेंदुलकर और चंडोक फैमिली का स्वागत करते हुए नीता अंबानी ने कहा, 'सचिन और अंजलि, आप हमेशा से हमारे परिवार का हिस्सा रहे हैं। आपकी खुशी में शामिल होकर हमारा दिल खुशी से भर गया है। मैंने अर्जुन को एक छोटे बच्चे से एक जिम्मेदार युवक बनते देखा है। (अनंत ज्ञान)

### पीएम मोदी समेत इनको भी बुलाया

**सचिन** ने अपने बेटे की शादी में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को भी न्योता दिया है। 10 दिन पहले वे दिल्ली गए थे, जहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें शादी का निमंत्रण दिया। इनके अलावा कई और हस्तियां भी इस शादी में शामिल होंगी।

### सचिन बोले- बेटे को प्यार करने वाला जीवनसाथी मिला

**कार्यक्रम** का सबसे यादगार पल तब था जब सचिन तेंदुलकर ने माइक संभाला। सचिन ने कहा- 'अर्जुन, मुझे तुम पर बहुत गर्व है। जब कोई बेटा, बेटी को घर लाता है और उसका परिचय कराता है तो पिता समझ जाता है कि बेटा अब बड़ा हो गया है। अर्जुन और सानिया एक-दूसरे के प्यार में पागल और बेहद खुश दिख रहे हैं। अर्जुन, तुम्हें ऐसा साथी मिल गया है, जो तुमसे उतना ही प्यार करता है, जितना तुम उससे करते हो।' बेटे के प्री-वेडिंग फंक्शन में स्पीच देते सचिन तेंदुलकर भावुक नजर आए। मुकेश और नीता अंबानी ध्यान से सुनते दिखे।